Chap-3

तृतीय अध्याय : राजस्थानी लोकगीत

क्षेत्र विस्तार : हिंदी क्षेत्र की भाषाओं में राजस्थानी बड़ी ही समृद्ध और महत्वपूर्ण भाषा है। इसके उत्तर में पंजाबी, दक्षिण में गुजराती, पश्चिम में सिन्धी और पूर्व में कौरवी और ब्रज भाषा का क्षेत्र पाया जाता है। पश्चिम में राजस्थान की सीमा पाकिस्तान को छूती है।

उपभाषाएँ:[1] डॉ. मोतीलाल मेनारिया के अनुसार राजस्थानी भाषा की निम्नलिखित बोलियाँ अथवा उपभाषाएँ प्रसिद्ध हैं :

(1) मारवाड़ी (2) ढूढ़ाडी) (3) मालवी (4) मेवाती और (5) बागड़ी। इसमें मारवाड़ी का साहित्य सर्वाधिक समृद्ध है। राजस्थान की बोलियों की अधिकता के सम्बन्ध में यह दोहा प्रसिद्ध है-

बारस कोसाँ बोली पलटै; बनफल पलटै पाकाँ।
तीसां, छत्तीसां जोबन पलटै; लखण न पलटै लाखाँ।

मारवाड़ी राजस्थानी की बोलियों में सबसे प्रमुख है। आदर्श राजस्थानी का रूप इसी बोली का एक विकसित रूप है।

प्राचीन इतिहास:[2] राजस्थान का इतिहास बहुत प्राचीन है और भारतीय इतिहास के मध्यकाल में इसका अत्यधिक महत्व था। इतिहास में इस युग को 'राजपूत काल' कहा है। राजस्थान की धरा सदैव से भारत को वीर-प्रसविनी भूमि रही है। बप्पा रावल, राणा साँगा और महाराणा प्रताप ने जन्म लेकर इस भूमि को गौरव प्रदान किया है। अतएव इस प्रदेश में प्राचीन वीरों के शौर्यपूर्ण कार्यो की प्रशंसा में गाए जाने वाले गीतों की बहुलता का होना स्वाभाविक है। साथ ही श्रृंगार प्रधान गीतों की प्रचुरता भी मिलती है। सुप्रसिद्ध महारानी पद्मिनी की वीरतापूर्ण जौहर की गाथा से कौन अपरिचित है जिन्होंने अपने सतीत्व की रक्षा हेतु धधकती अगन ज्वाला में कूद अपने प्राणों का बलिदान दिया। धन्य है पद्मिनी और धन्य है वीरभूमि राजस्थान। नरोत्तमदास स्वामी ने 'राजस्थान रा दूहा' (दो भाग) का संपादन बडी योग्यता के साथ किया है।[3] नरोत्तमदास स्वामी, श्री सूर्यकरण पारीक और ठाकुर रामसिंह के द्वारा 'राजस्थान के लोकगीत' का संग्रह तथा संपादन दो भागों में हुआ है।[4] 'राजस्थान के ग्राम गीत' के संपादक श्री नरोत्तम स्वामी हैं, जिन्होंने बड़े आयास के साथ इन गीतों को अकाल काल कवलित होने से बचाया है। स्वर्गीय श्री सूर्यकरण पारीक ने 'राजस्थानी लोकगीत' नाम से सुंदर पुस्तक की रचना की है जिसमें उक्त प्रदेश के गीतों की विवेचना समास शैली में की गई है।[5] डॉ. सूर्यकरण पारीक का मानना है व मैं भी उनसे सहमत हूँ कि - लोकसाहित्य की उपज के लिए भारतवर्ष से बढ़कर उर्वर दूसरा देश पृथ्वीतल पर शायद ही कोई रहा है। इस देश के हर एक प्रांत में, हमारी प्रादेशिक बोलियों में हजारों गीत अब भी प्रचलित हैं। यह अमर संपत्ति धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है, इसे हमें बचाना होगा।

---

1. डॉ. मोतीलाल मेनारिया
2. हिन्दी प्रदेश के लोक (ग्राम) गीत
3. पिलाणी राजस्थानी सीरीज, जयपुर
4. राजस्थान रिसर्च सोसायटी (1938), कलकत्ता
5. लोकसाहित्य की भूमिका : डॉ कृष्णदेव उपाध्याय

राजस्थानी लोकगीतों की विशेषता :[1]

हम लोग जिस युग में जी रहे हैं, वह विज्ञान और कम्प्यूटर का युग है। नित नई खोजें जो विज्ञान पर आधारित हैं, उस पर सभ्यता की विशाल इमारत खड़ी की जा रही है। इसी बाहरी चमक-दमक और चमत्कारों से प्रभावित हो मानव समाज अपनी आंतरिक द्रष्टि से दूर जा रहा है। नैसर्गिक व सादे जीवन से परे हटता जा रहा है। पुराने समय में मानव प्रकृति से जुडा प्रकृतिमय हो जीवन बिताता था जिसमें बाहरी दिखावे से वह कोसों दूर था। कृत्रिमता, झूठा दिखावा कहीं न था। ऐसे में कविता का स्वाभाविक, नैसर्गिक प्रवाह बहता था। उसका अवशिष्ट रूप आज हमें लोकगीत अथवा लोककाव्य के रूप में मिलता है। लोकगीत, लोंक द्वारा, लोक के लिए बनी हुई प्राकृतिक कविता है, जिसमें लोक के हृदय का निश्छल अभिव्यंजन हुआ है। मानवजीवन का कोई ऐसा पक्ष नहीं, कोई ऐसा विषय नहीं, जिस पर लोकगीतों की मधुर, स्वर्गिक रोशनी या छाया न पड़ी हो। हमारे समस्त जीवन की अभिव्यक्ति यदि कहीं है तो वह लोकगीतों में। लोकगीत हमारे जीवन के प्रत्येक क्षण के साथी हैं।

राजस्थान प्रदेश लोक साहित्य की संपत्ति में किसी से कम नहीं है। राजस्थान का लोकगीत भंडार खूब भरापूरा है, संस्कारयुक्त है, आदर्शमय है और अपनी उत्तमता, विशुद्धता और मनोरमता के बल पर वह किसी भी प्रांत, देश अथवा भाषा के लोक साहित्य से टक्कर ले सकता है। राजस्थान के प्राचीन लोकगीत ही उत्तम हैं, सुरुचि संपन्न हैं, सत्साहित्य हैं और वही राजस्थान के लोकगीत कहलाने के अधिकारी हैं। उन्हीं को लक्ष्य करके यह उक्त विधान किया है।[2]

संपूर्ण संस्कृति में परिव्याप्त तथाकथित लोकमानस की सुख-दुःखमयी अनुभूतियों की सामूहिक भाव-भीनी गेय अभिव्यक्ति ही लोकगीत हैं।[3] लोकगीतों के बृहत क्षेत्र में प्रकृति, धरती और अनंत आकाश तो क्या मानव-मन की अनन्त कल्पनाओं का समावेश हो जाता है। नर और नारी के सभी रूप (पुत्र, मित्र, भाई, पिता, पति, माता, पुत्री, बहन, बुआ, सहेली, ननद, पत्नी, बहू, देवरानी, जेठानी आदि) इन गीतों में निरुपित हैं। कर्तव्य और मर्यादा क़ा बोध इन्हीं से कराया जाता है। ''मानव का शैशव लोरी के बहाने यहीं सोता है, यौवन इन्हीं के माध्यम से प्रेमोन्माद में प्रमत्त रहता है और वार्धक्य जीवन-यात्रा से श्रान्त हो इन्हीं गीतों से मन बहलाया करता है। ये लोकगीत लोक लीक के खींचनहार और प्रेमी हृदयों को प्रेम जल से सींचनहार हैं।''[4]

धर्म भावना का प्रचार इन्हीं से संभव है। कुरीतियों, अंधविश्वासों के उल्लेख के साथ-साथ उनका विरोध भी ये गीत ही करते हैं। ये लोकगीत पीडित हृदय को शांति प्रदान करते हैं, तिरस्कृत को संबल प्रदान करते हैं, पथ से भ्रष्ट हुओं का सही मार्ग निर्देशन करते हैं, श्रम की थकान को दूर करते हैं। ये गीत मानव जाति के जन्म जितने प्राचीन एवं नवजात शिशु जितने नवीन हैं। इन गीतों में मानव संस्कृति का संपूर्ण चित्रण मिलता है। इन लोकगीतों में हृदय की सरलता पराकाष्ठा पर वर्णित है।

---

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 1 से 7
2. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 6
3. राजस्थानी लोकसाहित्य का सैद्धांतिक विवेचन : डॉ. सोहनदान चारण
4. राजस्थानी लोकसाहित्य का सैद्धांतिक विवेचन : डॉ सोहनदान चारण

देश का सांस्कृतिक चित्रण इन्हीं गीतों में हुआ है। ऐतिहासिक वृत्तांतों ने परोक्ष अथवा प्रत्यक्ष रूप से यहीं यथार्थ स्वरूप ग्रहण किया है। लाला लाजपतराय के शब्दों में – 'देश का सच्चा इतिहास और उसका नैतिक और सामाजिक आदर्श इन गीतों में ऐसा सुरक्षित है कि इनका नाश हमारे लिए दुर्भाग्य की बात होगी।'[1]

राजस्थानी संस्कृति अपनी सतरंगी आभा के कारण अत्यंत निराली व अनूठी है। राजस्थानी भूमि को यहाँ की ऐतिहासिक उर्जा ने बहुआयामी तेजस्विता से आलोकित किया है। ''यहाँ शौर्य की उर्जस्विता, प्रेम की मधुरता, भक्ति की पवित्रता, शरणागत-वत्सलता की पवित्रता, मन व आचरण की विशुद्ध शीतलता, कष्ट सहिष्णुता का ताप तथा स्वाभिमान की रक्षा की उष्णता एक साथ दिखलाई देती है।'[2]

हजारों मील तक फैला लू की लपटों से लहराता रेतीला समुद्र और सैंकडों कोसों तक फैली अरावली की हरीभरी पहाडियों के बीच अपने स्वाभिमान की रक्षा हेतु, स्वतंत्र चेतना की रक्षा हेतु कभी सरलता से अपने प्राणों को न्योच्छावर किया है तो कभी धर्म रक्षार्थ सिर कटाने में भी झिझक महसूस नहीं की। ''यहाँ शीश कटने के बाद भी युद्ध लड़ते हैं और सतीत्व की रक्षार्थ धधकती ज्वाला चंदन रूप शीतल प्रतीत होती है। राजस्थानी लोकगीतों में 'स्व' नहीं 'सर्व', 'अहम्' नहीं 'इदम्', 'व्यष्टि' नहीं 'समष्टि' का संकल्प है।'[3]

राजस्थानी लोकगीतों की दुनिया में भारतीय संस्कृति के सारे आदर्शो की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति तथा चिंतन की सूक्ष्म सत्ता की व्यापकता भली भाँति परखी व समझी जा सकती है। इन गीतों में सांस्कृतिक आह्लाद कण-कण में प्रकाशित होकर अखंड ब्रह्मांड की व्याप्त लोकमानस की सुखद-दुखद अनुभूतियों की सरस रागात्मक अभिव्यक्ति होती है। ''इन लोकगीतों में मानव की भावनाएँ, हर्ष-उल्लास' शोक-विषाद, प्रेम-इर्ष्या, भय-आशंका, घृणा, ग्लानि, आश्चर्य, विस्मय, भक्ति, निवृत्ति आदि भाव सरल एवं विशुद्ध रागात्मक रूप में प्रकट होते हैं।''[4]

राजस्थानी लोकगीतों का वर्गीकरण :

राजस्थानी लोकगीत राजस्थानी जनता के स्वाभाविक साहित्यिक उद्‌गार हैं जिनका उद्‌भव सुख-दुख, वीरता और हर्ष-शोक आदि अलग-अलग अनुभूतियों के परिणामस्वरूप हुआ है। इन लोकगीतों का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। अतः अध्ययन की सुविधा के लिए इनको वर्गीकरण की रेखाओं में बाँटना आवश्यक है। यद्यपि वर्गीकरण की सीमारेखा में लोकगीतों को बाँटना कठिन कार्य है। भिन्न-भिन्न विद्वानों ने इसका वर्गीकरण अपने ढंग से किया है। डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया ने इन गीतों का वर्गीकरण निम्न रूप से किया है[5]-

---

1. कविता-कौमुदी, भाग 5, रामनरेश त्रिपाठी, पृ 77 (लाला लाजपतराय के पत्र से उद्‌धृत)
2. राजस्थानी - डॉ. नंदलाल कल्ला (पुराने भारतीय लोकगीत : सांस्कृतिक अस्मिता), स. डॉ. सुरेश गौतम
3. राजस्थानी - डॉ. नंदलाल कल्ला (पुराने भारतीय लोकगीत : सास्कृतिक अस्मिता), सं. डॉ. सुरेश गौतम
4. राजस्थानी - डॉ. नंदलाल कल्ला (पुराने भारतीय लोकगीत : सास्कृतिक अस्मिता), सं. डॉ सुरेश गौतम
4. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तम मेनारिया, पृ 148

लोकगीत

|------------ |---------------|

धार्मिक लोकगीत

१. संस्कारों के लोकगीत
२. देवी-देवताओं के लोकगीत
३. व्रतों के गीत
४. रातीजगों के और स्फुट गीत

मनोरंजनात्मक लोकगीत

१. त्यौहारों के गीत
२. ऋतुओं के गीत
३. क्रीड़ाओं के गीत
४. फुटकर गीत

डॉ. कृष्ण देव उपाध्याय ने अपनी पुस्तक लोकसाहित्य की भूमिका में राजस्थानी लोकगीतों का वर्गीकरण निम्न रूप से किया है।[1]

1. संस्कार संबंधी लोकगीत

- पुत्र जन्म
- मुंडन
- यज्ञोपवित
- विवाह
- गवना
- मृत्यु

2. ऋतु संबंधी गीत

- कजली
- हिंडोला
- होली
- चैता
- बारहमासा

3. व्रत संबंधी गीत

- नागपंचमी
- बहुरा
- गोधन
- पिंडिया
- छठी माता

4. जाति संबंधी गीत

- अहीरों के गीत
- दुसाधों के गीत
- चमारों के गीत
- गोंडो के गीत
- कहारों के गीत

---

1. लोकसाहित्य की भूमिका : डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, पृ. 31-32

- धोबियों के गीत

5. क्रिया संबंधी गीत

- रोपनी
- सोहनी
- जँतसार
- चरखा

6. विविध गीत

- झूमर
- अलचारी
- पूर्वी
- निर्गुण
- भजन
- खेल

इनके अलावा राजस्थानी लोकगीतों के विद्वान पारखी पं. सूर्यकरण पारीक ने अपनी पुस्तक राजस्थानी लोकगीत में इनका क्षेत्र विस्तार बताते हुए इन्हें उनतीस भागों में विभक्त किया है।[1] और इन्हीं के वर्गीकरणानुसार मैंने अपने गीतों को रखने का प्रयास किया है। इन वर्गीकरणों को देखने के पश्चात् हम लोकगीतों के मूल विषय पर आते हैं। सर्वप्रथम हम देखेंगे देवी-देवताओं और पितरों के गीत।

(1) देवी-देवताओं और पितरों के गीत :

यथा भगवान गणेश विनायकजी का गीत। राजस्थान में कोई भी कार्य आरंभ करने से पहले विघ्न विनाशक गौरीनंदन गणपति देव की आराधना की जाती है। जैसे उदाहरणतः-

गौरी को नंद गणेश मनावां
हिड़दै में सारद माई रै'जी
निवन करां म्हारे गुरां पितरां नै
गुरु म्हाने ग्यांन बताई
दिल का दाग परै कर भाई, रै जी।[2]

अर्थात् गौरी के नंद (सुत) गणेशजी को मनावें, हृदय में शारदा माई रहे। हमारे गुरु व पितरों को हम नमस्कार करते हैं। गुरु ने हमें ज्ञान बताया, दिल का दाग दूर करो भाई।

इसके अलावा विवाहादि मांगलिक अवसरों पर स्त्रियाँ विनायक का इस प्रकार स्मरण करती हैं-

अेक कोथलड़ी द्रब देइयो विनायक, लाडले के बाप नें।
वै तो खाय खरचै सो धन विलसै, जस रहवे परवार में।

---

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ 22 से 25 तक
2. राजस्थानी का इतिहास : पुरुषोत्तम मेनारिया, पृ 164

अेक जीभलडी जस देइयो विनायक, लाडले की माय नें।
वा तो मीठी सी बोलै निवँकर चालै, जस रहवे परवार में।
अेक गाजत घूमत आवो विनायक, साँवणिया के मेह ज्यूँ।
अेक भर्‌यो ए वतूळो आवो विनायक, बिणजारा के बैल ज्यूँ।
अेक तीन बसत निभाइयो विनायक, पवन, पाँणी, वसुन्धरा।
तूँ तो अली-गली मत जाइयो विनायक, सीधो ही आइयो सामी साल में।
गणपत पूजै लाड़लड़ैरी माय सवागण, ज्याँ घर विड़द उतावळी ॥[1]

अर्थात् हे गणपति, लाड़ले वर के पिता की थैली में द्रव्य भरो, जिससे वह खूब खावे, खरचे और ऐसा विलास करे जिससे परिवार की यशवृद्धि हो। हे विनायक, लाड़ले की माता की जीभ को यश देना, वह विनम्र होकर चले, मीठी बातें बोले, जिससे परिवार का यश बढ़े। हे विनायक, सावन के जल भरे मेघ की तरह गरजते-घूमते आओ, बनजारे के सामग्री से लदे बैल की तरह रिद्धि-सिद्धि से भरे भराए आओ; सर्वसुहागिन स्त्री के सँवारे हुए शीश की तरह सज-धज कर आओ। तुम्हारी कृपा से गृहस्थ में कभी इन तीन वस्तुओं की कमी न हो - स्वास्थ्यप्रद पवन, जीवनप्रद जल और अन्नधन देने वाली वसुंधरा। हे विनायक, तुम टेढ़े-मेड़े, अली गली में मत चले जाना; सीधे हमारे घर आना। गूगल धूप की सुगंधित वास आ रही है; कहो तो किस सुहागिन ने गणपति की पूजा की है? यह पूजा लाड़ले की सौभाग्यवती माता ने की है, जिसके घर में उनकी कृपा से खूब वृद्धि और मंगल हो रहा है।

जीण माता : जीण माता राजस्थान की सुप्रसिद्ध देवी हैं। इनका मंदिर राजस्थान में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल माना जाता है। यह मंदिर शेखावटी के पहाड़ों में अवस्थित है। इस स्थान से कुछ दूरी पर हरस का पहाड़ है। जहाँ हरसनाथ भैरव का स्थान है। जीण माता का गीत राजस्थानी लोक साहित्य की अपूर्व निधि है। इनकी लोक गाथा अत्यंत विस्तृत तथा लम्बी है। अतः इसका कुछ ही अंश यहाँ उद्‌धृत किया जाता है-

हरसा बीर मेरा रा, के थारे घर में रै पाँति माँगती?
के थारो लेती राज बँटाय?
जामण का रै जाया, किस विध विड़ारी रै छोटी भाण नै।
हरसा बीर मेरा रे, के तो मैं लेती धरम की चूनडी।
के तो मैं लेती आंगी बांय।
मेरी मा का रै जाया, देतो तो लेती रे पगांरी मोचड़ी।[2]

अर्थात् - हर्षा! (भाई) क्या मैं तुम्हारे घर में हिस्सा माँगती थी अथवा तुम्हारा राज्य बँटाती थी ? फिर छोटी बहन को इस तरह क्यों निकाल दिया? यदि तुम देते भी तो मैं चुन्दरी या कोई अंगिया, कंचुकी ले लेती अथवा अधिक से अधिक जूतियों की एक जोड़ी ही तो लेती?

---

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 23 से 24
2. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1 - गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 97

SMT. HANSA MEHTA LIBRARY
The M. S. University of Baroda

हरसा बीर मेरा रै! मारुंगी बादस्या नै गलघोट।
जामण कारै नाया! भूंरां कटवांवू रै जारी चामडी ।।
जीण जुग बाली ये! मारयां तो लागै थांने पाप।
भूंरां की ये राणी ।।
कुल में थे बाजो ये मिनख बिनासणी।
जीण जुग वाली ये जद हट वोल्यो यूं दिली रो बादस्या।
गुन्नो तो बगसो म्हांनै भूंरां की ये राणी ।
सेवक तो पडियो ये थारै बारणै।
जीण जुग बाली ये। ओटा चिणवांवूं ये मिंदर देवरा ।।
डूंगी घरवाद्यूं जांरी नीव
म्हांरी आद भुवानी ये। नीर छिड़का दूं गंगा माय रो ।।
जीण मेरी माता ये। नौपत चढ़वाय म्हांरी आद भुवानी ।।
जगमग जगवाद्यूं ये थारै देवरै।[1]

अर्थात् - जीवनी (जीण) माता ने कहा - भाई हर्ष मैं बादशाह को गला घोंट कर मारुंगी। उसकी चमड़ी भिंडो से कटवा डालूंगी। हर्ष ने कहा - बहिन जीवनी! उसे मारने से तुम्हें पाप लगेगा, संसार में तुम मनुष्य विनाशिनी कहलाओगी।

दिल्ली के बादशाह ने कुछ होश में आ कहा -

है भ्रमरों की रानी। (स्वामिनी) मेरा यह अपराध क्षमा करो। दास द्वार पर पड़ा है। हे देवी जीवनी। मैं मंदिर को चुनवा दूंगा। गंगाजल छिड़क दूंगा। माँ तेरे मंदिर में नौबत चढ़वा दूँगा। सोने के छत्र और कलश समर्पण कर दूँगा। ऊँचे बाँस पर ध्वजा बँधवा दूँगा, नौ मन का दीपक घडवा कर उसमें दस मन का तेल डलवा दूँगा। देवमंदिर जगमग करता रहेगा।

शीतला माता :

शीतला माता चेचक की अधिष्ठात्री देवी हैं। शीतला सप्तमी को ठंडा भोजन करने से (चेचक) नहीं निकलती है। शीतला पूजन का त्यौहार प्रांत व्यापी रूप में मनाया जाता है और शीतल माता के गीत गाये जाते हैं।

गीत : माता रे देवरे चढ़तां तमणयों सरक्यो ए मांय।
तेड़ो सोनीड़ा रो बेटो तमणयो ले आवे ए मांय।
पेरे मारी आद भवानी ऊँठाळा रानी।
बालूड़ा रखवारी ए मांय।
माता रे देवरे चुड़लो तडक्यो ए मांय।
तेड़ो खैरादी रो बेटो चुड़ला ले आवे ए मांय।

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1 - गंगाप्रसाद कमठान, पृ 114-115

पेरे मारी आद भवानी , ऊँटाला री राणी ।
बालूड़ा रखवारी ए मांय ।
माता रे देवरे चत्रतां झांझर खुलग्या ए मांय ।
तेड़ो सोनीड़ा रो बेटो झांझर ले आवे ऐ मांय ।
पेरे मारे आदभवानी ऊँटालारी राणी,
बालूड़ा रखवारी ए मांय ।
बालूड़ा रखवारी भवानी खेडा रखवारी ए मांय ।[1]

अर्थात् - माता के मंदिर पर चढते समय टेवटा (गले का सर्वण हांस) सरक गया। सुनार के बेटे को भेजो, टेवटा ले आए। मेरी आद्य भवानी, ऊँटाला की रानी, बालकों की रक्षक माता पहन रही है। माता के मंदिर पर चढ़ते चुड़ला (वलय) के तरेड़ हो गई है। हे माता! खरादी के बेटे को भेज दो, जो चुड़ला ले आवे। मेरी आद भवानी, ऊँटाला की रानी, बालकों की रक्षक पहन रही है।

माता के मंदिर चढ़ते बिंछिए खुल गए। अतः सोनी के पुत्रों को भेजो, जो बिंछिए ले आए। मेरी आद भवानी ऊँटाला की रानी, बालकों की रक्षक माता पहन रही है। बालकों की रक्षक माता, ग्राम की रक्षक माता।

शीतला माता का गीत :

एक गाँव में शीतला का प्रवेश हो गया है, एक ग्रामीण के छोटे बालक हैं। स्त्री अपने पति से गाँव छोड़कर अन्य गाँव को चले जाने के लिए सानुरोध सादर प्रार्थना करती है-

'हमै कांई करसाँ ओ हालरिया रा बाप,
माताजी चमकिया देस में।
गाड़ी जोतू ओ हालरिया री माय,
थे थाँरे जाऔ बाप रे॥
गाड़ी जोती ओ हालरिया रा बाप,
ऐ गधो पिलाणियो देवी सीतला।
मारग चाले ओ हालरिया रा बाप (ओ),
आ ऊजड़ चाले देवी सीतला॥
चंवटे उतरिया हालरिया रा बाप,
ओराँ में उतरी सीतला।
गीगो बैठो नानों-सा री गोद ए,
माताजी चमकिया देस में।
ठंडो राँदो ओ हालरिया री माय ऐ,
माताजी पूजो सीतला।

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1 - गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 119-120

ठंडो झोली देसी माता सीतला ॥''[1]

सती माता का गीत :

सती माता! काठोड़ा रा बाजा बाजिया,
मोटाँ री जायी।
सती माता बिलाड़ा गढ़ रा बाजा बाजिया।
बिलाड़ा गढ़ रा घुरिया है नीसाँण ।
सैयाँ बीठोंड़ा रा बाजा बाजिया ॥
सती माता माथो तो धोयो पीली मेट सूँ
सती माता चोपड़ियो तेल (ए) चम्पेल,
मोटाँ री जायी ॥
सती माता मोतीड़ाँ री मांग भरावो;
मोटाँ री जायी ॥
सती माता राम भजो नै घोड़े थे चढो।
सती माता पेई तो खीली प्रेम री।
सती माता सजिया, सोल्ह सिंणगार।
सती माता ओ रोटियाँ पोवंतां करियो एड़ो विचार।[2]

सूर्यनारायण गीत (मारवाड़ी)

उग्यो-उग्यो के करो सुहेल्यो है
उग्यो राजा शिवजी को पूत सुहेल्यो है ॥
उग्यो राणी राणजी को कंथ सुहेल्यो है।
काला काला के करो सुहेल्यो हे,
काला रानी राणजी का केश सुहेल्यो है। उग्यो
तीखा तीखा के करो सुहेल्यो हे
तीखा राणी राणजी का नैन सुहेल्यो है।
गोरो गोरो के करो सुहेल्यो हे,
गोरो गोरो राणी राणजी को गात सुहेल्यो है।
बाबा घर गोर्याछ निशान सुहेल्यो है।
बीरां घर आन्द उछाब मुहेल्यो है,
उग्यो राजा का शिवजी को पूत सुहेल्यो है,
उग्यो राणी राणजी को कंथ सुहेल्यो है।[3]

1-2. राजस्थानी लोकगीत : शिवसिंह चोयल, पृ. 10-11, 12-13
3. मारवाड़ी गीत संग्रह : विश्वनाथ बुधिया, पृ. 32

साकम्भरी माता (मारवाडी गीत)

काये को तेरो भवन भवानी, साकम्भरी माता काये को दरवाजो।
सोने को तेरो भवन भवानी, रूपै को दरवाजो। तेरो भवन
मेरी माता भोग लगत है, भोग लगै सीरै को। तेरो भवन ..
माता बिपर जीमत है, मेरी जै जै मैया
रोक रूपयो दिछणा को। तेरे भवन...
मेरी माता जाती भी आवै,
जात्यांरी जोड़ सवाई। तेरे भवन मेरी माता
जातण भी आवै बांकी गोद सुरंगी महापत
राखल्यो भगता की सदापत
स्हाय थो सेवकांकी।..[1]

अर्थात् - हे साकंभरी माता, हे भवानी। तेरा भवन किसका बना है और दरवाजा किसका बना है? सोने का तेरा भवन है और रूपा का दरवाजा। मेरी माता तेरे भवन में भोग शीरे (हलुवे) का धराया, लगाया जाता है। तेरे भवन (दरबार) में निर्धन लोग भोजन करते हैं। मेरी माता की जय हो, रोकड़ा रुपिया दक्षिणा रूप में।

जीण माता (मारवाड़ी गीत)

माता के भवन मैं जीओ, नरेलारो बिडलो नरेलारो बिडले म्हारी जीणमाता बस रही।
माता की भवन मैं जीओ, सुपारी रो बिडलो, लूंगारे विड़ले जीण माता बस रही।
माता न ध्यावजी ओ सदा सुख पावै जीवो भोत सुख पावै,
जीवो भोत आनन्द पावै जाकै तो हृदय म्हारी जीण माता बस रही।[2]

शीतला माई (मारवाड़ी गीत)

काये का तेरा गाडी, ये पैया तो काये का बैल जुडाऊँ।
सुरई का बैल जुडाऊँ, ये मेरी ठण्डी रानी तेरा ही गुण गाऊँ
जै चढ़ आवे कलकत्ते की माता, भर कुंडवारो तनै पूजूये मेरी ठण्डी रानी, तेरा ही गुण गाऊँ
जै चढ़ आवै गुडगावां की माता, तो सिर पर सिगडी ल्याऊँ ये मेरी ढण्डी रानी तेरा ही गुण गाउँ।
जै चढ आवै राजगढ़ की माता, भरकुंडवारौ तने पूजूये मेरी ठण्डी रानी तेरा ही गुण गाऊँ।[3]

सत्यनारायण का गीत :

धिन घडी धिन भाग म्हारे सत्यनारायणजी आया ए।
सतनारायणजी आया म्हारे धन धन लिछमी लाया ए।
पूरण म्हारो भाग म्हारे प्रभूजी मंदर पधार्‌या ए।

1-2-3. मारवाड़ी गीत संग्रह - विश्वनाथ बुधिया, पृ. 40,41

म्हारै आंगण में चन्दन लिपावो जी।
गजमोतियन के चौक पुरावो जी, म्हारे कुंभ कळश ले आवोजी।
धिन घडी धिन भाग म्हारे सतनारायण जी आया ए।
म्हारै गोद झडूल्यो लाया ए। धिन घड़ी।[1]

बजरंग का गीत :

लाल लंगोटो हद बण्यो रे, तिलक बण्यो असमान,
सारां पहली रे, अंजणी को हणमान।
पहली कुण मनाइये रे, किए का लीजै नाम ,
माता पिता गुरु आपणा रे, पाछै हर को नाम।
सारां पहली सुमरिये रे, गौरी पुत्र गणेश,
पांच देव रिछ्या करै रे, बिरमा, विष्णु, महेस ।।[2]

गंगा स्नान कर आने के बाद भी राजस्थान में रात्रिजागरण कराने की परंपरा है। रात्रि जागरण को 'रतजगा' या 'रातीजगा' भी कहा जाता है। रातीजगा में 'गंगाजी' संबंधी लोकगीत गाए जाते हैं. उदाहरणतः

सांपड़ आया, भजन कर आया तो लीनो छै हरिनाम
प्रयागजी में सांपड़ आया।
चांवल रांधूली ऊजला, हरि सांपड़ आया।
तो हरिया मूंगां की दाल, धाराजी में सांपड आया।
घी बरताऊंली बावड़्यां, हरि सांपड़ आया,
तो ढ़ब से परसूंली खांड, धाराजी में सांपड़ आया।
जीमत निरखूंली आंगली, हरि सांपड़ आया,
बीजा तो पूरको बीजणी, हरि सांपड़ आया।
तो गढ़ मुथराजी को छै थाल, धाराजी सांपड़ आया।
ओछा तो पागा री ढोलणी, हरि सांपड आया।
तो उलट-पुलट की छै सौड, धाराजी में सांपड आया।[3]

अर्थात् - स्नान कर आए, भजन कर आए, तो लिया है हरि का नाम। प्रयागजी में स्नान कर आए। तुम्हारे लिए उजले चावल बनाऊँगी। हरिजी स्नान कर आए तो हरे मूंगों की दाल बनाऊँगी। धाराजी में स्नान कर आए तो ऊपर घी और चतुराई सेशक्कर परोसूंगी। धाराजी में स्नान कर आए, जीमते समय अंगुली देखूंगी, विजयपुर को पंखी करुंगी। गढ़ मथुराजी के थाल हैं, धाराजी में स्नान कर आए। छोटे पायों की ढोलनी खाट है तो उलट-पुलट की सोड़ हैं। धाराजी में स्नान कर आए।

1-2. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल, पृ 76
3. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 164-165

भोमियाजीः

'भोमियाजी' को भी देवताओं की श्रेणी में रखा जाता है। उनकी प्रशंसा का निम्न गीत है-

सरवर आवे, भोमिया सरवर जाय,
घुडला डकावे सरवरिया पाल।
तीखा सा नैणा रो भोम्यो प्यारो लागे।
जुगल म्हारा दिवला जुगल थारी बात।
काए को दिवलो, काये री बात?
काये रो धीरत बले सारी रात?
सोना रो दिवलो रेशम री बात,
सुरीली रो धीरत बले सारी रात।
भर सुवागण जोयो चौदस की रात,
तीखा सा नैणारा भोम्या प्यारा लागो राज।[1]

अर्थात्- भोमिया सरोवर आता है, सरोवर से जाता है। सरोवर की पाल पर घोडा कूदाता है। तीखे नयनों का भोमिया प्यारा लगता है। जुगल मेरा दीपक और जुगल तेरी बाती। किसका दीपक है और किसकी बाती है? किसका घी है जो सारी रात जलता है? सोने का दीपक है और रेशम की बाती है और सुरीली का घी सारी रात जलता है। सुहागिन ने दीपक को चौदस की रात जलाया है। तीखे नयनों का भोमिया प्यारा लगता है।

राव तेताजी : राव तेताजी का गीत इस प्रकार है -

कल में तो दोउ फुलडा बड़ा जी, एक सूरज दूजो चांद हो।
बासक राओ, तेताजी थे बड़ा जी,
सूरज री किरणां तपै जी, चन्दा री निरमल रात हो।
इन्दर तोबरसावे जी, धरती में निपजैला धान हो।
मायड़ जण जनम दीना, बाप लड़ाया छै लाड़ ओ।[2]

अर्थात् कलयुग में दो फूल बडे हैं। एक सूरज और दूसरा चाँध. वासुकि राव तेताजी तुम बड़े हो। सूरज की किरणें तपती हैं और चाँद की निर्मल रात होती है। इन्द्र बरसेगा और धरती में धान उत्पन्न होंगे। जिस मां ने जन्म दिया और जिस बाप ने प्यार किया, उसको धन्य है।

इस प्रकार देवी-देवताओं से संबंधित गीत राती-जगा (रात्रि जागरण) के समय विशेषतः गाये जाते हैं। पृथक-पृथक मांगलिक अवसरों पर भी गाये जाते हैं।

1-2. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 165-166

(2) ऋतुओं से संबंधित गीत :

ऋतु-संबंधी गीत वैसे तो सभी ऋतुओं के मिलते हैं, परंतु राजस्थान में सर्वोपयोगी और सर्वसुंदर ऋतु वर्षा होने के कारण, वर्षाऋतु के गीत बहुत हैं और वे बहुत सुंदर व मनोहारी हैं। अन्य ऋतुओं के गीत बहुत थोड़े हैं। वर्षाऋतु का आनंद गाँवों में अधिक अनुभव किया जा सकता है। वर्षा होते ही गाँव के बच्चे-बच्चे की हृदय कली खिल उठती है और उनका हृदय स्वतः गा उठता है। इधर उमड़ी हुई बदली, उधर उमड़ा हुआ हृदय - फिर गीतों की क्या कमी। वर्षा का आगमन हो चुका। बालिकाओं का झुंड घरों से बाहर निकल आंगन में गाता है-

वर्षाऋतु :

मोटी मोटी छांट्या ओसर्‌यो ए बदली, ओसर्‌यो ए बदली। (कोई) जोडा ढेलमढेल।
सुरंगी रूत आई म्हारे देस। भली रूत आई म्हारे देस।
ओकुण बीजे बाजरो ए बदली। बाजरो ए बदली।
ओ कुण बीजे मोठ मेवा मिसरी। सुरंगी रुत आई म्हारे देस। भली रुत.. ॥
ईसर बीजे बाजरो ए बदली। कानू बीजे मोठ मेवा मिसरी।
सुरंगी रुत आई म्हारे देस। भली रूत... ॥
ढहराँ ढहराँ काकडी ए बदली। (कोई) धोराँ गुड़स मतीर मिसरी।
सुरंकी रुत आई म्हारे देस। भली रुत आई म्हारे देस॥ [1]

अर्थात्- मोटी मोटी बूँदो वाला मेघ उमड़-घुमड़ कर बरसना शुरु हुआ है। ताल तलैया ठेलमठेल भर कर उतरा रहे हैं। हमारे देश में ये कैसी भली, कैसी मनोहर ऋतु आई है। इस ऋतु में मेवा और मिश्री के समान मीठे बाजरे और मोठ को यह कौन बो रहा है? अहा क्या सुंदर ऋतु आई है! भैया ईसर बाजरा बो रहा है औड़ भाई कानू मेवा-मिश्री के समान मीठे मोठ। नीची भूमि पर ककड़ी बोई जा रही है और टीबों पर गुड़ जैसे मीठे मतीरे। बलिहारी जाऊँ कैसी मनोरम ऋत आई है मेरे देश में!

शीतकाल :

राजस्थान के सूखे जलवायु में कड़ी से कड़ी शीत और कड़ी से कड़ी गरमी पडती है। राजस्थान में एक प्रचलित जनश्रुति है-

स्याले तो सीकरी भली, उन्हाळे अजमेर।
नागाणो तो नित भलो, सावण बीकानेर।[2]

वैसे तो विरहिणी के लिए हर एक ऋतु घातक होती है, परतु जाड़ा असहनीय होता है। गीत इस प्रकार है-

---

1-2. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 48,49

गीत : जाडो तो पडियो नणद बाई डूँगराँ
मारया मारया दादर मोर।
किस विध भुगताँ नणद बाई जाडे नें ॥
जाड़ो तो पड़ियो नणद बाई ढहराँ में।
मारया मारया हिरण पचास। किस विध...
जाडो तो पड़ियो जी नणद बाई बागाँ में।
मारया मारया दाड़म दाख॥ किस विध..
जाडो तो पड़ियो जी नणद बाई सहर में।
मारया मारया हटवा जी लोग। किस विध...
जाड़ो तो पड़ियो जी नणद बाई महलाँ में।
मारी मारी परदेस्यां री नार॥ किस विध...[1]

अर्थात् - ननद बाई, पर्वतों पर भयंकर शीत पड रहा है, जिससे हजारों सुंदर मोर मर गए। ऐसे कठोर जाड़े को किस प्रकार भुगतूँ ? ननद बाई, जंगलों में जाड़े का प्रकोप हुआ है, पचासों हिरन मारे गए हैं। भला, ऐसे कठोर जाड़े में पति वियोग में मैं एकाकिनी कैसे सहूँ? ननद बाई, बगीचों में भयंकर शीत पड रहा है। दाड़िम और दाख (अंगुर) के पेड़ झुलस गए हैं। शहर में खूब जाड़ा पड़ रहा है, बाजार के लोग मर रहे हैं। महलों को भी इस जाड़े ने छोड़ा नहीं, पर इसके प्रकोप से वही अभागिनी स्त्रियाँ मरीं जिनके पति परदेस में है। ननदी, बता, इस जाड़े को कैसे भुगतूँ ?

बारहमासा : कृषक के लिए उसका काम ही परमात्मा है। वह भगवान का रूप कौन-कौन सी विभूतियों में देखता है और उसकी उपासना किस ढंग की है, यह बात इस गीत से पता चलती है-

गीत : 'साड़ महीने बिरखा लागी, बाजरियाँ री वाह।
माऊं जी म्हारे भातो लावै, वाहरे साँई वाह॥
सावण महीने बाजर लागी, नीनाणाँ री नाह।
काचरियाँ री बेलाँ टाळाँ, वाह रे साँई वाह॥
भादू महीने भूँगा होसी, तीवणियाँ री ताह।
बाजरियाँ री रोटी खावाँ, वाह रे साँई वाह।
आसोजाँ में आसा लागी, हक्कालाँ री हाह।
राती बासे रोही रहस्याँ, वाह रे साँई वाह॥
काती महीने करडा सिट्टा, भावै इत्ता खाह।
काती महीने सिट्टा कीना, वाह रे साँई वाह॥
मिगसर महीने मोका महता, लेखो लेसी साह।

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 48,49

लेयर देयर दूरा होस्याँ, वाह रे साँई वाह ॥
पोह महीने पाळो पडसी, खालड़ी रो खोह।
खालड़ी रो खोह कीनो, वाह रे साँई वाह ॥
माह महीने पाळो पड़सी, पाणी, पत्थर खाह।
पाणी रो तो पत्थर कीनो, वाह रे साँई वाह ॥
फागण महीने फाग खेलै, गोपियाँ रो नाह।
महूड़े रो मद्द पीयो, वाह रे साँई वाह ॥
चैत महीने चंपा मोरी, चंचळ मोरया साह।
बिन बूठाँ ही हरिया होसी, वाह रे साँई वाह ॥
वैसाखाँ में धूम पड़सी, तावड़िये री ताह।
पड़छायाँ में पड़िया रहस्याँ, वाह रे सॉई वाह ॥
जेठ महीने धूप पडसी, तावड़िये री ताह।
खेजड़ चढ़र खोखा खास्याँ, वाह रे साँई वाह ॥ [1]

अर्थात् – आषाढ़ महीने में वर्षा का आरंभ होता है, कृषक खेत में काम करता है और उसकी माता उसे रोटी पहुँचाती है। सावन में बाजरा फूटता है, खेत निराया जाता है, 'काचर मतीर' की बेलें बचा दी जाती हैं। भादों में भुनगे बहुत होते हैं जिनके शरीर के चमकीले भाग से लडकियॉ गहने-मालाएँ आदि बनाती हैं; तरकारी खूब उपजती है और नये बाजरे की रोटियाँ बनाते हैं। आसोज (क्वार) में फसल की आशा बँध जाती है और 'हक्काल' हाँका लगाकर चिड़िया उड़ाते हैं। कृषक रात में भी खेत में रहते हैं। कार्तिक में 'सिट्टे' खूब होते हैं – चाहे जितने खाओ। वाह रे ईश्वर तुझे धन्य है।

मिगसर में बनिया लेखा-जोखा करता है। कृषक किसी प्रकार ले-देकर हिसाब साफ़ करता है। पौष में जोर का जाड़ा पड़ता है जो चमड़ी को खा जाता है। माघ में कडाके का जाड़ा पड़ता है, पानी जम जाता है। फागुन में गोपियों के नाथ ने फाग खेला था, कृषक भी महुवे का मद पीकर मस्त रहता है।

चैत में चंपा फूलती है और मोर चंचल हो जाते हैं, इस महीने में बिना वर्षा के खेती होती है। वैसाख और जेठ में धूप भयंकर पड़ती है; कृषक या तो छाया में, या झोंपड़ी में या वृक्ष के तले पड़ा रहता है। अथवा 'खेजड़ों' पर चढ़कर फली तोड़ कर खाता है।

हे ईश्वर, तुझे धन्य है जो प्रत्येक ऋतु और मास में कृषक को नये-नये अनुभव और फल देता है।

बारहमासा (मालवी लोकगीत)

इस प्रकार के गीतों में विरहिणी स्त्री द्वारा वर्ष के प्रत्येक मास में अनुभूत कष्टों का वर्णन होता है। मालवा में खेतों को निराते समय और चक्की पीसते समय भी बारहमासा गाया जाता है। प्रायः वर्षाऋतु में इसे गाने की प्रथा अन्यत्र पाई जाती है।

---

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 91-93

गीत : सखि लागो असाड़े मास, प्रभू वन चाल्या रे।
चाल्या चाल्या रे दुबारिकानाथ हरि मन्दर सूनो रे।१।
सखि लागो सावण मास, बिजेला चमके रे।
झीणी-झीणी पड़ रही बुन्द, सालुडा भीगे रे ।२।
सखि लागो भादव मास, घटा घनघोर छाई रे।
छाई रे छाई रे दुधारी रात, हरि मन्दर सूनो रे।३।
सखि, लागो कार्तिक मास;दिवाली आई रे।
सखि, घरे घरे गोरे धन पुजाय, हरि मन्दर सुनो रे ।४।
सखि लागो अगणे मास, सियालो आयो रे।
म्हारा प्रभुजी बिना यो कुणे सोड़ पधारे रे।५।
सखि, पोसज लागो मास, अंगिया फाटी रे।
म्हारा किसनजी बिना यो कुण अंगिया सिवाड़े रे।६।
सखि, लागो म्हावज मास, वसन ऋतु आई रे।
म्हारा प्रभुजी विना यो कुण बसन रमावे रे।७।
सखि,लागो फागण मास होली आई रे।
सखि, घर घर फागे खेलाय, हरि मन्दर सूनो रे।८।
सखि लागो बैसाख मास, उणालो आयो रे।
घर घर पंखा डोलाय, प्रभू मन्दर सूनो रे।९।
सखि, लागो जेठज मास, प्रभु घर आया रे।
आगो आयो से जवानी रो, जोस कसेना टूटे रे।१०।[1]

अर्थात् - एक स्त्री अपनी सखी से कह रही है, सखि अषाढ़ महीना लग गया है और मेरे प्रभु (पति) मुझे छोड़ वन (दूर) चले गए हैं। द्वारकानाथ चले गए जिसके बिना हरि मंदिर (घर) सूना हो गया है। सखि सावन का महीना आ गया, बिजली चमकने लगी, छोटी-छोटी वर्षा की बूँदों से मेरा सालू (साड़ी) दुपट्टा भीग गया है। सखि भादो मास में आसमान में घनघोर घटाएँ छा गई। रात्री दुधारी हो चली, प्रियतम के बिना मेरा घर (मंदिर) सूना पड़ गया है। सखि, कार्तिक मास में दिवाली आ गई, घर घर में गोवर्धन पूजा होने लगी पर मेरा मंदिर मेरे प्रभु बिना सूना है। सखि, अगहन का महीना आया, जाड़े की ऋतु भी आ गई। मेरे (पति) प्रभु बिना मेरी शय्या पर कौन पधारेगा? सखि, पोस महीना लग गया, मेरे कृष्णजी (पति) बिना कौन चोली, वस्त्र सिलवा देगा? सखि लगा माह (म्हावज) महीना लग गया। वसंत ऋतु भी आई पर मेरे प्रभु प्रियतम बिना कौन वसंत में रमण कराए? सखि, फागण महीना भी आया, होली भी आ गई, घर-घर में फाग खेले जा रहे हैं और मेरे प्रभु प्रियतम के बिना घर मंदिर सूना है। साखी वैसाख महीना भी आया, गर्मी का मौसम आया, घर-घर पंखे झलने लगे, पर मेरा घर मंदिर सूना है। सखि, जेठ महीना लग गया और मेरे प्रभु घर पधारे। वापस लौटे और इससे मुझ पर जवानी का जोश छा गया, हृदय प्रसन्न हो गया।

1. हिन्दी प्रदेश के ग्राम गीत, मालवी लोकगीत

सावण (राजस्थानी) : इस राजस्थानी लोकगीत में वर्षा ऋतु में ग्राम वधू की दिनचर्या का नीचे लिखा चित्र खींचा गया है। उसे परिश्रम तिलभर भी नहीं अखरता है, अपितु उसकी आँखों में उत्साह और उल्लास ही दृष्टिगोचर होता है।

गीत : झिरमिर झिरमिर मेंहूड़ो बरसै, बादलियो घररावै ए।
जेठ जूतो मेरा बूजा काटै, परण्यो हलियो वावै ए।
देवर मेरो करे अलसोटी, जेठाणी रोटी ल्यावै।
बालकियो भतीजो मेरो रे वड़ चरावै, नणदल गायाँ घेरै ए।
ग्वालाँ नै म्हाँरे गलझट चूरमो, हाल्याँ नै ख़ीर लपसो ए।[1]

अर्थात् - नन्हीं-नन्हीं बूँदों में मेह बरस रहा है, बादल गा रहा है। जेठ खेत निरा रहा है और मेरा पति हल चला रहा है। देवर अलसौट कर रहा है और जेठानी खेत में रोटी ला रही है। मेरा बालक भतीजा भेड़ का रेवड़ चरा रहा है और ननद गौएँ ताड़ (घेर) रही है। और मैं घर में बैठी इन परिवारजनों के लिए रसोई बना रही हूँ। गोधूलि को खेत से लौटने पर ग्वालों को धृत से पूरा भरा हुआ चूरमा और हल चलाने वाले को खीर और लापसी बनाकर खिलाऊँगी।

×××××

जब वर्षा नहीं होती है, तो राजस्थान की सुंदरियाँ बहुत अनुनय विनय करती हैं। उनकी इस विनय में भी अनुठा माधुर्य भरा है-

गीत : मारु जी खेताँ जावे बादळी।
टीबाँ बरसो डैरियाँ बरसौ, हो चिरंगताल बिछावो बादळी।
जेठ उतरियो, असाढ़ उतरियो हो सावन उतरियो जाय बादळी।
म्हाँरे डैरा बरण आव बादळी।
बहिमत जावे छाकिये मत जावै तो सीधी म्हाँरे डैरा आये बादळी।
होलै मत बरसै ठएडा मत बरसै रीती मत आयै काठी भर लाये।
तो सूरमाँ के संग आयै बादळी।
मारु जी झाला दिये बादळी।
तो दूधा झड़ी ए लगाये बादळी।
मारु जी झाला दिये बादळी।[1]

अर्थात् - हे बदली! तुम प्रियतम के खेतों पर जाओ। तुम खेतों और मैदानों में बरसो, रंगीले सरोवरों को मूँह तक भर दो। जेठ आसाढ बीत गया है, और सावन बीत रहा है। तुम्हें प्रियतम हाथ के संकेत से बुला रहे हैं। बाँयी और दाहिनी न जाकर तुम सीधी हमारे खेतों पर, खाली नहीं, पानी भरकर, धीमी नहीं; वेग से दूध की झड़ी लगा कर वर्षा करना।

1-2. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1, गंगाप्रसाद कमठान

निम्नलिखित गीत में वर्षा के देवता इंद्र को मरुधरा भेजने के लिए राजस्थान का महिला समाज मानो स्मृति पत्र दे रहा है-

गीत : इन्दरजी मोकलए म्हाँरी बिजुराणी देश में
ग्उवां करेनी पुकार।
गाय दुहाडू ओ म्हाँरा इन्दर राजा चालनी।
दूधा रंधाडूली खीर।
भैंस दुहाडू ओ इन्दर राजा बाखडी
दूधाँ दुहाडूली पाँव।
लापी रँधाडू ओ म्हॉरा इन्दर राजा साळवी।
मईने नीकडिया नारेळ।
लाडू बँधाडू ओ म्हाँरा इन्दर राजा बाजणॉ।
मईने मिसरी ओ खाँड।
इन्दर ने मोकल ए म्हॉरी बिजुराणी देश में ग्उवां करेनी पुकार।[1]

अर्थात् - हे विद्युतरानी। इंद्रराजा को अपने देश (राजस्थान में) भेज; क्योंकि गायें उनके लिए पुकार रही हैं। हे मेरे इंद्रराजा। चलो मैं तुम्हारे लिये गाय दुहाऊँगी और दूध में खीर पकाऊँगी। हे इंद्रराजा। मैं तुम्हारे लिए बाखड़ी भैंस दुहाऊँगी और तुम्हारे पाँव, आने पर; पानी की जगह धूध से धुलाऊॅगी। तुम्हारे लिए सौलहवी लापसी रँधाऊँगी जिसमें कच्चा नारियल डलवाऊॅगी। हे इंद्रड़ाजा मैं तुम्हारे लिए खूब खस्ता लड्डु बनवाऊँगी जिनमें मिश्री जैसी खाँड डलवाऊँगी।

×××××

गीत : भली रुत आई म्हाँरा देश में
ईशर बीजे बाजरो ए बदली
कानो बीजे मोठ मेवा मिसरी।
बाजण लागा बायरा ओ पियाजी
बरसण लाग्यो मेह म्हाँरा रावजी।
मोटा मोटा छाँटाउ बरसस्यो ए बदळी
हो गया ठेला ठेल मेवा मिसरी।[2]

अर्थात् - आह! मेरे देश में भलाई की यह कैसी सुंदर ऋतु आ गई है? और अगली पंक्तियों में स्वयं उत्तर भी दे देती है। बाजरे के बीज ईश्वर ने अंकुरित किये हैं, मोठ मेवा मिश्री को कान्हा ने बोया है। हे मेरे प्रियतमजी! वायु चलने लगी है, मेह बरसने लगा है। हे बदली। तुम छोटी छोटू बूँदों से नहीं, मोटी मोटी बूँदों से बरसो। मेवा मिश्री की आज बहुतायत हो गई। मेरे देश में आज भली ऋतु का आगमन हुआ है।

×××××

1-2. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1, गंगाप्रसाद कमठान

गीतः सपना में मारुजी इन्द्र धड़ूकोय,

माणक सखर हद भर्यों जी।

सपना में ओ मारुजी मेल जो देख्यो,

मेळा रा थंभ रळावणॉजी।

सपना में ओ मारुजी बाग जो देख्यो,

चँपवा री कल्या रळावणाँजी।

सपना में ओ मारुजी चौक जो देख्यो,

हरियाळी दूब रळावणीजी।

सपना में ओ मारुजी दीपक जो देख्यो,

कुवळाँ री केळ रळावणी जी।[1]

अर्थात् - हे मारुजी (प्रियतम)! मैंने सपने में इन्द्र को गरजते देखा, सरोवर को माणिक्य के समान स्वच्छ भरा देखा। एक महल देखा, जिसके खण्भे बड़े रमणीक थे। बाग देखा, जिसमें खिली चंपा की कलियाँ बड़ी रम्य थीं। एक चौक (आंगन) देखा, जिसमें हरी-हरी दूब बड़ी सुहावनी लग रही थी। एक दीपक देखा, (जिसकी शिखा) कमल की कली के समान सुहावनी थी। हे मेरी सास के पुत्र (प्रियतम)! तुम्हें धन्य धन्य कहूँगी, यदि तुम मेरे इस सपने का अर्थ बता दोगे।

इस पर पति उत्तर देता है-

गीत : इन्द्र जो मीठा बेली बाप जो थारो,

ए माणक सरवर सासरो जी।

मेल जो, मीठा बोली, पति जो थारो,

ए मेलां रा थंभ घररी नारजी।

बाग जो मीठा बोली, भाई जो थारो,

ए चंपा री कल्याँ भावज जी।

चौक जो मीठी बोली कूँख जो थारी ,

ए हरिया दौब सुहावणी जी।

दीपक जो मीठा बोली, पूत जो थारो,

ए कवळा री कल थारी कुल वधुजी।[2]

अर्थात् - हे मधुर भाषिणी, जो यह इंद्र है, वह तुम्हारा पिता है। माणिक्य सा स्वस्छ सरोवर ससुराल है। महल तुम्हारा अपना प्रियतम है, और उसके खंभे घर की नारी (गृहिणी या कुलवधु) अर्थात् तुम स्वयं हो। बाग तुम्हारा भाई है और उसमें खिली चंपा की कलियाँ तुम्हारी भौजाईयाँ हैं। चौक तुम्हीर कुक्षी है, जो हरी दूर्वा के मैदान के समान सुहावनी है (सुरम्य है)। दीपक, हे मृदुभाषिणी! तुम्हारा पुत्र है और चंपक कली तुम्हारी कुल वधू (पुत्र वधु) है।

1-2. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1, गंगाप्रसाद कमठान

इस पर पत्नी कहती है-

धन धन हो ननदी रा वीर, सपना रो अरथ बताय दीदोजी।

हे मरे ननद के भाई! तुम धन्य हो, जो सपने का अर्थ तुमने मुझे ठीक समझा दिया।

पति उत्तर देता है-

'धन धन हे राजा जी री जायी, थें तो म्हाँरो वंश बधायी दीदोजी।'

हे राजा जी की पुत्री (राजकुमारी) तुम भी धन्य धन्य हो! तुमने तो मेरे वंश की वृद्धि की है।

×××××

गीत : ओ तो सावण आयो ओ सोजतिया सिरदार;
ओ तो इन्द्र धडूयियो, म्हारा सिरदार।
थे तो हालीड़ो समडावो, लाल नणंद बाई रा बीर॥
मैं तो भातो लेनै आऊँ, मारगियो नहीं जाँणू।
म्हारा नणंद बाई रा बीर।
मैं तो फुलड़ा बिखेरुँ म्हारी सदा सवागण नार
सालों री बहनड़॥
फुलड़ा कुलमावे, म्हारा ताल नणंद बाई रा बीर।
म्हाँरा धवला पहिचाण आयजो म्हारे घररी नार।
म्हनै पीवर मेहलो ओ सोजतिया सिरदार।
पीवर काला पड़सों ओ म्हारी सदा सवागण नार॥
मैं तो केसर पीसूँ ओ म्हारी लाल नणद बाई रा वीर।
केसर मूँगो ओ म्हारा सदा सवागण नार॥
मैं तो मूंगो-सूंगो ही पीसूँ ओ म्हारी लाल नणद बाई रा बीर।
म्हनै म्हारे पीवर मेहलो ओ, सोजतिया सिरदार।''[1]

अर्थात् - सावण (श्रावण) मास आ गया। इन्द्रदेव ने भी गूँजना आरंभ कर दिया। स्त्री कहती है - हे पतिदेव! आप हल लेकर खेत चलिये। मैं (सुबह का भोजन) लेकर आना चाहूँगी। किंतु खेत का मार्ग नहीं जानती हूँ। इस पर पति कहता है - मार्ग में फूल बिखेर देता हूँ, इस चिन्ह से आ जाना। पत्नी कहती है - फूल तो मुरझा जाएँगे। मुझे अपने पीहर भेज दीजिए। पति कह उठता है - पीहर में तुम काली पड जाओगी। इस पर पत्नी कहती है कि मैं वहाँ पर केसर पीसूँगी।

शरद सौंदर्य (ऋतु)

राजस्थानी लोकगीतों में ऋतुवर्णन का विशेष महत्व है। नायिका कहती है-

गीत : 'रतन सियाळो राजन यूँ ही गियोजी।

---

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग 2, शिवसिंह चोयल, पृ. 53-54

उनाळा रा चार महीना।
चौमासा रा चार,
सियाळा रा लागे थोड़ा थोडा, म्हॉरी जोडी रा,
रतन सियाळो राजन यूँ ही गियोजी।[1]

अर्थ : नायिका उपालंभ देते हुए कहती है (प्रियतम से) तुम्हारी अनुपस्थिति में मेरी रत्न सी काया जैसी शरद ऋतु व्यतीत हो गई। मेरे जोड़ीदार! हे मेरे जीवन साथी! ग्रीष्म ऋतु के लम्बे पाँच महीने होते हैं, वर्षा के चार, किंतु शरद के तो केवल तीन ही महीने होते हैं। ये ऐसी द्रुतगति से बीत जाते हैं कि ज्ञात ही नहीं होता। समय थोड़ा-थोड़ा लगता है। नायिका ऋतु के पश्चात् अब ऋतु में वस्त्र धारण करने के वस्त्रों की ओर संकेत करती है -

गीत : ऊनाळा रा पोमचा, चौमासा रा लेरिया,
सियाळा रा फागण्या, छपावो म्हाँरा जोड़ी रा।
रतन सियाळो राजन यूँ ही गियोजी।[2]

अर्थ : ग्रीष्म ऋतु में पोमचा ओढ़ना अच्छा लगता है, वर्षा में लहरिये की बहार है और शरद ऋतु में फागण्या की छटा अच्छी रहती है। अतः हे मेरे जीवन साथी। ऋतु आ गई है, एक सुंदर फागण्या रँगा दो।

(3) व्रत-उपवास-त्यौहार के गीत :

भारतीय पुराणों व शास्त्रों में ऐसा विश्वास किया जाता है कि व्रत स्त्री पुरुष दोनों ही रखते हैं। एकादशी, पूनम, जन्माष्टमी, शिवरात्री आदि का व्रत पुरुष भी करते हैं। तीज गणगौर, नवरात्री, रामनवमी, गंगादशमी, सावन के सोमवार, कार्तिक मास, गणेश चतुर्दशी आदि के व्रत विशेष उल्लेखनीय हैं जिनको मुख्यतः स्त्रियाँ करती हैं। 'तुलसी महातम' का राजस्थानी लोकगीतों में विशेष उल्लेख है-

तुलसी गीत : निम्न गीत में तुलसी की शालिग्राम के साथ विवाह करने की इच्छा प्रकट की गई है।

गीत : चाँद तो बाबुल घट बढ़ ऊगै तौ,
सूरजजी रै किरणां घणैरी हो राम।
ईसर तौ सोला दिन आवै तौ,
सिवजी के जटा ए घणोरी हो राम।
विरमा बाबाजी वेद पढ़ावै तौ,
विनायक कै सूँड बडैरी हो राम।
किसन बाबाजी गायाॅ चरावै तौ,
ए बर म्हांने ना भावै हो राम।
म्हानै म्हारौ सालगराम वर हैरौ तौ,
बै म्हारी ओड़ निभावै हो राम।[3]

1-2. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1, गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 58-59
3. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 167-168

अर्थ : हे बाबुल! चाँद तो घटता-बढता हुआ ऊगता है, सूरजजी की किरणें बहुत हैं। ईसरजी तो सोलह दिन आते हैं व शिवजी के जटाएँ बहुत हैं। हे राम! ब्रह्मा बाबाजी तो वेद पढ़ाते रहते हैं व गणेश जी के सूंड बहुत बड़ी है, हे राम! कृष्ण बाबाजी तो गाएँ चराते हैं, ये सब वर मुझे अच्छे नहीं लगते हैं। हे राम! मुझे तो मेरा शालिग्राम वर ढूँढो। वही, मेरी आन निभा सकते हैं।

×××××

तुलसी और पीपल के पेड़ को स्त्रियाँ बहुत भक्ति से पूजती हैं। बालिकाएँ शाम को तुलसी के दिया जलाती व मनचाहे वर की कामना करती हैं। वे तुलसी से पूछती है कि तुम्हे इतने सुंदर कान्ह कुंवर किस भाँति प्राप्त हुए तब तुलसी उनसे कहती है-

गीत : चेतां में ए भैणां गोरल पूजी तौ
निरणी ऊठ संवारी हो राम।
बैसाखाँ ए भैणां बड पीपल सींच्या तौ-
स्यौ पर लोटो डाल्यौ हो राम!
जेठां में ए भैणां जेठुडा घाल्या तौ-
बिन मांग्यौ पाणी पायो हो राम।
पगल्यां सूँ ए भैणां पग न धोयौ तो-
दिवलै सू दिवलौ न जोयो हो राम।
बैठी गउ न सताई हो राम।
भूखा विपर न उठाया, ए भैणां तो-
कंवरी कन्या न मारी हो राम।
अतणां तो हे भैणां जप तप कीन्या तो-
जद ए किसन वर पायो हो राम।[1]

अर्थ : चैत में हे बहिन, गोरल पूजी, बिना भोजन उठकर उसको सँवारा, ओ राम! वैशाख में हे बहिन बड़, पीपल सींचे, शमी पर पानी का लोटा डाला, ओ राम! जेठ में हे बहिन जेठुड़ा डाले, बिन मांगे पानी पिलाया ओ राम! हे बहिन पैर से पैर न धोये तो दिये से दिये को न जलाया, ओ राम। हे बहिन, कभी गीला पीपल न काटा, और बैठी हुई गाय को कभी न सताया, ओ राम! हे बहिन, ब्राह्मण को कभी भूखे वापिस न भेजा, तो कुँवारी कन्या को कभी न मारा, ओ राम! हे बहिन इतने जप-तप किए तो जाकर किसनजी वर मिले ओ राम!

×××××

कार्तिक मास में ब्रह्ममुहूर्त में स्नान का बड़ा महत्व है। स्त्रियाँ सुबह चार बजे स्नान कर गीत गाती हैं।

गीत : सात सयाँई झूमखै राधा न्हावण चाली ओ राम।
आड़ा किसनजी फिर गिया, थां ने जाण न देस्या ओ राम।
थारां जी वरज्या ना रेवा, म्हारी सास सिनाया ओ राम।

---

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास (राजस्थानी लोकगीत अध्याय) : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 167-168

सौल्याजी स्यालू, स्यावटा, राधा जल में पधारी ओ राम।
लीन्या किसनजी कापडा जाय कदम चढ बैठ्या ओ राम।
देद्यौ किसनजी कापड़ा, लज्जा राखो म्हारी ओ राम।
थांरा जी कपड़ा जद देवां, जल सै हो ज्याओ न्यारा ओ राम।
जल सै न्यारा ना होवां, थे पुरुष म्हें नारी ओ राम।[1]

अर्थ : सात सखियों के साथ में राधा नहाने को चली ओ राम। उनके सामने कृष्णजी फिर गए और कहने लगे तुम्हें जाने न दूँगा, ओ राम। तुम्हारे रोकने से न रहेंगी, मेरी सास ने भेजा है, ओ राम। स्यालू व स्यावटा खोलकर राधा जल में उतरी, ओ राम। किसनजी ने कपडे लिए व कदंब की डाल पर जा कर बैठ गए, ओ राम। किसनजी कपडे दे दो मेरी लाज रक्खो ओ राम। तुम्हारे कपडे तब दूँगा जब तुम जल से अलग हो जाओगी। ओ राम! जल से अळग हम न होंगी क्योंकि तुम पुरुष हो और मैं नारी हूँ, ओ राम!

×××××

तुलसी पूजा :

गीत - हाथ जोड़ तुलछी करूँ बिनती।
होजी बीरे लुल लुल लागूँ पाँव ।।
होजी वीरा दूध पखालूँ पाँय।
ओजी बीरे ओढ़ण दिखणी रो चीर ।।[2]

अर्थ : गीत में राजस्थानी बिटिया सुंदर वर प्राप्ति हेतु तुलसी मैया से अनुनय करती है – हम हाथ जोड़ कर तुलसी की विनती करती हैं और हम नम कर उनके पैरों पड़ती हैं। हे देवी! तुम्हारे चरणों को दूध से प्रक्षालन करुँगी एवं दक्षिणी चीर ओढ़ने को आढ़नी रूप में मॅगाऊँगी। क्योंकि देवी। उसे मन चाहा वर मिले जो वीर पुरुष हो, राष्ट्रप्रेमी हो और अन्य गुणों का अक्षय भंडार हो।

×××××

गीत : चाँद चढ़्यो गिगनार सूरज किरत्याँ ढल रहियाँ।
महलाँ बैठी मोती पोती रात जगी री।
उठे परभात तड़कै पूजा को ज्यासी।
तुलसी के केसरिया किसन सालिग्राम री।[3]

अर्थ : चंद्रमा आकाश में चढ आया है और सूर्य की कृत्तिकाएँ ढलनी प्रारंभ हो गई हैं। रात्रि जागरण कर महलों में बैठी मोती पिरोती रहती हूँ। कार्तिक पूर्णिमा का चॉद ऊगा है, ढलके तारों भरी रात में मैं जागी; पर सखि! प्रभात में उठ तड़के ही पूजा के हेतु चल पड़ी, तुलसी के पति शालिग्राम की।

×××××

---

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास (राजस्थानी लोकगीत अध्याय) : डॉ पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ 167-168
2-3. राजस्थानी लोकगीत, भाग-1, गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 70-71

गीत : तुलछी जी पीवरिये रे माँय थरयूँ देवळो।
आवती जावती ने हूँ थॉने छोकस्यूँ।।[3]

अर्थ : मैं पीहर में तुलसी का मंदिर स्थापित करुँगी और आते-जाते आपकी वंदना करुँगी।

तीज के लोकगीत :-

गीत : तीज सुण्याँ घर आव।
मंझल आपरी नोकरी म्हारा राज,
तीज सुण्याँ घर आव।
कूण दिसा आपरी नौकरी जी म्हारा राज।
कूण दिसा नालू पाट, तीज सुण्याँ..
ओणी दिसा आपरी नौकरी जी म्हारा राज,
आथूणी दिसा नालू वाट, तीज सुण्याँ...
पाँच रुपियारी आपरी नौकरी जी म्हारा राज,
लाख मोहर री तीज, तीज सुण्याँ.... [2]

अथ४ : प्रियतमा अपने प्रियतमं को संबोधित करते हुए कहती है - तीज सुनकर घर आइए। मेरे राजा। दूर की नौकरी को रहने दीजिए और तीज सुनकर घर आइए। किस दिशा की आपकी नौकरी है? मेरे राजा मैं किस दिशा में आपकी राह देखती रहूँ? पूर्व में आपकी नौकरी है मेरे राजा और मैं प्श्चिम में आपकी राह देख रही हूँ। पाँच रूपयों की आपकी नौकरी है मेरे राजा, लाख मोहर की यह तीज है, इसलिए तीज सुनकर घर आईए।

××××

ज्यों-ज्यों तीज समीप आती है, विवाहित लड़कियाँ पीहर जाने को आकुल होती हैं। कौए उड़ाती हुई अपने भाई की प्रतीक्षा करती तथा कहती हैं-

गीत : लाग्यो लाग्यो मां, सावण रो मास,
तीज तिवाराँ मां, बाबडी जे।
और सहेली मां पीवरिये ने जाय,
हूं तो तरसूं मां सासरे जे
उड़ जा उड़ जा म्हारी नींबड़ली रा काग;
वीरो आवे मेरो पावणो जे
बोलूं बोलूं मां बालाजी रा रोट
चढ़ चढ़ देखूँ मां डागले जे।
आई आई मां पीवरिये री ए कूंज,

---

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग-1, गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 72
2. राजस्थानी लोकगीत अध्याय, डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 174

आय र बैठी मां नीमड़ी जे।
कूंजा राणी थारे गले में कंठली ए बांध,
पगल्या बांध्यां थारे घूघरा जे,
कहज्यो कहज्यो म्हारी माऊ जी ने ए जाय,
वीरो भेजे ज्यूं लेण ने जे।[1]

अर्थ : माँ। सवण का महीना लग गया है और तीज का त्यौहार भी आ गया है। सहेलियॉ अपने पीहर जा रही हैं और माँ मैं ससुराल में ही तरस रही हूँ। मेरी नीमडी पर बैठे कौए उड़ जा, मेरा भाई मेहमान बनकर आ जाए। मैं हनुमानजी को रोट (बड़ी रोटी) भेंट करने की मनौती करती हूँ औड़ माँ, छत पर बार-बार जाकर भाई की राह देखती हूँ। माँ, पीहर की कूंज (कोयल) आई और नीम पर बैठ गई। कूंजा रानी गले में कंठला बाँध और पैरों में घूघरे। माँ को जाकर कहना कि भाई को लेने जल्दी भेजो।

×××××

गीत : सावण तो लहर्‌यो भादवो रे,
बरसै च्यारूँ कूँट,
म्हारा मोरला। सावण लहर्‌यो रे ॥१॥
सावण बाई गवरां सास रे,
कन्हैयो वीरो लेणिहार।
म्हारा मोरला, सावण लहर्‌यो रे ॥२॥
सावणियो सुरंगलो रे लाल;
आसी वीरो कन्हैया लाल पावणो;
लासी बाई गवरां ने बैलगाड़ी जुपाय।
म्हार मोरला, सावण लहर्‌यो रे ॥[2]

अर्थ : इस गीत में कोई बहन अपने भाई के आगमन की प्रतीक्षा करती हुई कहती है कि सावन-भादों लहरा रहा है, चारों ओर वर्षा हो रही है। हे मेरे मोर सावन लहरा रहा है। मेरा भाई कन्हैया पाहुना बनकर लेने आएगा। सावन सुरंगा है। मेरा भाई कन्हैया मेहमान बनकर आएगा और गौरीबाई को बैलगाड़ी में बिठाकर मायके ले जाएगा। हे मेरे मोर, सावन लहरा रहा है।

×××××

झूला झूलना :

गीतः ए मां, चंपा बाग में हींडो घला दे,
तीज नुहेली आई।
ए माँ, और सहेल्यां रे घर रो हीडो,

---

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास, डॉ पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ 176
2. हिन्दी प्रदेश के लोक (ग्राम) गीत : राजस्थानी लोकगीत

म्हारे हीड़ो नाँही।
ए मा, हीड़े हींडण गयी आज मैं
कोई न हीड़ै हिड़ाई।
सारी सहेल्यां मैं सूँ मुख ज मोड़्यो,
बिना ही्या ही आई।
ए मा, चम्पा बाग में हीडो घला दे।
तीज नुहेली आई।[1]

अर्थ : बेटी अपनी माँ से कहती है ए माँ! चंपा के बाग में झूला डलवा दो। तीज आ गई है। बड़ी प्रतीक्षा के बाद आई है। माँ मेरी और सहेलियों के घर में झूला है सिर्फ मेरे घर में ही नहीं है। फिर कहती है माँ। मैं झूला झूलने सखियों के घर गई पर किसी ने न झुलाया। सभी ने मुख मोड लिया और मैं बिना झूले ही वापस अपमानित लौट आई। (भला अपने झूले पर दूसरी स्त्री को कौन झुलाएगा?) अतः ए मॉ, चंपा के बाग में झूला डलवा दो।

×××××

विरहिणी की वेदना–

गीत : आई आई तीज नुहेली, सब सखियाँ रंग राच्यो।
औरां का पिवजी घरां ए बसंत है,
म्हारॉ बसै छै परदेस॥
औरां की तीज सुरंगी होसी,
म्हारे घर रहसी रंग काचो।
और सहेली म्हारी मेहन्दी माँडी,
नैणां सुरमा सार्यो।
औढ़ पहर कर गरब गुमानण,
पिवजी रो मन हरखायो।[2] आई... राच्यो।

अर्थ : इस गीत में विरहिणी स्त्री कह रही है कि नवेली तीज आ गई। सभी सखियॉ रंगरलियाँ करने लगीं। मेरी अन्य सखियों के पति घर पर हैं पर मेरे प्रियतम विदेश में रहते हैं। अतएव दूसरी सखियों की तीज सुरंगी होगी पर मेरे घर का रंग कच्चा ही रहेगा। और सहेलियों ने महावर लगायी है; नेत्रों में सुरमा सजाया है। वे वस्त्राभूषणों से सुसज्जित हो, गुमान में भर अपने प्रिय का मन हुलसा रही हैं। सुंदर तीजें आ गई हैं, सखियों ने रंग रचाया है।

×××××

गणगौर के लोकगीत : राजस्थान में अनेक व्रतों का विधान किया जाता है तथा अनेक त्यौहार मनाए जाते हैं। गवर या गणगौर राजस्थान का मुख्य त्यौहार है। 'गौरी' की पूजा यह व्रत उपयुक्त पति पाने के लिए किया

1-2. राजस्थानी लोकगीत – गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 23-24

जाता है। यह गौरी पूजन होली जलाने के दूसरे दिन से आरंभ होकर चैत्र-शुक्ल चतुर्थ तक चलता है। चैत्र शुक्ल तृतीया और चतुर्थी को मेला लगता है जिसमें गणगौर की सवारी किसी जलाशय पर ले जाई जाती है-

गीत : गवर गिणगोर माता, खोल किंवाडी;
बाहर उभी थारी पूजण वाली।
पूजो ए पूजार्‍या बायाँ, आसण कासण मांगा।
जलहर जायी बाबो मांगा, राता देई माय।
कान्ह-कँवर सो वीरो माँगा; राई सी भौजाई
सांवलियो बहनोई मांगा, सोदर बहन मांगा।[1]

अर्थ : किशोरियाँ गौरी माता के मंदिर का दरवाजा खटखटाकर प्रवेश की आज्ञा मांगती हैं। हे गौरी माता! दरवाजा खोलो, तेरी पूजा करने वाली बाहर खड़ी है। और गणगौर माता प्रसन्न होकर द्वार खोलकर उनसे प्रसाद माँगने को कहती हैं। राजस्थानी कन्या धन, वैभव नहीं मांगती, उसे तो अच्छा परिवार चाहिए। वह माँगती है जलधर के समान उदारता से बरसने वाला स्नेहार्द पिता और स्नेह के रंग में रंगी माता दीजिए; कान्ह कँवर सा सर्वप्रिय, सुंदर पराक्रमी भाई और राधा जैसी मधुर भौजाई। बहनोई भी श्रीकृष्ण जैसा और बहन सुभद्रा जैसी।

×××

गणगौर संबंधी एक लोकगीत :

गीत : म्हारा राजा आज तो गुलाबी गणगौर छे,
म्हारा राजा आज तो वसन्ती गणगौर छे।
माथा ने मेमद अजब बन्यो छे
खड़ी पर मोर छे
म्हारा राजा आज तो गुलाबी गणगोर छे।
मुखड़ा ने वेसर अझब बण्यो छे,
टीलीं पर मोर छे। म्हारा राजा आज.... [2]

अर्थ : पत्नी अपने प्रियतम पति से कहती है मेरे प्यारे राजा। आज तो गुलाबी गणगोर है। मेरे राजा, आज तो वसन्ती गणगोर है। सर पर मेंमद अनोखा बना हुआ है। रखड़ी पर मोर है। मेरे राजा, आज तो गुलाबी गणगोर है। मुँह पर बेसर अनोखा बना हुआ है। बिंदी पर मोर है। मेरे राजा, आज तो गुलाबी गणगोर है।

×××××

गीत : गणगौर पूजूँ गणपति ये।
ईश्वर पूजूँ पारबती ये।
पारवती का आला गीला।

---

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1, गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 3-4
2. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ 172-173

गौर का सोना का टीला।
टीला दे टपला दे रानी।
बरत करे गोरदें रानी।
करता करता आस आयो, मास आयो,
खरा खाँड लाडू लायो।
लाडूड़ो ले वीर ने दियो वीर्ती ले मने चूँदड़ दीधी।
चूँदड़ ले मैं गोर औढ़ायी।
गौर ले मने सुहाग दीयो, भाग दीयो।
सुहाग भाग सीला सात।
कचोला बाड़ी में बोजारो।
रानी पूजे राज में म्हें पूजा लोका सुहाग में।
रानी को राज तपतो जाय, म्हाँको सुहाग बधतो जाय।[1]

अर्थ : सबसे पहले गणपति जी का स्मरण करके कन्याएँ और स्त्रियाँ कहती हैं कि हम गणगौर की पूजा करती हैं। आले गीले छोटे मोटे सभी पदार्थ भगवती की कृपा से सोने के टीले बन जाते हैं। आगे वे प्रार्थना करती हुई कहती हैं - हे भगवती! सबसे पहले हमें निवास के लिए घर और जीवन-निर्वाह हेतु अन्नादि उगाने के लिए भूमि-बाड़ी दीजिए। हम गौरी का व्रत करती हैं, जब व्रत और माह समाप्त हो गया, तो हमें अपनी आशाएँ पूर्ण होने की आशा बंधी और प्रसाद रूप में लड्डुओं का खरा बुरा प्राप्त हुआ। वह प्रसाद भाई को दिया। भाई ने उपहार में सुहागिनों का चिन्ह चुँदडी दी। उसने वह चूँदड़ी गौरी पर चढ़ा दी। देवी ने प्रसन्न होकर अखंड सुहाग दिया। हमारा सुहाग वैसे ही फलने-फूलने लगा ज्यों वाटिका में बिजौरे। रानी अपने राज महलों में और हम अपने सुखभरे घरों में गणगौर की पूजा करती हैं। गौर की पूजा से रानी का राज तपता रहे, हमारा सुहाग दिन दुना रात चौगुना बढ़ता जाय।

×××××

गीत : हे गवरल, रूड़ो हे नजारो तीखे नैणां रो।
गढां हे कोटाँ सू गवरल, ऊतरी।
हो जी बीँरे हाथ कँवल केरो फूल ।। हे गवरल. ।।
सीस हे नारेळाँ गवरल, सारिखो।
हो जी बीँरी बेणी छे बासग नाग ।। हे गवरल ।।
भँवारे हाँ भँवरो गवरल, हे फिरै।
हो जी बीँ रे मिलवट आँगळ च्यार ।। हे गवरल. ।।
आखड़ियाँ रतने जडी।
हो जी बीँ री नाक सूवा केरी चूँच ।। हे गवरल. ।।

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1, गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 6-7

निसरायाँ चूनी जड़ी।
हो जी बीँ रा दाँत दाडम केरा बीज ।। हे गवरल. ।।
हिवड़ो संचे ढालियो।
हो जी बीँ री छाती बजर किँवाड ।। हे गवरल. ।।
पसवाड़े बीजळ खिँवै।
हो जी बीँ रो पेट पीपळ केरो पान ।। हे गवरल. ।।
मूँघफळी सी गवरल आँगळी।
हो जी बीँरा बाँह चंपा केरी डाळ ।। हे गवरल ।।
पीँडलियाँ रुँवालियाँ।
हो जी बीँरी जाँघ देवळ केरो थाँम ।। हे गवरल. ।।
एडी चमकै गवरल आरसी।
हो जी बीँरो पंजो सठवा सूँठ ।। हे गवरल ।।
घेर घुमाळो गवरल घाघरो।
हो जी बीँ रे ओढ़ण दिखणी रो चीर ।। हे गवरल. ।।
हे पालचढंती रा बाजै गवरल घूघरा।
हो जी बीँ री ऊतरती री रिमझोळ ।। हे गवरल. ।।
ऊँचले सिंघासण, गवरल, बैसणी।
हो जी बीँ रा दूध पखाळूँ पाय ।। हे गवरल. ।।
हेमाचळजी री गवरल डीकरी।
हो जी वा तो पातळिये ईसर घर नार ।। हे गवरल. ।।
किण तनें घड़ी रे सिलावटे।
हो जी बीँ ने क्या तो लाल लुहार ।। हे गवरल. ।।
जलम दियो म्हारी मायडी।
हो जी बीँ ने रूप दियो करतार ।। हे गवरल. ।।

महाराजा हे देसी गवरल, दायजो।
हो जी बीँ रे सौय घोड़ा असवार ।। हे गवरल. ।।
हाथ जोड़ करूँ वीनती।
हो जी बीँ रे तुळ तुळ लागूँ पाँय ।। हे गवरल. ।।[1]

अर्थ : गौरी के तीखे नेत्रों का नजारा बहुत सुंदर है। ऊँचे गढ़ और कोट (हिमालय) से गौरी उतर आई है। उसका हाथ कमल के फूल जैसा, शीश नारियल सरीखा, बेणी वासुकि नाग जैसी, भौंहे भौंरे-सी और ललाट चार अंगुल चौडा है। आँखें मानो रत्नजड़ी सी, नाक तोते की चोंच की तरह, मसूड़े लाल (रत्न) से जड़े और

1. राजस्थानी लोकगीत, स्व श्री सूर्यकरण पारीक, पृ 36-38

दाँत अनार के बीज जैसे हैं। हृदयस्थल साँचे में ढला हुआ सा, वक्षस्थल वज्र किवाड़ की तरह है। उसके पार्श्व इतने चंचल हैं जैसे बिजली चमकती हो। पेट पीपल के पत्ते की तरह, ऊँगली (हाथ की) मूँगफली जैसी और बाँहें चंपा की शाखा जैसी हैं। पिंडलियाँ आभायुक्त हैं, जंघा देवालय के स्तंभ की तरह, एडी आरसी की तरह चमकीली और पैर का पंजा सठवा सौंठ की तरह है। गौरी के घेर घुमेर घाघरा पहनने को और दक्षिणी चीर ओढ़ने को हैं। सरोवर की पाल चढ़ती हुई गौरी के घूँघरु बजते है और उतरती हुई रमझोक (पैरों का गहना) बजती हैं। गौरी ऊँचे सिंहासन पर विराज़मान है, मैं दूध से उसके चरण पखारूँगी। गौरी हिमाचल की लाड़ली पुत्री है और प्रतापी ईश (महादेव) की गृहिणी।

हे गौरी, तुझे किस कुशल मूर्तिकार ने गढ़ा है? और ईश को किस लाल लुहार ने बनाया है? (गौरी की पुजारिनें स्वयं को उसकी सखी मानकर अवधूत-वेष वाले शिवजी का जरा मजाक करती हैं)। गौरी उत्तर देती है - मुझे मेरी माता ने जन्म दिया है और उन्हें रूप करतार ने दिया है। पुजारिनें फिर कहती हैं - हे गौरी हमारे देश के राजा तुझे दहेज देंगे और सौ घुड़सवार तेरे साथ रखेंगे। हम हाथ जोड़कर पार्वती को बिनती करती हैं और नँव नँव कर उसके पैरों पड़ती हैं।

×××××

तीज के गीत :

गीत : आई आई मा सावणिया री तीज।
माय सा, पहले ने सावण मत राखे धिया ने सासरे।
मेल्यो मेल्यो ए मा, बडोड़ो वीर।
बिच में बीरे रो सासरो।
रह ग्या रह ग्या ए मा, दिनड़ा दो च्यार।
जोड़े ए मा, सावण ढळ गयो।
बीजोड़ी बीजोड़ी ए मा, झूलण ने जाय।
बाई ने दीनो सासू धानड़ सोवणो।
सोयो सोयो मा, डाळ दो डाळ।
अधमण सोयो बाजरो।
बीजोड़ी बीजोडी ए मा, मगरिये जाय।
बाई नें दीनों सासू पोवणो।
पोयी पोयी ए मा, जेट दो जेट।
पछलो पोयो बालूरो बाटियो।
निमट्या निमट्या ए मा, देवर-जेठ।
निमट्या नणदाँ रा झूलरा।
परस्या परस्या ए मा, मोटोडा थाल।
परस्या नणदाँ रा बाटका।
बीजोडाँ ने परस्यो बाजर बाटियो।

बीजोड़ाँ ने ए मा धोबाँ धोबॉ खाँड ।
बाई ने दीनी सासू चिमठी लूँण री ।
बीजोड़ाँ ने ए मार, चरी चरी घीव ।
बाई ने दीनो ए सासू डोरो तेल रो ।
ओरिये-ओरिये देवर ने जेठ ।
पडवै पोढ़यो नणदाँ रो झूलरो ।
बरसै बरसै ए मा मोरी, मेह ।
भीजै भायाँ री बहनड़ एकली ।
माँज्या माँज्या ए मा, मोटोड़ा थाल ।
माँज्या नणदाँ रा बाटका ।
सोवतड़ी ए मा मोरी, बाजर बाटियो ।
आण ने मिनड़ी ले गई ।
मरज्यो मरज्यो ए मिनडी, थोराड़ा पूत ।
म्हारोड़ो बाटियो तूं ले गई ।
राताँ रही निरणी वीरॉ री बैनडी ।[1]

अर्थ : ए मा, पहले सावन (विवाह के बाद) की तीज आ गई । इस समय मुझे ससुराल में न रहने दे । माँ ने बड़े भाई को लिवा लाने को भेजा । उस की ससुराल बीच में पड़ती थी । वह वहाँ रुक गया । अब तो माँ, दो चार दिन ही रह गए । सारा सावन बीत चला ।

इधर ससुराल में यह हाल है कि बाई-बेटियाँ तो सब झूला झूलने को जाती हैं, मुझे सास धान साफ़ करने को देती है । घड़ी दो घडी साफ किया और आधा मन बाजरा साफ किया । और सब खेलने को जाती हैं मुझे सास रसोई पकाने को बिठाती है । क्या करुँ माँ, रोटियों का ढेर पकाया और अंत में बालू (रेत) पर सेंकी एक बाटी । देवर जेठ भोजन कर गए, ननदों की कतार भी खा गई । देवर-जेठों को बड़े-बड़े थालों में परसा और ननदों को परसा कटोरों में । औरों को तो गेहूँ की रोटियाँ मिलीं और मुझे बाजरे का टिक्कड । उनको मुट्ठी-मुट्ठी भर चीनी मिली, मुझे मिली चुटकी नमक की । उनको भरपूर घी परसा गया और मुझे थोडी-सी तेल की लार ।

देवर-जेठ सोते हैं ढके महलों में और ननदों की कतार सोती है 'पड़वे' में । वे सब आराम में हैं । मेह बरसता है तब माँ मेरी, भाईयों की लाडली बहन मैं भीगती हूँ ।

सब के खा चुकने पर उन बड़े थालों और कटोरों को मला । सोने के वक्त जब मेरी खाने की बारी आई, क्या देखती हूँ कि बाजरे का टिक्कड, जो अपने लिए रखा था, बिल्ली ले गई । पूत मरे तेरा, बिल्ली जो तू मेरा टिक्कड़ ले गई । मैं भाईयों की लाडली बहन रात भर भूखों मरी ।

इस गीत में करुण रस की विह्वलता फूट पडी है ।

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ 39-41

चतड़ा चौथ : ऋतु त्यौहारों में तीज के बाद चतुर्थी का विशेष महत्व है। इस दिन प्रातः से ही विद्यार्थी पाठशाला में एकत्रित हो गुरु की अध्यक्षता में श्री गणेशजी का पूजन-अर्चन करते हैं। फिर बालकों की टोली शिवजी की बारात की भाँति नाचती-कूदती प्रत्येक विद्यार्थी के द्वार पर पहुँचकर गाती है-

गीत : चतड़ा चौथ भादूड़ो,
दे दे माई लाडूडो।
लाडूड़ा में पान सुपारी।
चौथी राणी हुई विराणी।
सुण सुण ए रामां की मॉ,
थारो बेटो पढ़बा जाय।
पढ़बा की पढ़ाई दे,
गुराँ साब ने पांग बँधा।
गुराणी ने वैस दिरा,
चतड़ा ने चार लाडूड़ा दिरा।[1]

अर्थ : बच्चों की टोली गाती है माई चतड़ा चौथ आई है। एक लड्डु दे दे। जिस बालक का घर आता उसी द्वार से भेंट दक्षिणा श्रद्धानुसार प्राप्त कर शुभ आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

घुड़ले का गीतः

गीत : घुडलो घूमै छै जी घूमै छै,
घुड़ले रे बाँध्यो सूत
घुड़लो घूमै छै जी घूमै छै।
घुड़लो ऐ सुपार्‌यां छायो,
तारां छायी रात,
भवज ऐ म्हाँरी पूतां छायी,
वडोड़े वीरे घर नार॥[2]

अर्थ : मांगलिक सूत्र से बँधा हुआ घुड़ला घूम रहा है। घुडला का सुंदर रूप नन्हें-नन्हें छिद्रों से छाया हुआ, ऐसा लगता है, जैसे तारों से छायी रात अथवा पूतों से घिरी हुई बड़े भाई की सौभाग्यवती स्त्री।

×××××

दीपावली के गीत :

गीत : सोने रो म्हे दिवलो घड़ास्यां
रेसम वाट वटास्यां जी।
चार वाट रो चौमुख दीवो,

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1, गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 7-8

घी सूं म्हे पुरवास्यां जी।
चांदी री थाल मेल म्हारो दिवलो,
रंग महल ले जास्यां जी,
मही मही वाट सुरंग म्हारो दिवलो,
रंग महल जगवास्यां जी।[1]

अर्थ : सोने का हम दीपक तैयार कराएँगे और रेशम की बाती बनाएँगे। चार बाती का चौमुखी दीपक हम घी से पूर्ण करेंगे और फिर चाँदी की थाल में रखकर रंग महल में ले जाएँगे। महीन बाती और सुरंग हमारा दीपक। ऐसे दीपक से रंगमहल प्रकाशित हो जाएगा।

×××××

पति परदेश में है, दशहरा आ गया लेकिन प्रियतम नहीं आया। पत्नी दरवाजे पर आँखें लगाए बैठी है कब निर्मोही प्रियतम आएगा, लेकिन न तो पत्र ही आया न वह स्वयं। तब वह स्वयं उसे दशहरे का प्रणाम भेजती है और कहती है दीपावली घर पर ही करना।

गीत : कांई दसरावा रो मुजरो, दीवाल्यां घर री करज्यो जी ढोला।
कांई कांकड़िया पधारियाजी ढोला,
कांकड़िया कलस बंधाया जी ढोला,
दीवाल्यां घर री करजो जी ढोला।
कांई बागां में पधारिया जी ढोला,
मालीड़े फूलड़ा बछाया जी ढोला,
दीवाल्यां घर री करजो जी ढोला।
कांई चौवटिये पधारिया जी ढोला,
चौरास्यां चंवर ढुलाया जी ढोला,
दीवाल्यां घर री करजो जी ढोला।
कांई दरवाजे पधारिया जी ढोला,
कांई मेलां में मंगल गाया जी।
कांई दसरावा रो मुजरो, गढपतिया राजा आवो जी मैलां।[2]

अर्थ : दशहरे का प्रणाम प्रियतम! दीपावली का त्यौहार घर पर ही मनाना। जगंल में पधारे प्रियतम! और जंगलमें कलश बंधवाए। दिवाली घर की करना प्रियतम! बागों में पधारे और माली को फूल भेंट किए। दिवाली घर की करना, प्रियतम! चौहट्टे पर पधारे प्रियतम। और चौरासिये लोगों ने चँवर ढुलाए। दिवाली घर की करना प्रियतम! दरवाजे पर पधारे प्रियतम! और दरवाजे पर हाथी को झुकाया, दिवाली घर की करना प्रियतम! महलों में पधारे प्रियतम! और महलों में मंगल गान हुआ। दशहरे का प्रणाम, गढपतिया राजा महलों में पधारना।

1-2. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ 177-178

होली गीत :

गीत : म्हारी घूमर छे नखराळी ए माँ,
घूमर रमवा म्हे जास्याँ।
म्हांने राठौड़ां री बोली प्यारी लागे ए मां,
म्हाँने राठौड़ाँ रा पेच बाला लागे ए मां,
म्हाँने राठौड़ां रे भल दीज्ये ए माँ,
घूमर रमवा म्हे जास्याँ।[1]

अर्थ : मेरी घूमर बड़ी श्रृंगार प्रिय है। माँ मुझे घूमर खेलने जाने दो। हमें राठोडों की बोली प्यारी लगती है। हमें राठोड़ों के पेच, साफा, पाग आदि अच्छे लगते हैं – राठोड़ों के यहाँ भले ही हमारा विवाह करना, मुझे घूमर खेलने जाने दो।

×××××

एक अन्य गीत में सास और सजन की मनोवृत्ति का चित्रण किया गया है तथा मिलने का आनंद अधिक देर तक प्राप्त करने के लिए सूरज से देर में उदय होने की प्रार्थना की गई है–

गीतः रसिया फागण आयो।
वार कूंट रो चोतरो हो रसिया ,
जिसपे कातूं सूत।
तो सासू मांगे कूकड़ी,
तो साजन मांगे रूप। रसिया.
दन्यू दांगा कूकड़ी हो रसिया
तो रात्यूं दांगा रूप हो। रसिया.
चरा चरी रो बेवड़ो हो रसिया
तो मधरी चालूं चाल
सासूजी नरखै बेवड़ो हो रसिया.
नै साजन नरखै चाल। हो रसिया.
सूरज थाँने पूजती
तो भरभर मोत्याँ थाल
छनेक मोड़ो ऊगज्यो हो
म्हारा भंवर चढ़े दरबार।
रसिया फागण आयो।[2]

अर्थ : रसीले! फागुन महीना आया। चार कोनों का चबूतरा है जिस पर बैठकर मैं सूत कातती हूँ। सासु सूत की कूकड़ी माँगती है और साजन माँगते हैं रूप। दिन में देंगे कूकड़ी और रात में देंगे रूप। चरू और चखी का

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 179-180

बेवड़ा (पानी भरने का बर्तन) है जिनको सर पर रखकर मैं धीम चाल से चलती हूँ। सासुजी मेरा बेवडा देखती है और साजन देखते हैं मेरी चाल। सूरज आपको मोतियों के थाल भर-भर कर पूजूं थोड़ी देर से निकलना, नहीं तो मेरे प्रियतम मुझे छोड़कर नौकरी पर दरबार में चले जाएँगे। रसीले! फागुन महीना आया।

×××××

फाल्गुन के दिनों में गाँव की भोली-भाली गोरियाँ सीधे-सरल शब्दों में गाती हैं-

गीत : चाँदा तो थारे चानण रसिया।
पान्यो गई जी तलाव रसिया।
फागण में तो फागणियो रंगावो रसिया।
होली खेलो रसिया, फागण आयो।[1]

अर्थ : रसीले प्रियतम! फागुन के महीने में फागणिया (वस्त्र) रंगवा दो। होली हमारे संग खेलो, फागुन आ गया।

इस पर पति उत्तर देता है-

गीत : राजी राजी बोल तनै फागण्यो रंगाद्यूं।
राखू म्हाँरी सुंदर घण ने जीव की जड़ी।
गुबाल की छड़ी, मिश्री की डली। फागण आयो।[2]

अर्थ : पति कहता है कि तुम राजी राजी बोलो, (मीठा) तुम्हें फागणियाँ रंगा दूँगा। मैं मेरी प्रिया को जीवन-जड़ी, गुलाब की छड़ी और मिश्री की डली के समान रखूँगा। फाल्गुन आ गया है।

×××××

गीत : होली आई, ए सहेल्यां,
मिल खेला लूर। होली आई ए।
कोई कोई ओढयां, झीणी झीणी चूनड़,
कोई कोई ओढयां दिखणी चीर॥ होली आई ए।
कोई कई पहर्यां रिमझिम बिछियाँ,
कोई कोई पहर्यां पायलड़ी। होली आई ए।

रिमझिम रिमझिम बिछियां बाजै,
ठणक-ठणक बाजै पायलड़ी। होली आई ए।
होली आई ए; सहेल्याँ मिल खेले लूर॥ होली आई ए।[3]

अर्थ : होली आई है। सहेलियों आओ। मिलकर होली खेलें। किसी किसी ने बारीक चूँदड़ी ओढ़ी है, किसी-किसी ने दक्षिणी चीर। साथिनों आओ। मिलजुल कर होली खेलें। किसी किसी ने रुनझुन बजने वाले नुपूर पहने हैं, किसी किसी ने झनकारने वाली पायल। नुपूर-बिछिया बड़े रुनझुन बजते हैं और पायल छमक

---

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1, गंगाप्रसाद कमठान, पृ 78-81

छुम छम छमाती हुई ठनकती है। होली आई है। सखियों आओ, सब मिलमिल कर होली खेलें।

×××××

गीत : कुण मारी पिंचकारी।
मोरी ए वदन में कुण मारी पिचकारी।
चढ़ता जोबन में कुण मारी पिचकारी।
माथा ने मैंमद, अधक वराजै,
तो रखड़ी री छब न्यारी जी।
बाईसा रा बीरा सासूजी रा जाया।
तो साजन मारी पिचकारी।
कुण मारी पिचकारी।
गोरी रा बदन में कुण मारी पिचकारी।[1]

अर्थ : गोरी के शरीर पर किसने रंगभरी पिचकारी मारी? मुझे बताओ। मेरे चढ़ते यौवन पर किसने पिचकारी मारी ? मस्तक पर मेंमद सुशोभित है; लो रखडी की छबि भी अनूठी है। ननँद बाई साहिब के भाई, सासजी के पुत्र (मेरे) प्रियमत ने ही यह पिचकारी मारी है।

×××××

गीत : ओ म्हाराँ चाँद सूरज नणदोई सा,
म्हें तो फाग खेलबा आईस्या।
हें तो बाईसा ने लारौ लाइस्या;
ओ म्हाराँ चाँद सूरज नणदोई सा।।
ओ म्हारा सूरज किरण नणदोई सा,
म्हाँसा माता ने मैंमद लाओ सा।
म्हाँरी रखडी रतन जडाओ सा,
म्हाराँ हिवडा ने हाँस मंगाओ सा।
ओ म्हाराँ चाँद सूरज नणदोई सा।
म्हाँरी बायाँ ने बाजू लाओसा।
म्हाँरे चुड़ले चूँप दिराओ सा,
ओ म्हाराँ चाँद सूरज नणदोई सा।।[2]

अर्थ : हे हमारे चंद्र और सूरज सादृश्य ननँदोई, हम आपसे फाग खेलने आई हैं और साथ में अपनी बाई सा (आफकी पत्नी) को भी लाई है। हमें इस खुशी में आप पुरस्कार स्वरूप मैंमद, रखड़ी, हाँस और चूँप आदि गहने रतन जड़ाकर दीजिए।

×××××

1-2. राजस्थानी लोकगीत, भाग 1, गंगाप्रसाद कमठान, पृ. 83-84

भैया दूज के गीत : भाई के प्रति बहन गीत द्वारा उसके स्वागत की तैयारी करती है–

गीत : वीरा! कर दे आज पुनीत रंक घर म्हारो रे,
शणगायों यो आछी शीत गणज्यों थाँरो रे।
वीत्या विरह महिना बार वेदना भारी रे,
थाँरो मुखड़ो सुंदर अपार भूलूँ काँई रे?[1]

अर्थ : बहन भाई से गीत में कहती है हे वीरा (भैया)! आज मेरे घर आकर मुझ गरीब का घर पावन कर दो। तुम्हारे विरह में भैया बारह महीने मुश्किल से कटे हैं, जिसकी वेदना अपार है। तुम्हारा सुंदर मुखड़ा क्या कभी मैं भूला सकती हूँ? (अर्थात् नहीं)

×××××

गीतः धन आज म्हाँरे आकाश सुख रवि ऊगे रे,
कदी कदी मिलूँ म्हाँरा भाई वाट यूँ जोती रै।
अब आई पल सुखदाई मनने म्होती रे
माँ जण्या भाई ने एक चाहूँ नहिं कश्यान रे।[2]

अर्थ : सचमुच आज उसके घर में सुख सूर्य का उदय हुआ है। उसके मन को मोहने वाला एक-एक क्षण सुखदायी हो रहा है, जिसे वह पहले भाई की स्मृति में बड़ी कठिनता से गिन-गिन कर बिता रही थी।

गीतः तव आगमन पल प्रत्येक गिन रही प्रेमसुँ रे
थाँरा अन्तर रा भाव सब म्हुँ पिछाणुं रे।
फिर लहेवा भगिनी ल्हाव आयो शाणो रे,
लींप्या आँगण थाँरे काज हूँशी हूँशी रे।[3]

अर्थ : बहन अपने भाई के विशिष्ट गुणों और भावों को भली प्रकार समझती है और उसके आगमन के प्रत्येक पल को प्रेम से गिन रही है। भाई के आगमन का ल्हाव (सुनहरा मौका) अवसर आया है इसी कारण आज आँगन को भी खुशी-खुशी लीपा (पोतना) चमकाया है।

गीतः आणि में पूर्या साथिया आज जन मन म्होवे रे,
जरा देखो थाँ आँगण द्वारा, तोरण सोहे रे।
कीदा गुल जलरा छँटकार धोबे धोबे रे,
मखमली पलँग बिछात थाँरे कीधी रे।
फल मेवा और मिष्टान ये क्यूं भूलूँरे,
म्हुं कर कतव्य रो भान हर्षित डोलूँ रे।[4]

अर्थ : भाई के स्वागत और आदरातिथ्य हेतु बहन ने आंगन में कुंकुम साथिया (स्वस्तिक) बनाए, द्वार पर तोरण सुशोभित किए जो सबके मन मोह रहे हैं। चारों ओर गुलाब जल का छिड़काव किया है। भाई के आराम

1-2-3-4. श्री मोहनलालजी व्यास शास्त्री की डायरी से (गंगाप्रसाद कमठान)

हेतु मखमली पलंग बिछाया है और भोजन हेतु फल, मेवा, मिठाई भी याद कर रखे हैं। इस प्रकार अपने कर्तव्य को पूर्ण कर बहिन हर्षित हो डोल रही है, झूम रही है।

×××××

गीत : जूना दुःखाँरो परिताप आधो कीधो रे,
पछे देखूँ थाँरो मुखछाप अमृत पीधो रे।
छेडूँ म्हाँरी बीन रा तार, थाँरे सारुँ रे।
हरखे यो सब परिवार म्हुँ घणी गाजूँरे।
म्हाँरा बालूडाँ भी पाँच दाडे उमंग में रे,
कदी मिलशी मामाजी साँच रमता ऊछल रे।
थाँरी सेवा में तो मोद धन धन मानूँ रे,
बहे उर्मियाँ झकझोर आज म्हुँ जाणूँ रे।[1]

अर्थ : भाई के आ जाने से बहन अपने वर्ष भर के सभी दुःखों को भुलाने लगती है। उसकी मुखाकृति को देखकर प्रेमामृत का पान कर प्रसन्न हो हृदय तन्त्री के तारों की झंकार अपने भाई को सुनाने लगती है। आज बहन का परिवार अत्यंत खुश है। उसेक पाँचों पुत्र प्रसन्न हो इधर-उधर उछल-कूद कर रहे हैं। कभी मामाजी संग खेलकूद रहे हैं। भाई की सेवा कर बहन धन्यता महसूस करती है और हृदय से भाई के प्रति प्रेम का स्त्रोत बहता है।

×××××

गीत : करूँ तिलक थाँके भाल कुंमकुंम लैने रे;
हर लेऊँ दुखड़ा तत्काल आशिष दैने रे।
रेवो रेवो नीरोग दुख लेश न राखूं रे,
सदी जीवो थां अशी आश दिलशुं भाखुं रे।
कई गलती हे तो माफ करज्यो वीरा रे,
राजी राखो जगरां बाप म्हारा हीरा रे।[2]

अर्थ : विविध प्रकार के व्यंजनयुक्त भोजन करवाकर बहन भाई के माथे पर कुंकुम तिलक करती है। हृदय से अपने भाई के दुःख द्वन्द्वों को दूर करने के लिए और उसके दीर्घायुष्य की कामना से आशीष देती है। फिर अपनी भूल चूकों को क्षमा कर देने के लिए भाई से याचना करती है। इसके पश्चात भाई-बहन की आशा पूर्ण कर विदा लेता है।

×××××

1-2. श्री मोहनलालजी व्यास शास्त्री की डायरी से (गंगाप्रसाद कमठान)

(4) संस्कारों के गीत :

(i) गर्भावस्था के गीत :

गीत : नारंगी :

मालीका रे खिडकी खोल भँवर ऊभा बारणो।
आओ कवरां बैठो नी पास, कांई तो कारण आया?
म्हारी धण ने पैलो जी मास नारंगी में मन गयो जी।
नारीं रा लागै छै हजार, कलियाँ रा पूरा डोड़ सेजी।
नारंगी रा दांता हजार, कलियांरा पूरा डोड से जी।
पैली खाई खाटी लागी, दूजी खट-मीठी लागी।
तीजी ने बींदड़ राजा जनम लियो।
म्हारी धण ने दूजो जी मास, नारंगी में मन गयो.
म्हारी धण ने तीजो जी मास, नारंगी में मन गयो.
म्हारी धण ने चोथोजी मास, नारंगी में मन गयो.
म्हारी धण ने पाँचवोजी मास, नारंगी में मन गयो.
म्हारी धण ने छठो जी मास, नारंगी में मन गयो.
म्हारी धण ने सातवोंजी मास, नारंगी में मन गयो.
म्हारी धण ने आठवों जी मास, नारंगी में मन गयो.
म्हारी धण ने पूरा जी मास, नारंगी में मन रह्यो।[2]

अर्थ : माली के लड़के खिड़की खोल, भंवर जी बाहर खड़े हैं। आओ कुंवरजी पास बैठो, किस कारण आना हुआ? हमारी स्त्री के पहला महीना है और उसका मन नारंगी में लगा है। नारंगी के लगते हैं हजार और कली के पूरे डेढ़ सौ जी। नारंगी के देंगे हजार और कली के पूरे डेढ़ सो जी। पहली खाई तो खट्टी लगी और दूसरी खाई तो खट-मीठी लगी। तीसरी में बींदड़ राजा ने जन्म लिया।

मेरी स्त्री को दूसरा महीना लगा है और उसका मन नारंगी में गया है। इसी प्रकार तीसरा, चौथा, पाँचवां, छठा, सातवां, आठवां और पूरे नौ महीने हो गए हैं और उसका मन नारंगी में रह गया है।

×××××

हालरे (सौहर) के गीतों में एक गीत भैरूँजी है, जिसमें एक अपुत्रवती स्त्री पुत्र के लिए भैरव की प्रार्थना करती है।

भैरूँजी (हालरो)

भैरुँजी काठे रे गँवाँ री चोढूँ लापसी, माँय तो गायाँ रो देसी घीव
कासी रा बासी एक तो अरज म्हारी हेलो साँभळो।
भैरुँजी देराण्याँ-जेठाण्याँ मनें मोसो बोलियो,

---

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 151-152

देराण्याँ जेठाण्याँ रे हींडै पालणो।
भैरुँजी हूँ एक पुतर बिन कुळ में बाँझड़ी।। कासी रा बासी.
भैरुँजी कदेय न भीजी म्हारी दूधाँ काँचळी;
भैरुँजी कदेय न भीज्यो म्हारो काँधो लाल सूँ।
कासी रा बासी, अेक पुतर बिन कुळ में बाँझडी।
भैरुँजी सास सपूती, बीँ रे देवरियो लाडलो।
भैरुँजी नणदल ऊँनाळे री बळती ए लाय। कासी रा बासी।
भैरुँजी कासी मैं बाजै थारे घूघरा, कोडाणो मै बाजै नगर निसाण।
तोळाणो रा भैरुँ, एक अरज तो म्हारी हेलो साँभळो।।
भैरुँजी पीवरिये रे माँय धसूँ देवळो।
आरती जाँवती ने हूँ थाँने धोकस्यूँ।
भैरुंजी एक एक तो अरज म्हारी हेलो साँभळो।[1]

अर्थ : हे भैरव, मैं काठे (मरुभूमि में पैदा हुए) गेहूँओं की लपसी चढ़ाऊँगी। उस में गाय का घी डालूँगी। हे काशी के बासी, एक अरज मेरी सुनो। देवरानी, जेठानी ने मुझे ताना मारा है। उनके तो पलने में पुत्र झूल रहे हैं; मैं अभागिनी कुल भर में एक ही बिना पुत्र की बाँझ हूँ।

हे भैरव, स्तन के दूध से मेरी काँचली (आँचल) कभी नहीं भीगी, न मेरा कंधा भीगा। प्यारे पुत्र के मुख से टपकी हुई लार से। काशी के वासी, मैं अभागिनी कुल भर में अकेली निपूत बाँझ हूँ। मेरी सास सुपुत्रवती है, उसके लाडला देवर पुत्र है और ग्रीष्म की तीव्र आग की तरह जलती भुनती मेरी ननद उसकी पुत्री है। ये दोनों मुझे व्यंग्य कसते हैं।

हे देव, काशी में आपके नाचते समय के घुँघरु बजते हैं और कोडमदेसर में आप के निसान धहराते हैं। हे तोलियासर के भैरव, मेरी विनम्र प्रार्थना सुनो।

मैं पीहर में आपका मंदिर स्थापित करुँगी और आते-जाते आपका वंदन करुँगी। केवल एक प्रार्थना मेरी सुनो।

×××××

जच्चा :

किसी नवविवाहिता वधू के प्रथम बार गर्भाधान होना अत्यंत मंगलमय माना जाता है। गर्भवती स्त्री का पति परदेश जा रहा है। पति की अनुपस्थिति में अजवाईन आदि की व्यवस्था कौन करेगा? गर्भावस्था के आठवें मास में स्त्रियाँ 'अजमी' गाती हैं-

गीत : थेइज ओ केसरिया सायब गांव सिधाया ओलगणा,
सिधाया ओ अजमौ कुण मोलावे ओ राज।
थेइज ओ मांनेतण रांणी हालरियो जिणजौ,

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 34-35

धेनड़ियो जिणजौ ओ अजमो म्हारा भावोसा मोलावो ओ राज ।[1]

अर्थ : ओ केसरिया प्रियतम! आप दूसरे गाँव जा रहे हो। ओ राज, अब अजवायन कौन खरीदेगा? ओ मानेती रानी! तुम पुत्र उत्पन्न करना, अजवायन मेरे बाबोसा खरीद देंगे।

जन्म से पूर्व प्रसव वेदना से पत्नी व्याकुल हो रही है। पति बाहर चौपड़ खेलने में मस्त है। पत्नी पति के दाई बुलाने के लिए सूचना देना चाहती है। क्या कहे? कैसे कहे?

गीत : ओ राजा सार रमता पीव ये पासा दूर धरौ वे हां।
ओ राजा सार धरौ चित्रसाल पासा रंगमेल धरौ वे हां।
ओ राजा जाजय देवौ उठाय साथीड़ा ने सीख दैवो वे हां।
ए म्हारी सदा सवागण नार थांरे कांई हुयो वे हां।
ओ राजा लाज सरम री बात पियाजी से कांई केवूं वे हां।
ए गोरी थारो म्हारो जिवडो एक दोनूं बिच कोण सुणे वे हाँ।
ओ राजा धसमस दूखे पेट कमर में चीस चाले वे हां।
ओ राजा होय घुडले असवार दाईजी ने लेण चालौ वे हां।[2]

अर्थ : ओ राजन! हे प्रियतम! आप खेलते हुए सार व पासों को दूर रख दो, ओ राजन! सार को चित्रशाला में व पासे रंगमहल में रख दो। ओ राजन, जाजम, उठवा दो व साथियों को विदा करो। ए मेरी सुहागिन प्रिया। तुम्हारे क्या हुआ? ओ राजन, लाज शरम की बात है, मैं अपने प्रियतम को क्या बताऊँ? ओ गौरी तुम्हारा और मेरा जीवन एक है। दोनों के बीच कौन सुनने वाला है? ओ राजन्। पेट कसमसाता हुआ दुखता है व कमर में चीस चलती है। ओ राजन! घोड़े पर सवार होकर दाई को लेने जाओ।

×××××

जन्मोत्सव पर प्रसूता स्त्री को पीली चुनड़ ओढ़ाते हैं इसे 'पीळो ओढ़ना' कहते हैं। राजस्थान में 'पीलौ' सौभाग्यवती एवं पुत्रवती स्त्री का मांगलिक परिधान है।

हालरा

गीत : मा, सहस-तळावां में गई जे।
रीता ए समँद-तळाव, हंसा बुगला उड रह्या जे।
मा, बाग बगीचाँ मैं गई जे।
मा, काचा ए दाड़म दाख, कोयल कागा उड गया जे।
मा, सहस बजाराँ में मैं गई जे।
मा, हाट्याँ ए सैं जड़ली हाट, बाजीगर का उठ रह्या जे।
मा, राय रसोयाँ में मैं गई जे।
मा, जीमै देवर जेठ, बाई जी रो उठ रह्या जे।

1-2. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 152

मा, रंग महलाँ में मैं गई जे।

मा, सूत्या ए बाई जी का वीर, हाथ पकड़ ओठी करी जे।

मा, आयो ए आळ-जंजाळ।

मा, ..., कूखड़ली वैरण भई जे।

मा सहस-तळावाँ मैं गई जे।

मा, भरियो हिनोला खाय, हंसा बुगला रम रह्या जे।

मा, सहस-बगीचाँ मैं गई जे।

मा, पाक्या सै दाड़म दाख, कोयल सुवटा खा रह्या जे।

मा, सहस-बजाँरा में मैं गई जे।

मा, हटवाँ सै खोली हाट, बाजीगर का रम रह्या जे।

मा, रंग महलाँ में मैं गई जे।

मा देख्यो गीगो महलाँ माँय, पालणिये में झूलतो जे ॥[1]

अर्थ : पुत्र विहीना अभागिनी सरोवर के किनारे गई। उसे देखकर हंस, बगुला आदि पक्षी उड़ गए। वह बगीचे में गई तो वृक्षों पर फलों को कच्चा पाया औ बाग के पक्षी उसके अशुभ दर्शन से उड़ गए। बाजार में गई तो दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। घर की रसोई में गई, तो देवर-जेठ उससे घृणा कर उठ खडे हुए। यही नहीं, रंग महल में पति ने भी इस निपूती अभागिन का स्वागत नहीं किया। हाय, एक पुत्र के बिना इस अभागिन के लिए सारा संसार शून्य है, अमंगलमय है-अस्पृश्य है।

परंतु ज्यों ही दैव की कृपा से इस स्त्री की कोख पुत्रवती हुई, त्यों ही सारे संसार का रंग बदल गया। सरोवर, बाग, घर, रंगमहल सब जगह इस का आदर हुआ। पलने में झूलते हुए पुत्र के मुखड़े की हास्य रेखा ने सारी दुःख कालिमा को धो कर आर्दस्थ्य के चित्रपट पर नए स्वर्गीय सुंदर चित्र अंकित कर दिए। सब कुछ कह लेने के बाद आखिर यह उस अभागिन का स्वप्न ही है जो वह अपनी माँ से कहती है।

×××××

हालरियो

गीत : सोजा सोजा रे हालरिया, बारे हाबू आयो रे,

थारे बाप गिया परदेशां, थारी माय झुरे हमेसा,

कणीने दुख आपणो केसां, जपजा जपजा मारा लाल

बारे हाबू आयो रे ॥

अब नणवीरो वीरो आशी, थारे आछा रमत्या लासी।

थने हँस कर गले लगासी, थने घणो खेलाई गोद ॥ बाद. ॥

लाला ने लेर बारण सूती, कणकी नजर लगाई कपूती।

ही कुण अशी रांड अणूती, जणी मार्यो नजर रो बाण ॥ बारे.. ॥

सात लूण कांकरियाँ लीटी, सात राती मरचां लीटी।

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 67-69

लाल पर खारी चितरां कीधी, लीदी इक्कीस बार उतार ।। बारे.. ।।
आग में लूण मरच नकवायो, तड़ी को लूण को न सुण पायो ।
मिरच धूओं नाम नी आयो, चट लाला ने आ गई नींद
सोजा सोजा रे हालरिया, बारे हाबू आयो रे ।।[1]

अर्थ : माँ अपने पुत्र पर अपनी ममता की बौछारें लुटाती हुई लोरी गाकर अपने लाडले पुत्र को सुलाने का यत्न कर रही है। बच्चा अनेकों प्रयत्न पर भी जब नहीं सोता तब हार कर हालरिये को जोरों से पलने में झुलाती हाऊँ का हव्वा दिखाती कहती है तू सोजा मेरे लाला बाहर हाऊँ आया है, तेरे पिता भी परदेस गए हैं, विदेश जाने से स्वयं दो-दो कतरे आँसू बहा रही हूँ। अतः तू सोजा लाल, मुझ पर दया कर। मैं अपने कष्ट को किसके सामने कहूँ? तू सुनता भी है? मेरे रोने को? अब मेरे लाल सोजा - हव्वा आने वाला है - मैं अपना दुःख किससे कहूँ।

और फिर तेरे सो जाने के बाद मेरी ननँद बाई के भाई (तेरे पिता) तेरे लिए खेलने के अच्छे-अच्छे खिलौने लाएँगे और तुझे हँस कर गले लगा लेंगे, अपनी गोद में खिलाएँगे - क्योंकि तू अच्छा मुन्ना है, सो जाएगा। मगर माता के लाल तो मनमानी ही कर रहे हैं। सोते नहीं - रोते हैं अतः माता को संदेह होता है कि मैं तुझ लाल को लेकर बाहर सो गई थी। किसी निपूती ने तुझ पर नजर लगा दी, वह बड़ी दुष्टा थी जिसने तेरी सुंदरता को देख द्वष्टि लगा ही दी। बड़ी बुरी नजर थी। अतः नजर उतारने के लिए सात नमक की डलियाँ और ७ लाल मिरचें लेकर मेरे लाल पर इक्कीस बार वार कर आग में डालती हूँ - देख-देख नमक के जलने की तड़क की आवाज भी नहीं आई और न मिर्च का तनिक भी धुआँ ही निकला। इसलिए अब तुझे झटपट नींद आ जाएगी। सो जा मेरे लाल (2)।

×××××

बधाई : पुत्र जन्मोत्सव पर यह गीत गाया जाता है। माता अपने नवजात शिशु पर अपना वात्सल्य लुटाती जान पड़ती है। जन्म की बधाई देती है -

गीत : थारी ने बधाई लूरे नाना खेलो म्हारा बीर
थाली लीदी लोट्या लीदो लीदी सोहन थाल
कीका थारे कारणो, म्हां पूजा खेतरपाल ।। थारी ... ।
जावा ला बाजार में, लावां लां मिठाई,
आवेला नणजी रो वीर, बांटे ला बधाई। थारी... ।[2]

अर्थ : माता अपने पुत्र से कहती है कि हे पुत्र! मैं तेरी बधाई लेती हूँ। तू यहाँ (गोद में) खेला कर। मैंने तेरे लिए बर्तन बासन, सोने के थाल आदि खरीदे हैं। और तेरे लिए मैंने (क्षेत्रपाल) भैरव की अर्चना की है। ननद के भाई (तेरे पिता) आएंगे, तब बाजार में जाकर मिठाई लाएंगे और बधाई बाँटेंगे।

'नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' कह जन्मोत्सव की बधाईयों से पिता भी अपने हर्षातिरेक को व्यक्त करता है। आज उसके आनंद जो हुआ है।

1-2. राजस्थानी लोकगीत - भाग 4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 21 से 25

गीत : पीलिया –

हां ये जच्चा माथा ने मेमद लावजो ए जच्चा रखड़ी रतन जडाय,
सिरदार जच्चा ए उमराव जच्चा एथे तो महीन बंधन रो पीलो ओढ़ो।
हां ये जच्चा काना ने दडियो लावजो ए जच्चा जटना रतन जडाय।
सिरदार जच्चा उमराव जच्चा ए थे तो महीन बंधन रो पीलो ओढ़ो।
हां ए जच्चा ए हिवडे ने दार लीलावजो थारे टेवटो रतन जड़ाय।
उमराव जच्चा में सिरदार जच्चा ए तो महीन.... ओढ़ो।
हां ए जच्चा जाया ने घुडला थे लावजो ए वांरे गजरा रतन जडाय,
सिरदार जच्चा उमराव जच्चा ए थे ...... ओढ़ो।
हां ये जच्चा पगलिया ने पायल लावजो ए थारे बिछिया रतन जडायी,
सिरदार जच्चा उमराव जच्चा ..... पीलो ओढ़ो।[1]

पालना गीत :

गीगा काम करुं रे चित पालणे में।
मारो हियो रे हिलोरा खाय, रे मारो रायमल हींडे पालणे में।
गीगा दादा सा आया रे हींडो दे गया,
गीगा करगा लाड ने प्यार।
रे मारो रायमल हीण्डे पालणो।
गीगा भाई सा आया रे हीण्डो दे गया।
गीगा कर गया लाड नै प्यार... रे मारो... [2]

लोरी :

लोरी लोरी गीगा लोरी, थारै गाय वियाई गौरी,
म्हारा गीगा धाय राज लोरी।
गीगै रे दादेजी नै वेग बुलाओ, म्हारै गीगे राकोड कराओ।
म्हारा गीगा धाय राज लोरी। थांरी दूधां भरी कटोरी – म्हारा..
गीगे री दादीसा ने वेग बुलाओ, अगलिये चढ़ सोहन थाळ बजायी।[3]

जनेऊः

गले जनेऊ लाडा पाट के री डोरी, भिक्षा पुरसे बहू सूरजजी री गोरी।
गले जनेऊ लाड़ा पाट के री डोरी, भिक्षा पुरसे रामजी री गोरी।
गले जनेऊ लाड़ा पाट के री डोरी, भिक्षा पुरसे ब्रह्माजी री गोरी।

1-2. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल, पृ. 12,15,16

गले जनेऊ लाडा पाट के री डोरी, भिक्षा पुरसे बहू महादेव जी री गौरी।
गले जनेऊ बहु पाट के री डोरी, भिक्षा पुरसे बहू सुख दे गोरी।[4]

बधावा:

हरजी तो आवत म्हे सुण्या, दूधां तो बरस्यो मेह जी।
आज बधावो मेरे राम को। चनण चौकी हरनैं बैसना, दूध पखाळां हर का पांवजी।
आज बधावो मेरै राम को। चावल राधां हर नै ऊजला, हरिया मूंगां की दाळ जी।
घी बरतावां हर नै टोकसां, जाळा तो पर री खांड जी। आज बधावो मेरे.. राम को।
पूडी तो पोवां हर नै लड़झड़ी, तीवण तीस बतीस। आज... कैर करैली हर नै सेतलां,
पापड़ तळां ए पचास। जीमत निरखां हर की आंगळी, मुळकत निरखां दांत।
मूंगफळी सी आंगळी, दांत दाड़ूं का बीज। आज बधावो रे मेरे राम को।[2]

गीत :

उधयपुर से तो सायबा पीलो मंगाओ जी।
तो नानी सी बंधण बंधाओ गाढ़ा मारुजी।
पीला तो पल्ला साहेबा बंधण बंधावो जी।
तो अधबिच चांद छपावो गाढ़ा मारुजी।
पीळो तो ओढ़ म्हारी जच्चा पोढ़े जी।
बड़ी तो सराही सहर सराही गाढ़ा मारुजी।
पीळो तो ओढ़ म्हारी जच्चा महल पधारोजी।
तो कोई है सपूती निजर लगाई गाढ़ा मारुजी।[3]

अर्थ : ओ प्रियतम! उदयपुर से पीली चूनड़ मंगवाओ। ओ अच्छे मारुजी। उस चूनर के महीन 'बांधण' बंधवाओ। ओ प्रियतम! इस पीले के पल्ले बंधवाओ और अधबिच में चांद छपवाओ। ओ प्रियतम। पीलो ओढ़कर सोयेगी तो सारे शहर में उसकी सराहना होगी। ओ प्रियतम। पीला ओढ़कर मेरी जच्चा महल में गई तो किसी सपूती ने उसके नजर लगा दी।

×××××

सन्तान उत्पन्न होने के सातवें दिन 'सूर्य पूजा' होती है। इस अवसर पर जच्चा स्नान करती है, नवीन वस्त्र धारण करती है और घर से छूआछूत का सामान दूर किया जाता है या शुद्ध किया जाता है।

1-2. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल, पृ. 23, 28
3. राजस्थानी साहित्य का इतिहास (तृतीय अध्याय) : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 153

सूरज पूजा का गीत

सूरज पूजतां कुरजा नावण थूं कठे जाय?
जणी घर सूरज पूजती सूरज पूजवाने जाय।
डूंगर चढती बेलड़ी ढोलण थूं कठे जाय?
जणी धर सूरज पूजती ढोल बनावा ने जाय।
डूंगर चढ़ती बेलडी कुमारण थूं कठे जाय?
जणी घर सूरज पूजती कलस बढ़ावा ने जाय।[1]

अर्थ : सूरज पूजा करने के लिए नाईन चलने लगी, तो कुरज बोली –नाईन, तू कहाँ जाती है? जिस घर में सूरज पूजा है, मैं वहीं सूरज पूजा के लिए जाती हूँ। पहाड़ पर चढ़ती हुई बेलड़ी बोली ढोलिन! तू कहां जाती है? जिस घर में सूरज पूजा है, मैं वहीं ढोल बजाने के लिए जाती हूँ। पहाड़ पर चढ़ती बेल बोली कुम्हारिन, तू कहाँ जाती है? जिस घर में सूरज़ पूजा है, मैं वहीं कलश बंधाने जाती हूँ।

सूरज पूजा के लिए दूसरा गीतः

सूरज पूजण बहू नीसरी, भला भला सुगण मनाय।
तू मत जाणे जच्चा मैं बडी जी ,
राणी भाग बड़ो छै थारी सांसू को, जिण जाया पूत सुलखणा।
दोय दोय लाडू सोंठ का धण उठी मचकाय,
सूरज पूजण बहू नीसरी।[2]

अर्थ : अच्छे अच्छे सुगन बनाकर बहू सूरज पूजने के लिए निकली। जच्चा तू मत समझना की 'मैं बड़ी हूँ' राणी तेरी सासू का भाग बडा है, जिसने अच्छे लक्षण वाले पुत्र को जन्म दिया है। दो दो लड्डु सोंठ के खाकर स्त्री उमंगित होती हुई सूरज पूजा के लिए निकली।

×××××

बालक जन्म के बाद 'जलवा' अर्थात् जल पूजने का संस्कार भी होता है। इस अवसर पर माँ के मस्तक पर छोटा कलश रखा जाता है और उसके साथ स्त्रियाँ गीत गाती हुई जल पूजने के लिए कुएँ या तालाब पर जाती हैं। वे मार्ग में इस प्रकार गाती हैं–

गीत :

कौण चिणायो झालरो, कौण लगाई गज नींव?
पूज सुहागण जच्चा झालरो।
सुसर चिणायो झालरो, जेठजी लगाई गज नींव। पूज.
कौण की या कुल बहू, कौण की या धीय?
सुसराजी की कुल बहू, सात पांचा की है धीय।
भाई तो बहन सहोदरा, पिया की बड़नार। पूज.

---

1 राजस्थानी साहित्य का इतिहास (तृतीय अध्याय) : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 154

ओढ़ पह जच्चा नीसरी, थालागाजी के बजार।
मांढ़ो तो चूंढो कूलडो, गाढ़ो भी लिया माय। पूज.
या कूलड़ो जब नीकले होकर जलवा माय,
कोथली को मूंढो सांकड़ो धुल रही रेशम डोर। पूज.
दे थारा डूम खवास ने सास ननद पहराय।
बहू ए विदाई माता थे जायो सुलक्षणो पूत
पूज सुहागण जच्चा झालरो।[1]

अर्थ : किसने कुएँ पर झालरा चुनवाया और किसने गरही नींव लगवाई? सुहागन जच्चा। झालरा पूज। सुसराजी ने झालरा चुनवाया और जेठजी ने गहरी नींव लगवाई। किसकी यह कुल बहू है और किसकी यह लड़की है? सुसराजी की यह कुल बहू है और पांच सात घरों की (प्यारी) यह बैटी है। भाई-बहनों की सहोदरा और अपने प्रियतम की मानी हुई स्त्री है। जच्चा थानागाजी के बाजार में पहिन ओढ़कर निकली। सुंदर चित्रित, कुल्लड़ के भीतर गाढ़ा सामग्री है। कूलड़ा लेकर बच्चे की माँ जलवा में निकली किंतु रूपये की थैली का मुँह सँकड़ा है और रेशम की डोरी बंध रही है। सास ननद ने घेरा अपने डूम का दिया है। माँ तुमने अच्छा लक्षण वाला पुत्र उत्पन्न किया जिससे इस बहू का विवाह हुआ। सुहागन जच्चा झालरा पूज।

×××××

राजस्थानी लोकगीतों में 'लोरी' का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है। माँ आसपास की प्रकृति, पशु-पक्षी आदि से बच्चे का परिचय कराती है-

गीत:

गीगा ने खिलायी ए चिड़कली
गीगा ने खिलायी ए।
गीगा रोवै च्याऊँ म्याऊँ
गीगो ने हंसायी ए चिडकली, गीगा ने खिलायी ऐ।
पगां अक बाँधूं घूघरणा थारै
बल मोतीड़ा रौ हार, ए चिड़कली, गीगा ने...[2]

अर्थ : ओ चिड़िया। छोटे बच्चों को खेलाओ। छोटा बच्चा च्याऊँ-म्याऊँ रोता है। ओ चिड़िया। छोटे बच्चे को हँसाना। ओ चिड़िया। तेरे पैरों में मैं घूंघरू बाँधूं और तेरे गले में मोतियों का हार पहिनाऊँ। छोटे बच्चे को खेलाना।

×××××

'गाडूलौ' नामक लोकगीत भी राजस्थान में बहुत प्रसिद्ध है। स्नेहमयी माता खाती से कह रही है कि उसके पुत्र के लिए एक सुंदर सा गाडूला घड़ ला-

---

1-2. राजस्थानी साहित्य का इतिहास (तृतीय अध्याय) : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 154-155

गीत :

सुण सुण रे खाती रा बेटा, गाडूला घड़ ल्याव।
गाडूला घड़ ल्याव, म्हारे गीगा ने मन भाय।
आम को गाडूलौ घड़ ल्याव चांदी का पात चढ़ाय।
सोने की खाती रा बेटा, कील ठोकाय।
सुण सुण रे खाती रा बेटा, गाडूलो घड़ ल्याव।[1]

अर्थ : हे खाती के बेटे। सुन एक गाड़ी बना के ला जो कि मेरे छोटे बच्चे के मन को भा जाय। आम की लकड़ी की गाड़ी बना। उस पर चाँदी का पात चढ़ा व सोने की कीलें ठोक दे। सुन खाती के बेटे मेरे पुत्र के लिए गाड़ी घड़ ला।

×××××

यज्ञोपवित : इसे जनेऊ कहकर भी पुकारते हैं। विभिन्न जातियों में विभिन्न आयु व अवसर पर यज्ञोपवित का विधान है। यज्ञोपवित संस्कार से विद्याध्ययन आरंभ माना जाता है। इस अवसर पर गृहशांति, हवन आदि धार्मिक क्रियाओं के बाद लड़का गुरु के पास काशी जाने का रिवाज पूरा करता है। कुछ कदम भागने पर लोग उसे पकड़ लाते हैं।

गीत :

बालो चाल्यो ए बहन बनारस जी,
बांका दादासा जाबा न देय, कुंवर बाला यहीं पढ़ो जो।
थांका पढ़वा ने देस्यां मेड़ी ओवरा जी,
थांका गुरुजी ने देस्यां चतर साथ,
कंवर बाला यहीं पढ़ोजी।
थांका गुरुजी ने देस्यां दक्षणा धोवती जी,
थांका साथीड़ा ने देस्यां पचरंग पाग।
कंवर बाला यहीं पढ़ोजी।[2]

अर्थात् ओ बहन। प्यारा लड़का बनारस पढ़ने चला। उसके दादाजी जाने नहीं देते, प्यारे कुँवर यहीं पढ़ोजी। तुम्हारे पढ़ने के लिए हम 'मेड़ी और औवरे' देंगे। तुम्हारे गुरुजी को अच्छा साथ देंगे, प्यारे कुँवरजी यहीं पढ़ो। तुम्हारे गुरुजी को दक्षिणा और धोती देंगे। तुम्हारे साथियों को पचरंगी पाग देंगे। प्यारे कुँवर यहीं पढ़ोजी।

(5) विवाह के गीत : विवाह के अवसर पर कई प्रकार के लोकाचार होते हैं। सर्वप्रथम सगाई होती है जिसके अनुसार आपस में विवाह निश्चित किया जाता है। इसके पश्चात् मुहूर्त निश्चित किया जाता है, जिसमें गणेश स्थापना की जाती है। इस अवसर पर 'विनायक' गाया जाता है–

1-2. राजस्थानी साहित्य का इतिहास (तृतीय अध्याय) : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 155-156

विनायक : गीत –

पूरब दिशा में सूर्यदेवजी समरथ जी।
हाँ जी देवा सहस किरण ले उगसी।
मालिक तुम बिन और नहीं आसी।
वेग पधारो गोरां का गणपतिजी।
पच्छिम दिशा में चांद देवा समरथ जी,
हाँ जी देवा नौ लाख तारा लासी। वेग पधारो.
कैलाशपुरी में सदा शिवजी समरथ।
हां जी देवा ढूंडियां नाड्या लारां लासी।
वेग पधारो राणी गोरां का गणपतजी।[1]

अर्थ : पूर्व दिशा में सूर्य देवता सामर्थ्यवान हैं। हाँ जी यह देवता हजार किरणों से उदय होंगे। स्वामी तुम्हारे बिना दूसरे कोई नहीं आएँगे। गोरां के गणपतिजी जल्दी पधारो। पश्चिम दिशा में चाँद देवता सामर्थ्यवान हैं। हाँ जी, देव के नौ लाख तारे के साथ लाएँगे। कैलाशपुरी में सदा शिव सामर्थ्यवान हैं, वे भूतप्रेत साथ लाएँगे। रानी गोरां के गणपतिजी। जल्दी पधारिए।

×××××

गजानन्द :

निम्न गीत विवाह के प्रारंभ में गणपति पूजन के समय गाया जाता है। कोटा में इंद्रगढ़ के गणपतिजी को इसमें संबोधित कर इसकी रचना की गई है। गणपति रिद्धि-सिद्धि के दाता हैं और वे ही संपूर्ण मंगल कार्यो के विधाता और अमंगलों के त्राता हैं। यह गीत हाड़ौती प्रदेश का है–

गीत :

चालो गजानंद जोसीड़ा रे चालां,
लागन्या बोलाई वेगा आवो
कोटा री गादी पर नोबत बाजे, इन्दरगढ़ गाजे
झरण झरण झालर बाजे
ओ कोटारी गादी पर नोबत बाजे।
चालो गजानंद कुँवारिया चालां
कलस्या मोलाई बेगा आवो गजानंद
चालो ओ गजानंद साजनिया रे चालां
लाडली मोलाई बेगा आवो गजानंद
कोटारी गादी पर नोबत बाजे।[2]

---

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास (तृतीय अध्याय) : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 156
2. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 2-3

अर्थ : इस गीत में श्री गजानंदजी को प्रथम प्रार्थना यह की गई है कि ज्योतिषी के यहाँ स्वयं पधारकर वे ही लग्न मुहूर्त निकलवा लाएँ। इसके पश्चात् कुंभकार के यहाँ जाकर कलश लाने की अभ्यर्थना और इस प्रार्थना पर जब वे कोटे के इन्द्रगढ़ की गादी से प्रस्थान करते हैं तो झरण झरण झालर बजने लगती है और नोबत बजाई जाती है। इस प्रकार उपर्युक्त कार्यों के अंत में उनसे समधी के यहाँ जाकर कन्या के गुणों का मूल्य कर आने की प्रार्थना है।

×××××

विवाह के समय अनेक प्रकार के रीति रिवाज होते हैं। वर-वधु के तेल चढ़ाना, पीठी करना आदि। 'उबटन' को राजस्थान में 'पीठी' कहते हैं। आटे, हल्दी, तेल आदि के मिश्रण से पीठी बनाई जाती है। गीत के साथ नाई या नाईन वर-वधु को पीठी करना आरंभ करती है-

गीत : गहूँ ए चिण रो ऊबटणो, मांय चमेली रो तेल
अब लाडो बैट्यो ऊबटणै ॥१॥
आओ म्हारी दाद्यां निरख लो, आओ म्हारी मायां निरखल्यो
थां निरख्यां सुख होय, अब लाड़ो बैठ्यो ऊबटणै ॥२॥
तो कर लाड़ा ऊबटणो, थारा ऊबटणां में बास घणी
थारी दाद्यां संजौयो ऊबटणों, थारी माया संजोयो ऊबटणो ॥३॥
कोई तेल फुलेल चम्पेल घणी, चम्पा री कलियाँ सुगन्ध घणी
लाडा रा मन में खांत घणी ॥४॥[1]

अर्थ : गेहूँ और चने का उबटना है जिसमें चमेली का तेल। अब लाड़ा (प्यारा) उबटना करने बैठा। आओ मेरी दादियों। मुझे देख लो। आओ मेरी माताओं, मुझे देख लो, आपके देखने से ही सुख होगा, अब लाड़ा उबटना करने बैठा। अब लाड़ा उबटन चालू कर, तेरे उबटन में सुगंध बहुत है, तेरी दादियों ने उबटन बनाया, तेरी माताओं ने उबटन बनाया। तेल, इतर व चंपा की सुगंध बहुत है। चम्पे की कलियों की सुगंध बहुत है, लाडा के मन में प्यार बहुत है।

×××××

गीत : हरियाला बनांकर लो सोघठडो, ई में राय चमेली रो तेल
ओ हरियाला बनडा.....
थारे बाबा सा संजोयो सोघठडो थारो माता पूर्‌यो तेल।
ओ हरियाला बनडा.....
थारे काकोशा संजोयो सोघठडो, थारी काकी पूर्‌यो तेल।
ओ हरियाला बनडा.....
थारे मामासा संजोयो सोघठडो, थारी मामी सा पूर्‌यो तेल।
ओ हरियाला बनडा.....[2]

---

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास (तृतीय अध्याय) : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 157
2. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 7-8

अर्थ : श्याम बना (दूल्हा) सोगठडे में राय चमेली का तेल मिलाया गया, तुम्हारे बाबाजी ने तैयार करवाया है और तुम्हारी माता ने इसमें तेल डाला है, तुम्हारे काका साहब ने इसे संजोया और काकी साहब ने तेल मिलाया है। तुम्हारे मामा साहबने इसे बनाया और मामी साहब ने तेल पूरा है। अतः श्याम बना तुम इसे लगा लो।

×××××

जब बारात के निकलने का समय होता है तब दिन को सुबह उखरड़ी (रोड़ी) पूजी जाती है। राजस्थान में यह कहावत प्रसिद्ध है कि 'उखरड़ी में रतन जन्मे।''

अर्थ : निम्न लिखे गीत में स्त्रियाँ बधावे को पक्षी रूप होकर और सोने की चोंच के रूप में सुसराजी के द्वार विवाह का शुभ संदेश ले आने के लिए आमंत्रित करती हैं। आटी, बेलण और दही मथने का नेतरण आदि मांगलिक वस्तुएँ थाली में डालकर गीत गाती हुई उखरड़ी के समीप जाती हैं और फिर उसे पूजती हैं-

उखरड़ी (रोड़ी) पूजने का गीत :

सैंयाँ ए उखरड़ी बधावो म्हांरे आवियो।
आयो म्हांरे सुसराजी करी पोल ए,
पंखेरु ह्वैने सोना री डाँडी।
सूवा रे दिवलो बले नै लोलाँ सिग चढे
मोतीडाँ री लागी लड़ा झूम।
सैयाँ ए उखरड़ी बधावो म्हांरे आवियो ॥[1]

बारात के चढ़ते समय का गीत:

केसरियो लूले-लूले पाछो जोवे,
जांणू म्हारा भाभोसा जान पधारे।
भाभोसा जाँनणली रा रतन करावे।
केसरियो लूले-लूले पाछो जोवे।
जांणू म्हांरा वीरोसा जाँन पधारे।
वीरोसा जाँनणली रा रूप;
केसरियो पाछो जोवे ॥
केसरियो लूले-लूले पाछो जोवे,
जांणू म्हारा काकासा जाँन पधारे।
काकासा जाँनणली रा रूप ए,
केसरियो पाछो जोवे।[2]

अर्थ : इस गीत में वींद (वर) बार-बार पीछे की ओर झुककर देखता है कि मेरे साथ कौन-कौन संबंधी चल रहे हैं। कोई पीछे तो नहीं रह गए हैं? वह अपनी बारात में अपने सगे संबंधियों और इष्ट मित्रों को ले जाने के लिए बार-बार याद करता है। गीत में मामा, बहनोई, फूफा आदि संबंधित व्यक्तियों के नाम ले-लेकर यह गीत गाया जाता है।

1-2. राजस्थानी लोकगीत, भाग-2 : शिवसिंह चोयल, पृ. 14-15

बरातियों की स्मृति का गीतः

धूप पड़ै नै धरती तपै
तपै घोड़लियाँ रा पांव,
बना थाँरी जांन में रे।
बीराजा बिना किसविध चालणो रे ॥
बीराजी जांनणली रा रूप ए,
चतुर थांरी जान में।
बीराजी केलूड़ा री कॉम ए,
रेना थाँरी जाँन में रे ॥[1]

अर्थ : बड़े कड़ाके की धूप पड़ रही है, घोड़ों के पैर भी जल रहे हैं। ऐसी अवस्था में वींद (वर) ब्याहने के लिए चल रहा है। भाई के बिना जाना उसे शोभा नहीं देता। वह केलू की लकड़ी के समान अर्थात् अति प्रिय हैं। बिना पिता के विवाह करने जाना किसी को अच्छा नहीं लगता है। बरात में पिता और भ्राता का होना अति आवश्यक है।

×××××

बना (दूल्हा) (श्रीराम)

गीत :

राजा जनक जी री पोल आया फूटरा बना
पूटरा बनाजी राजा जनकजी री पोल
आया फूटरा बना ॥
हाथियाँ असवार होत ढुलत चमर घणा
खमा खमा चोबदार नकीम बोलणा, घना ॥ राजा ... ॥
दोय गोरा दोय सांवला दोही रूप में घणा
सारा में सिरदार राघो रावजी बना ॥ राजा.... ॥
जीं री पोल आया सांवरा बना ॥[2]

अर्थ : राजा जनक के द्वार पर बड़े ही सुंदर बने (दूल्हे) आए हुए हैं, जो हाथियों पर विराजमान हैं और चँवर ढूल रहे हैं। चौबदार और नकीम खम्मा-खम्मा (क्षमा, क्षमा) उच्चारण कर रहे हैं। राजा जनक के द्वार पर आनेवाले बनों में दो गोरे और दों श्याम हैं और दोनों अत्यंत रूपवान हैं। इन चारों भाईयों में शिरोमणि रामचंद्रजी हैं।

वर के साथ स्त्रियाँ विनोद करने से भी नहीं चूकतीं। उनका मंतव्य वर के साथ हँसी करना ही होता है।

गीत : चंपले री चोसठ कलियाँ ए,
बनो पूरे बनी री रलियां ए।

---

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग-2 : शिवसिंह चोयल, पृ. 15-16
2. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4 : मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 20

बनड़े रे हाथ पतासा ए,
बनो करै बनी सूं तमासा ए।
बनड़े रे हाथ में डोरी ए,
बनड़े सूं बनड़ी गोरी ए।
बनड़े रे हाथ में कूंची ए,
बनड़े सूं बनड़ी ऊँची ए।[1]

अर्थ : चम्पा की चौसठ कलियाँ ए, बना बनी की इच्छाएँ पूरी करता है। बनड़े के हाथ में पतासे हैं, बना बनी से तमाशा करता है। बने के हाथ में डोरी (रस्सी) है, बनड़े से बनड़ी गोरी है। बने के हाथ कूंची (चाबी) है, बनड़े से बनड़ी ऊँची है।

×××××

विवाह से पूर्व दूल्हा-दुल्हन को संबंधित व्यक्तियों के यहाँ आमंत्रित किया जाता है। खाना खाकर लौटते समय बनौली संबंधी गीत गाया जाता है, जिसे राजस्थान में बनौला भी कहते हैं।

गीत : झिरमिर झिरमिर मेहवो बरसे मोतीड़ा रा झड लागा।
म्हे थाने पूछूं कुंवर लाडला, थारो बिनौलो कुण न्योतो?
ईसर घर बहू गोरा, म्हारो बिनौलो उण न्योत्यो।
सूरज घर बहू रोहणी, म्हारो बिनोलो उण न्योत्यो।
घर से तो लाड़ो पग पग आयो, घुड़ले चढ़ पहुँचायो।
थे चिर जीवो देवी देवता का जाया, भली ए जुगत पहुँचाया
लाम्बी सी डाँडी को झबरक दिवलो, ऊपर लाल चंदोवो।[2]

अर्थ : झिरमिर झिरमिर मेह बरसता है, मोती झड़ते हैं। मैं तुमको पूछती हूँ कि प्यारे कुँवर, तुम्हारा बिनोला किसने न्योता है? ईसरजी के घर में गोरा बहू है, मेरा बिनोला उन्होंने न्योता है। घर से प्यारा पैदल चल कर आया था, उसको घोड़े पर पहुँचाया गया है। देवी-देवता, आप सभी चिरं जीवो, आपने अच्छी तरह पहुँचाया है। लम्बी डाँडी का तेज रोशनी वाला दीपक है और ऊपर लाल चंदोवा है।

×××××

बरात चढ़ते समय दूल्हा सज-धजकर घोड़ी पर बैठता है, उस समय उसकी व घोडों की, दोनों की आरती उतारी जाती है। उस समय का गीत-

घोड़ी: घोड़ी पग मोड़े, झांझर बाजे।
घोड़ी गई ओ जोसीड़ा री हाट, वारी जाऊँ ओ नारायणगढ़ रो सेवरो।
छोड़ो छोड़ो दादाजी म्हारो सेवरो।
छोड़ो छोड़ो काकाजी म्हारो सेवरो।
घोड़ी पग मोड़े, झांझर बाजे।
म्हाने परणावा री आई हो हूंस।

---

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास, तृतीय अध्याय : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 158

घोडी गई बजाजीरो हाट।

वारी जाऊँ ओ नारायणगढ़ रो सेवरो।

छोडो छोडो मामासा म्हारो सेवरो।

म्हाने आई हो परणवा री हूंस।

घोड़ी पग मोड़े, झांझर बाजे।

घोडी गई नणदोईजी री हाट ,

वारी जाऊँ ओ नारायणगढ़ रो सेवरो।

छोड़ो छोड़ो मासाजी म्हारो सेवरो।

म्हाने परणवा री आई ओ हूँस।

घोड़ी पग मोड़े, झांझर बाजे , वारी जाऊँ ओ नारायणगढ़ रो सेवरो। [1]

अर्थ : घोड़ी पैर मोड़ती है तो झाँजर बजती है। घोड़ी जोसी (पंडित) की हाट में गई है। वारी जाऊँ (बलिहारी जाऊँ) ओ नारायण गढ़ का सेवरा। छोड़ो छोड़ो दादाजी मेरा सेवरा छोड़ो। मुझे विवाह करने की उमंग हुई है। घोड़ी पैर मोड़ती है तो झांझर बजती है। घोड़ी बजाज की हाट पर गई। वारी जाऊँ ओ नारायणगढ़ का सेवरा। छोड़ो छोड़ो मामाजी मेरा सेवरा। मुझे विवाह करने की उमंग हुई है। घोड़ी पैर मोड़ती हो तो झांझर बजती है। घोड़ी नणदोई की हाट पर गई। वारी जाऊँ ओ नारायणगढ़ का सेवरा। मासाजी मेरा सेवरा छोड़ो, मुझे विवाह करने की उमंग हुई है। घोड़ी पैर मोड़ती है तो झांझर बजती है। वारी जाऊँ ओ नारायणगढ़ का सेवरा।

×××××

बरात जिस समय दुल्हन के द्वार पर जाती है तो वहाँ पर दूल्हा तलवार व वृक्ष की टहनी से तारण मारता है। उस समय गीतों में स्त्रियाँ 'कांमण' द्वारा वर को वश में करती है। कांमण का अर्थ जादू-टोना या वशीकरण है। जिसके द्वारा वर को जीवन भर के लिए अपने वश में करना चाहती है। कहीं पर कपासिया आदि वस्तुएँ भी फेंकी जाती हैं। वर के मित्र ढाल द्वारा रोकने का प्रयत्न करते हैं, ताकि वर वशीकरण के अधीन न हो सके।

तोरण के समय का गीत

तोरण में आया राईवर, थर थर कांप्या राज,

बूझा सिरदार बनी ने, कांमण कूण करया छै राज।

म्हें नहीं जाणां, म्हांरा खाती कांमणगारा राज,

खाती को नेग चुकास्यां, कामण ढीलां छोड़ो राज।

छोड़्या ना छूटै, राईवर, करड़ा घुल्या छै राज।[2]

अर्थ : राईवर, तोरण मारने आए, व थर थर कांपने लगे। सरदार बनी को पूछते हैं कि हे प्रिया। कामण किसने किया? मुझे नहीं मालूम, मेरे खाती (बढ़ई) ने कांमण किया है राज। खाती का नेग (दस्तूर) चुकाएँगे, कामण को ढीला छोड़ो ए राज। छोड़ने से नहीं छूटे, राईवर यह तो ज्यादा घुल गया है।

×××××

1-2. राजस्थानी साहित्य का इतिहास, तृतीय अध्याय : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 159-160

कंवर कलेवे का गीत

बेबाइयाँ थाँरी अलियाँ-गलियाँ परी रे बोराव ए,म्हारो कंवर-कलेवे आवियो।
कंवरियो है सुसराजी रो जोध (ए) झमके नै तोरण बाँदियो,
तोरणियो है ताराँ छाई रात, झमके नै तोरण बांदियो ॥[1]

अर्थ : जानणियाँ बींद (दूल्हा) के ससुर (कन्या के पिता) से कहती हैं कि आपके मोहल्ले को साफ़ करवा दीजिए, क्योंकि हमारा प्यारा बना भोजन करने के पश्चात् तोरण बाधने के हेतु यहाँ आएगा। विवाह होने के पश्चात् बरात जब वापस रवाना होकर अपने घर वधू सहित आ जाता है तब दूसरे दिन देवी-देवताओं की जाते (मान्यता) देते हैं फिर कँकण-डोरड़ा खोलते हैं और परिवार की बढ़ी बूढ़ी स्त्रियों को वर-वधू नमस्कार करने संबंधियों के घर जाते हैं। बूढ़ी दादी या माता बींदणी को 'दूधो नहाओ और पूतो फलो' का आशीष देती हैं।

×××××

राजस्थान में सात फेरों की जगह चार फेरे भी होते हैं।

गीत : पैलो फेरो ले म्हारी लाडो बाई दादोसा ने लाडली
दूजो फेरो ले म्हारी लाडो बाई बाबोसा ने लाडली
अगलो फेरो ले म्हारी लाडो बाई वीरोसा ने लाडली
चोथो पेरो लियो म्हारी लाडो होइए पराई
हलवां-हलवां चाल म्हारी लाडो हंसेला सहेलियाँ।[2]

अर्थ : पहला फेरा ले ओ मेरी लाडो बाई तूं दादोसा की लाडली है। दूसरा फेरा ले ओ मेरी लाडी बाई तू बाबोसा की लाडली है। अगला फेरा ले ओ मेरी लाडी बाई तू वीरोसा (भाईसाहब) की लाडली है। मेरी लाडो ने चौथा फेरा लिया। अब वह पराई हो गई है। धीरे-धीरे चलो मेरी लाडो, वरना सहेलियाँ हँसेगीं।

×××××

राइवर - वर-वधुओं का प्रिय गीत है। सप्तपदी के समय फेरे फिरते, और कुल देवताओं की पूजा करने जाते समय गाया जाता है।

गीत : ऊभा तो रीज्यो राइवर चम्पला री छाया,
हेला पाडूं तो मारा काकाजी साँभले।
थरमो खेंचूं तो चमके ओ नादान बनजी,
चमके हो देशोत बनजी ॥
ऊभा तो रीज्यो राइवर चम्पला री छाया,
हेला पाडूं तो मारा बाबोजी साँभले।
थरमो खेंचू तो चमके ओ नादान बनजी,
चमके हो देशोत बनजी ॥[3]

---

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग-2 : शिवसिंह चोयल, पृ. 17
2. राजस्थानी साहित्य का इतिहास, अध्याय तृतीय : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 160
3. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 4-5

अर्थ : वधू का मुख घूंघट में स्वेदयुक्त मुरझा-सा गया है। इधर इसका राइवर उसे वस्त्र से खींचता हुआ आगे बढ़ रहा है। स्त्रियाँ भी १० कदम पीछे ही रह गई हैं। पीछे से वर के दुशाला को खींचकर भी लज्जा संकोच से उसे रोककर कुछ भी नहीं कह सकती, पर घूंघट के पट में मानों इस गीत के भाव को वह सुना ही दे रही हो और स्त्रियाँ दुलहिन के भाव को इस राइवर के गीत में ही गाकर सुना देती हैं और दुल्हन भी कभी चुपके से इसकी पद पंक्ति को गुनगुना देती है। पर राइवर बराबर शरमा रहे हैं और सब के सामने, साथ-साथ चलने में। इसे राइवर की शालीनता ही समझें।

×××××

सेवरा

सेवरे रंग लागो छे जी बनड़ा, झाऊ थांरा सेवरा री लड लूंबा,

झूबा बना लूंबा झूवारा, सेवरे रंग लागो जी बनड़ा ।।[1]

अर्थ : इस लोकगीत में दुल्हन की ओर से पहले प्रसंग छेड़ा जा रहा है और फिर दूल्हे की ओर से। पहले दूल्हे के सेवरे (सेहरा) की शोभा को लेकर गीत का आरंभ किया गया है। दुल्हन (बनी) कहती है बनाजी! आपके सेवरे का रंग मुझे अच्छा लग रहा है। यह लड़ लूँबो और झूँबों से सुसज्जित झगमग झगमग करता हुआ अत्यंत शोभा दे रहा है।

तब बनाजी (दूल्हे) की बात सुनिए - कितने बेचैन हैं ये -

गीत : लाड़ी जी थांरे लेने भेजूं भूर्यो हसती

मकनां हस्ती रा बैठा आवो वरा थे बनड़ी ।[2]

अर्थ : लाड़ी जी साहबा। मेरी बनड़ी जी। आपको लेने के लिए भूरे रंग का मकना हत्थी बेजता हूँ उस पर बैठ पधारिए।

गीत : आज बनाजी थांरा भूर्या हसती सूँड रूलावे।

पूंज रूलावे रा बैठसी डरूँ छूंजी बनड़ा ।।[3]

अर्थ : बनाजी! आज आपका भूरा श्रेष्ठ हाथी सूँड हिलाता है, पूंछ हिलाता है (यद्यपि प्रसन्नता प्रकट करता है) पर मुझे उस पर बैठते डर लगता है।

गीत : आज लाड़ी जी थांरे लेने भेजूं प्रेम पछेवड़ा।

प्रेम पछेवड़ा ओञया आवो वरा छेजी बनड़ी ।[4]

अर्थ : लाड़ जी। मेरी बनड़ी जी। मैं आज ही आपके लिए प्रेम पछेवड़ा - प्रेमावरण वस्त्र भेजने वाला हूँ उसे ओढ़ कर पधारें, यह तो प्रेम पछेवडा है मकना की सूंड-पूंछ से भयभीत होने की कोई बात नहीं और यदि उससे सचमुच डरती ही हों तो इस प्रेम पछेवडे को ओढ़ें, रथ में पधारिए।

गीत : आज बनी जी थांरे लेने भेजूं सायण बायण रा

सायण बायण रा बेठा आवो वरा छे जी बनड़ी। [5]

1-5. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 8-13

अर्थ : बनी जी। आज ही आपको आना पड़ेगा - यदि मकना से डरती हो तो मैं सायण बायण (रथ या सेजगाड़ी) भेज देता हूँ। प्रेम पछेवड़े को ओढ़ कर सेज गाड़ी में ही सेज करती हुई सहज ही पधारें। मगर बनी जी को सेज गाड़ी से भी संतोष नहीं हुआ। और सहज ही कह दिया-

SMT. HANSA MEHTA LIBRARY
M. S. University of Baroda

गीत : आज बनाजी थांरा सायण बायण ढुलकत वाले बना
रुलकत चाले रा, बैठती डरुँ छुं जी बनड़ा ।।[1]

अर्थ : बना जी। बनड़ा जी। आज आपके सायण-बायण इधर-उधर झुकते लुढ़कते चलते हैं और मुझे आज डर लग रहा है।

काव्य द्रष्टि से यह सेहरा लोकगीतों का सेहरा ही है।

×××××

बनी

गीत : गेणला लायो है बनी मुख सुं बोली तो सही
कूँकर बोलूँ ओ बना मुख में पानरी बीड़ी-
हाथ में फूलरी छड़ी।
हुस्यार रेणाओ बनी, समन्दां पार चालांला।
समन्दां पार चालांला, तम्बु वांही ताणाला ।।
तम्बु वांही ताणाला, जाजम वांही रालाला।
जाजम वांही रालाला, चौपड़ वांही खेलाला।
चौपड़ वांही खेलाला, के बाजी वांही जीताला।
चुड़ला लायो ऐ बनी, मुखसुं बोलो तो सही।[2]

अर्थ : हे बनी, मैं तेरे लिए गहने लाया हूँ, जरा मुख से तो बोलो। क्या अब भी नहीं बोलोगी? हे बना मैं कैसे बोल सकती हूँ? मेरे मुख में पान बीड़ी है, हाथ में फूल की छड़ी का छोगा है। बनी सचेत रहना। हम समुद्र पार (परदेस) चलेंगे। अवश्य चलेंगे, वहीं तम्बू तानेंगे, रहेंगे। तने हुए तम्बू में जाजम बिछाएंगे और बिछी हुई जाजम पर चोपड़ का खेल वहीं खेलेंगे। इस चौपड़ के खेल में किसी एक की विजय अवश्य होती है। बनी तेरे लिए सौभाग्य का चूड़ा लाया हूँ। अब मुख से एक बार बोलो तो सही।

× × × × ×

बधावे के गीत (रळी-वधामणा)

यह गीत विवाह के मांगलिक बधावों में गाया जाता है। इसमें गृहस्थ के आदर्श सुख, समृद्धि और कल्याण की कल्पना की गई है। विवाह के बाद वर-वधू के घर आने पर इस गीत से उनका स्वागत किया जाता है-

गीत : म्हारे आंगण आम, पिछोकड़ मरवो।
यो घर सदा ए सुहामणो।
तूँ तो चाल लिछमी जैं घर चालाँ।

---

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 113-115

जैं घर रळी ए वधामणा।
जठे वडाँ ने वड़ाई देसी।
दूणो सो मान सवासण्याँ।
जठे कुळ बहुवाँ ने आदर देसी।
सासू नणद गुण मानसी।
म्हारे गाय गवाडे भैंस वाड़े।
सोवण थाम विलोवणो।
विलोवणो म्हा घ्हर धमकै
आँगण झमकै कुलबहू।
संसार को सुख आज देख्यो।
म्हारो पूत परण घर आवियो।
म्हारे पूत कारण बहू ए प्यारी।
पूत कुळ को दीवलो।
म्हारी सास सपूती से रे सरभर रहस्याँ।
जीभ के गुण आगलाँ।
म्हारी देराण्याँ जेठाण्याँ बरोबर रहस्यां।
काम के गुण आगलाँ।
म्हारे सुगणे सायब सैं म्हे मन चाया रहस्याँ।
कूख के गुण आगलाँ।
म्हारी सही ए सहेल्या बरोबरा रहस्याँ।
रूप के गुण आगलाँ।
इसडो बधावो म्हारे पीहर भेजाँ
भाभी मेडतणी रे जायो गीगलो
चितरे से आँगण म्हारी नणदल ऊभी।
द्यौ म्हारी बाई जी असीसडी।
वीरा, फूलज्यो रे फलज्यो आम की डाली ज्यूं,
वधज्यो वागाँ माँयली दूब ज्यूँ।
सात ए भाभी पूत जणज्यो।
एक जणज्यो डीकरी।
थारी धीमड़ ने परदेस दीज्यो।
ज्यूं चित आवे रुड़ी नणदली।[1]

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 52-54

अर्थः मेरे आँगन में आम और पिछवाड़े में मरवे के वृक्ष खड़े हैं, अतएव मेरा घर सुहावना (सुख-संपत्ति युक्त) लगता है।

हे लक्ष्मी, (नववधू को लक्ष्य करके) चल, उस घर को चल जिस घर में वैवाहिक बधाइयाँ और मंगल हो रहे हैं। वहाँ बड़ों को बड़ाई देना और बहन-बेटियों का दुगुना मान बढ़ाना।

उस घरमें कुलवधू का आदर होता है और वह सास ननद का गुण गाती है-सम्मान करती है। सास कहती है - मेरे घर में गाय और भैंसो से बाड़ा भरा है और सोने के खंभे से मथानी बँधी है।

मेरी मथानी गंभीर ध्वनि से धमकती है और मेरी बहू आँगन में काम करती हुई झमकती है। आज मैंने संसार का पूर्ण सुख देखा है कि मेरा पुत्र ब्याह कर घर आया है। मेरे पूत से भी मेरी पुत्रवधु अधिक प्यारी है और पुत्र तो कुल का दीपक है।

नववधू कहती है - अपनी सुपुत्रवती सास से मिलकर रहूँगी और अपने जीभ (की मिठास) के गुण से उसकी प्यारी बनी रहूँगी। कामकाज के गुणों में मैं अपनी देवरानी-जेठानी के बराबर रहूँगी। (पुत्रवती होकर) कोख के गुणों से मैं अपने सुगुणी पति के चित्त में बसूँगी और रूप सौंदर्य के गुण से मैं अपने सहेलियों के बराबर रहूँगी।

नववधु अपने पति से कहती है - स्वामी, इस बधाई को मैं व्यर्थ ही न जाने दूंगी। यह सुअवसर मुझे बहुत समय बाद मिला है। मैं इस 'बधावे' को (भावनाओं को) अपने पीहर भेजूँगी, जहाँ मेरी भावज के पुत्र जन्मा है। ननद बाई कहती है - हे भाई, आम की डाली की तरह फूलो फलो और समृद्धि पाओ जिस प्रकार दूब बाग में बढ़ती है। और हे भावज तू सात पुत्रों की माँ बने और एक पुत्री भी जने। उस पुत्री को परदेश में ब्याहना ताकि परदेस-बासिन उस प्रिय पुत्री के मिस से मैं, तेरी ननद, तुझे याद आती रहूँ।

बधावे का गीत :

पोलीड़ा पोल उघाड़जी।
म्हां ने घर भीतर जाँण द्यो जी।
जठे सुसराजी रो राज जी।
म्हारे सुगणे सायब री सायबी।
हसतीड़ा घूमै छै बार जी।
म्हाँरे बँध्या बैल्या जो चरै।
बामण को करै ए रसोईजी।
म्हारे दूध कढ़ै घी आवटै।
अन धन भरया ए वखारजी।
म्हारे चौरस लिछ्मी ओघणी।
सोनो घड़ै ए सोनारजी।
म्हारे गहणाँ रा डब्बा भरया।
मनां ए बधावो म्हांरे चित्ताँण बधावोजी।[1]

उठके जाणाँगा म्हे पूतजी।
म्हे कराँगा साजनिया सैं गोठडी।
मलके चढेगी बरात जी।
म्हारे पगाँ ए पड़ंती आवै कुलबहू।
इबके जणाँगा म्हे धीय जी।
म्हे तो कराँगा साजनिया सैं वीनती।
मुळकत आवेगी बरात जी।
म्हारे बरसत आवै रुड़ा भात जी।
सरब सुख भयो ए अनंत जी।
म्हाँरी धीय जँवाई ले गया जी।
मनाँ ए बधावो म्हां रे चितां ए बधावो जी।

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 58-60

अर्थ : नववधू की कल्पना है। वह ससुराल आकर कहती है- ए दरबान, फाटक खोल, मुझे घर में जाने दे, जहाँ मेरे ससुरजी का राज है और मेरे गुणवान स्वामी का स्वामीत्व है।

हाथी दरवाजे पर घूम रहे हैं, रथ के बैल बँधे हुए जौचर रहै हैं। ब्राह्मण रसोई बना रहा है। दूध निकल रहा है, घी औट रहा है। अन्न-धन से भंडार भरे हैं। सब प्रकार से लक्ष्मी की कृपा है। सोनार सोना गढ़ रहा है, गहनों से मेरे संदूक भरे हैं। मेरे मन में उल्लास, चित्त में उमंग है। मेरे पुत्र होगा। मैं स्वामी से परामर्श करके उसकी सगाई करुँगी। उमंग के साथ बरात चढ़ेगी और मेरे पैरों पड़ती हुई कुलवधू घर में आएगी।

अथवा मेरे पुत्री होगी। मैं स्वामी से परामर्श करुँगी। सजधज के साथ बरात मेरे घर आएगी और भात भरने के लिए मेरा भाई बरसते हुए मेघ की उदारता के साथ आएगा। मेरा जँवाई पुत्री को ले जाएगा। मेरे मन में उल्लास और चित्त में उमंग है। मुझे अनंत सुख है।

×××××

माहेरा (भात)

विवाह के अवसर पर माहेरा भरने की प्रथा होती है। पुत्र या पुत्री के विवाह के अवसर पर बहिन अपने भाई के पास पीहर जाती है व उससे याचना करती है कि अमुक-अमुक व्यक्तियों को उनकी मनपसंद वस्तुएँ देना। भाई निश्चित समय पर अपने पूरे परिवार के साथ 'माहेरा' लेकर अपनी बहन की ससुराल जाता है। भाई के पहुँचने से पूर्व बहन को उसकी सास, ननद, देवरानी सभी ताना मारती हैं। भाई के पहुँचने पर उसके आँसू रोके नहीं रुकते। वह भाई पर गर्व करती हुई कहती है-

गीत : वीरा रे म्हारे चोवटे ने पेरायो, चोरासी सरायो
मायरो पेराओ पहली म्हारे सेरिया में,
पाड़ोसी सरायो मायरो।
वीरा ओ पहलां म्हारे सासूजी ने पेराओ,
सुसराजो सरायो मायरो।
वीरा ओ पहली म्हारा जेठाणी ने पेराओ,
जेठसा सरायो मायरो।
वीरा ओ पहली म्हारी दौराणी ने पहराओ,
देवरसा सरायो मायरो।
वीरा ओ पहली म्हारी नणदल ने पहराओ,
नणदोई सा सरायो मायरो।
वीरा ओ पहली म्हारी बहिनां ने पेराओ,
बेनोईसा सरायो मायरो।
बाई मल म्हारी बेन बांयड़ली पसार।
बाई गरबी, गरबी, के थारे पूतड़ला रो राज?
के थारे धन को गरबो? वीरा ओ पुत्र परमेश्वर को साल,
धन को कई गरबो?

बाई ए मल म्हारी बांयड़ली पसार,

जामण रो जायो अबे मिलियो।[1]

अर्थ : वीरा ओ। मायरो पहले चौहट्टे के लोगों को पहनाओ। सारी चौरासी के लोगों ने इसकी सराहना की है। वीरा ओ। मायरा पहले मेरे पड़ोसी को पहनाओ। पड़ोसी ने मायरे की सराहना की है। वीरा ओ। पहले मेरी सास को पहनाओ। सुसराजी ने मायरे की सराहना की है। वीरा ओ। मेरी जेठाणी जी को पहनाओ। जेठजी ने मायरे की सराहना की है। पहले मेरी देवराणी को पहनाओ। देवरजी ने मायरे की सराहना की है। पहले मेरी ननद को पहनाओ। ननदोई जी ने मायरे की सराहना की है। वीरा ओ। अब अपनी बहन को पहनाओ। बहनोई जी ने मायरे की सराहना की है। बाई तुम बाँह फैला कर मिलो। बाई तुमको गर्व कितना है? क्या तेरे पुत्रों का राज है? अथवा तुझे धन का घमंड है? भाई ओ। पुत्र तो परमेश्वर का धन है और धन का तो क्या गर्व किया जाए? बाँहे पसार कर मिलो। माँ जाया भाई अब मिला है।

×××××

ओळ्यूँ (ओलू)

कन्या को जब विदा किया जाता है तब ओलू के गीत गाए जाते हैं। इन गीतों के भाव इतने करुण होते हैं कि सुनने वाले की भी आँखें छलछला आती हैं।

गीत : म्हे थाँने पूछां म्हारी धीवड़ी।

म्हे थाँने पूछां म्हारी बालकी।

इतरो बावैजी रो लाड छोड़ र बाई सिध चाल्या?

म्हे रमती बाबोसा री पोल

आयो सगेजी रौ सूवटौ गायडमल ले चाल्यौ

म्हे थांने पूछाँ म्हारी धीवड़ी।

इतरौ माऊजी रौ लाड़ छोड़ र बाई सिध चाल्या?[2]

अर्थ : मैं पूछती हूँ मेरी लड़की। मैं तुझे पूछती हूँ मेरी बालिका। इतना बाबाजी का लाड़ प्यार छोड़कर कहाँ चली? मैं बाबोसा की पोल में खेल रही थी। इतने में सगोजी (रिश्तेदार) का सुआ आया और मुझे गायड़मल ले चला। मैं तुझे पूछती हूँ मेरी बेटी। इतना माउजी का लाड़ छोड़ कर कहाँ चली?

×××××

लाड़ प्यार से पाली हुई कन्या के घर छोड़ कर जाने से घर सूना हो जाता है। उसकी सहेलियाँ उदास हो जाती हैं। कहीं पर गीतों में कन्या की उपमा कोयल से दी जाती है जो उपवन छोड़कर जा रही है-

गीतः वनखंड री ए कोयल, वनखंड छोड़ कठै चाली?

थारी आले-दिवाले गुड़ियाँ धरी?

वनखंड री ए कोयल, वनखंड छोड़ कठै चाली?

थारी साथ सहेल्याँ उगमणी

वनखंड.... चाली?

---

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास, अध्याय तृतीय : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 160-162

थारी माऊजी थारे बिन उगमणा
थारी छोटी बैनड रोवे अकेलड़ी
वनखंड..... चाली?
थारौ वीरो सा फिरे छै उदास
विलखत थारी भावजणी
वनखंड री ए..... चाली?[1]

अर्थ : उपवन की ए कोयल, उपवन छोड़कर कहाँ चली? आलों में तेरी गुड़िया पड़ी है। उपवन की ए कोयल.... चली? तेरी साथ की सहेलियाँ उदास हैं। उपवन की.... चली? तेरे माऊजी तेरे बिना उदास है, तेरी छोटी बहन अकेली रो रही है। उपवन की .... चली? तेरे भाई उदास घूम रहे हैं। तेरी भौजाई बिलख-बिलख कर रो रही है। उपवन की कोयल, उपवन छोड़कर कहाँ चली ?

×××××

माहेरा रो गीत

गीत : चढ़ देखूँ चाँदनी पेजाय बीरोजी दीखे आवता।
छापर झलकियां छे सेल, घाटी में नगारो गूंजियो।
वीराजी घोड़ी रे गले घूघर माल, पगांरा नेवल पाजणा।
निरखे सात सहलियाँ रो साथ, वीरोजी दीखे आवता।
कंचण कलस वंदाय वीराजी री करां ला आरती।
आया मारा जामण जाया वीर, चूंदड़ लाया रेसमी।
मापुँ तो हाथ पचास, तोलुं तो तोला तासरी।
मेलुं तो छाब भराय, ओडुं तो हीरा जड़ पडे॥
ओडूंमारा लाला रे विहाव, पल्ला मेलुं रलकता।
देखे मारा देवर जेठ जीणो काढूं घूंघटो ॥[2]

अर्थः इस गीत में बहन कहती है कि मैं चाँदनी पर चढ़ कर देख लूँ कि मेरे भाई आते हुए दिखते हैं या नहीं। चढ़ कर देखते ही उसने खुले जंगल के मार्ग में दमकते हुए भाले को देखा और घाटियों में नगारे की ध्वनि प्रतिध्वनित होने लगी। भाई की घोड़ी के गले में घूघरे और पैरों में नेवरिये बज रही हैं। वह बहन अपनी सात सहेलियों के समूह में भाई को आते हुए देखकर उनसे कहने लगी कि मेरे भाई की सुवर्ण कलश से वंदना करुँगी-कलश बँधाऊँगी। यह मेरी माता से जन्म लेने वाला सहोदर है। मेरे ओढ़ने के लिए रेशम की साड़ी लेकर आया है जिसको नापूं तो पचास हाथ और तोलूँ तो तीस तोले भर की होती है, यदि इसे रख देतू हूँ तो टोकरी भर जाती है और यदि ओढ़ती हूँ तो इसमें हीरे लगे हुए हैं, जो गिर पड़ते हैं, किंतु इसको तो मैं अपने पुत्र के विवाह में अवश्य ओढूँगी और पल्ले को खुले रखकर घसीटते हुए रखूँगी। जिस समय मेरे देवर-जेठ देखेंगे तो मैं उनका झीना झीना घूँघट निकालूँगी।

×××××

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास, अध्याय तृतीय : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 162
2. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 14-15

ओळयूँ (प्रिय की याद) – स्त्रियाँ लड़की की विदाई के वक्त गाती हैं।

गीत : हरिये वन री कोयली।

थारे बाबोसा बाग लगायो ए बनड़ी, थारे बिन कुण सींचेगो।

म्हारे हरिये वन री कोयली ॥[1]

थारे बागाँ में फुलड़ा फूल्या ए बनड़ी, थारे बिन कुण तोड़ेगो।

म्हारे हरिये वन री कोयली ॥

थारे बागाँ में हींडो घाल्यो ए बनडी, थारे बिन कुण हींडेगो।

म्हारे हरिये वन री कोयली।

आंगणिये माँय थारो रोवत भतीजो, थारे बिन कुण खेलावेगो।

म्हारे हरिये वन री कोयली।

सँग री सहेल्याँ थारी घर नहिं झाँके, बै देख दूरां सैं ही जावे ए।

म्हारे हरिये वन री कोयली।

कोई य न अब म्हारे आँगण खेलै, यो तो सूनो दरसावे ए।

थारी माता को हिवड़ो ऊझळै, बा तो नैंणा नीर बहावै ए।

अर्थ : तेरे पिता ने सुंदर बागा लगाया है, पर अब उसे तेरे बिना कौन सींचेगा? ए मेरे हरे वन की कोयल। तेरे बाग में फूल खिले हैं, उन्हें तेरे बिना कौन तोड़ेगा? बाग में झूला पड़ा है, उस पर अब कौन झूलेगा? घर के आंगन में तेरा भतीजा रोता है, उसको अब कौन खिलावेगा? तेरी सहेलियाँ अब इस घर में झाँकती तक नहीं, दूर से ही देख कर चली जाती हैं। माता कहती है – बेटी मेरे आँगन में अब कोई नहीं खेलता, यह सूना पड़ा है और तेरी माता का हृदय – वह तो उससे भी अधिक सूना पड़ा है। और वह रात दिन आँखों से आँसू बहाती है। ए मेरे हरे उपवन की कोयलिया।

×××××

जँवाई का गीत

गीत : ओ जमाई माने प्यारा लागोरा

अमां मारी दशरथ राजकुमार

जमाई माने प्यारा लागोरा।

जमाई ने पागा सोवेरा

अमां मारी पेचांरा निरखणार

जमाई माने प्यारा लागोरा।

ओ जमाई थांने गोपां सोवेरा

अमां मारी डोरारा निरखणहार।

जमाई माने प्यारा लागोरा।[2]

---

1. राजस्थानी लोकगीत, स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 71-72
2. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 18-19

ओ जमाइ थांने बनड़ी सोवेरा

अमां मारी लेझांरा निरखणहार

जमाई माने प्यारा लागोरा।

अर्थ : सास को अपना जमाई दशरथ राजकुमार राम के समान ही गुणवान, सुंदर और प्यारा लग रहा है। इससे बढ़कर और क्या प्यार की पराकाष्ठा हो सकती है। उसकी प्रत्येक वेश भूषा, अलंकार और आभूषण उसकी द्रष्टि में शोभा दे रहे हैं और सास का प्यार उमड़ पड़ रहा है। इन सब को यथावत देख भाल कर पहनने वाले जमाई के चातुर्य पर वह रीझी जा रही है और अंत में उसकी अपनी प्राणों की प्यारी दुलारी बनड़ी जमाई को ही शोभा देती है, गाकर अनुराग का झरझर करता हुआ नद प्रवाहित कर देती है। फिर अपनी सास के प्रति अनंत श्रद्धा और सद्भावना क्यों न उमड़ पड़े ?

×××××

जँवाई की प्रतिक्षा का गीत

ससुराल वाले अपने जँवाई को कहलवाते हैं कि आपकी हमें ओलू (याद) आती है, अतएव शीघ्रातिशीघ्र पधारें। हम आपका आतिथ्य-सत्कार करने के लिए बड़े उत्सुक हैं। आप ससुराजी के आँगन में सुनार को बसा दीजिए, गहने बनवाने के बहाने आप यहाँ पधारें। अब गीत प्रस्तुत है-

गीत : झिर मिर झिरमिर मेह सड़लो (जी) बरसे,

मैड़ियाँ में चँवण लागो ॥

मैड़ियाँ तो जँवाइयाँ परी रे फेरावो।

जिण ऊपर टीप दीराओ ॥

मैडियाँ में जँवाइयों मूँग रलाऊँ,

जिण ऊपर हिंगलू ढोलियो ढलाऊँ।

मैड़ियाँ में जँवाइयाँ दिवलो (जी) उजावो,

चारों ने दिसां में ह्वेला चांनणो।

ढोलिया ऊपर पोढण थे आवो ओ म्हाँरी,

बाई सा रा सायबा।

ओलूड़ी आवै नै बाई नै धान(जी) नहीं भावै,

फिरताँ गिरताँ नै काँई चिन्ता लागी।

सुसराजी रे आँगणिये जँवाईयाँ सोनीडो दो,

गहरण रे मिस आवो।[1]

अर्थः आखातीज (अक्षय तृतीया) पर पुत्री का 'मुकलावा' (गौना) कराया गया है। जेठ (ज्येष्ठ) आषाढ़ का मास आ गया परंतु उसको वापस अपने पीहर नहीं भेजी। माता-पिता और भाई-भौजाइयों से मिले अधिक समय हो जाने से उसे अपने कुटुंबियों की याद आती है। वह अपने पति सोढ़ाजी राणा से पीहर भेजने के सानुरोध सादर प्रार्थना करतीं है -

---

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग-2 : शिवसिंह चोयल, पृ. 22-23

मुकलावा (गौना)

गीतः सोढ़ाजी राणा। आयो आयो जेठ (ए) आषाढ़,
लगतो आयो ओ सावण-भादवो।
सोढ़ाजी राणा, म्हनै म्हारै पीवर मेहलो,
ओलड़ी आवे ओ म्हारा बाप री ॥
सुंदर गौरी ऐ, औलू थारी मादलिये मतराव,
सालों री बहनड़।
ओलू थारी मादलिये मडाव,
बापरा भौला सुसराणी भौगसी ॥
सुसरोजी म्हारे धरमिया रा बाप,
उठै नै प्रभातै बहु-कह बतलावै।
राजिन्दा ढोला, म्हनै म्हारै पीवर मेहलो
ओलड़ी आवे ओ म्हारा बापरी ॥[1]

अर्थ : पति से पत्नी ने पीहर भेजने के लिए कहा। पति ने कहा बाप की जगह ससुरजी (श्वसुर) को समझ लेना। इस पर पत्नी ने कहा कि ससुरजी तो केवल धर्म के पिता हैं। वे मुझे सुबह हमेशा पुत्रवधू (बेटे की बहू) के नाम से संबोधित करेंगे। (पुत्री तो मेरा पिता ही कहेगा)। अतएव आप मुझे मेरे पीहर भेज कर कृतार्थ कीजिएगा।

×××××

जला

गीत : जल्ला रे म्हुँ तो राज रा डेरा निरखण आई रे
प्राण प्यारी रा जल्ला, मीठा बोली रा जल्ला
मृगानेणी रा जल्ला, म्हुँ तो राजरा डेरा निरखण आई रे जल्ला,
जल्ला देखी रे थारे डेरा री चतुराई रे जल्ला
जल्ला रे आवलियाँ पाकी ने वा रितु आई रे जल्ला.. मीठा.. डेरा
जल्ला बावडी कूडली रो खारो पांणी रे जल्ला
मृगानेणी रा..... जल्ला.
जल्ला खारो पाणी सोकड रे पोचाउं रे
मीठा बोली रा जल्ला, मृगा नेणी रा जल्ला
मीठो पाणी म्हारे पीहरिये पोचाऊँ रे जल्ला
हंसा हाली रा जल्ला म्हुँ तो राजरा डेरा निरखण आई रे।[2]

अर्थ : इस जले के गीत में नायिका अपने नायक को संबोधित करती हुई अन्य स्त्रियों के द्वारा गायन में कहलाती है कि जलाल। मधुरभाषिणी प्राणप्यारी के जलाल। मृगनयनी के जलाल। मैं तो तेरे शामियाने को

1-2. राजस्थानी लोकगीत, भाग-2 : शिवसिंह चोयल, पृ. 52-53

निरखने के लिये ही आई हूँ, मैंने तेरे शामियाने की चतुराई देख ली है। हे जलाल। मैं बावडी और कुआँ खुदवाती हूँ। यदि पानी खारा निकल आया, तो वह पानी मैं अपनी सौतों के लिए भेजूँगी और मीठा पानी आया तो मैं अपने पीहर भेजूँगी।

×××××

सूवा का गीत

गीत : सुण रे सूवा लाखीणा,
थू म्हारे पीवर जाय रे ॥
जाय नै म्हारा भाभोसा नै इयूँ कहिजै।
थाँरी जायी बसे प्रदेश, रे नीबूड़ा।
झुरनी है तो झुर लीजे
थाँरी जायी बसे प्रदेस रे नीबूड़ा ॥[1]

अर्थः एक बालिका सूआ (तोते) से कह रही है कि हे सूवा। तू मेरे पीहर जाकर मेरे पिताजी से कहना कि तुम्हारी पुत्री प्रदेश (ससुराल) में दुःखी है। जितनी चिन्ता कर सको, उतनी थोड़ी है। वेदना के भावावेश में सूए को पीहर जाने का आदेश उसके दुःख की चरम सीमा को प्रकट करता है।

×××××

सूवटो

सूवा, नरवर जायगो तूं ही ओ
सासू सुसरैजी न कहियै पगां रै लागना।
नणदल नै याद कहीओ
सूवा, नरवल जायगो तूं ही ओ।
परण्ये ने कहिजै, सूवा, सात रे सलामी
देवर ने प्यार सही ओ
सूवा, नरवल जायगो तू ही ओ
घर गुजरी कै सूवा वासो रे लीजै
चालैगी दूध दही ओ
सूवा नरवल जायगो तूं ही ओ।[2]

अर्थः अपने पिता के यहाँ से नायिका तोते के साथ ससुराल संदेश भेजती हुई कहती है हे तोता। तू नरवल जाना मेरी सास-ससुर को चरण वंदन कहना। मेरी ननद को मेरी मधुर स्मृति। मेरे प्रियतम को मेरी सात सलाम कहना और उनके छोटे भाई को प्यार। गुजरी के घर जाकर वास करना वहाँ वह तुम्हें दूध-दही खिलाएगी।

×××××

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग-2 : शिवसिंह चोयल, पृ. 62-63
2. राजस्थानी लोकगीत, भाग-3 (विरह, प्रकृति और भक्ति) : हनुमंतसिंह देवड़ा

पति–पत्नी के गीत (संयोग में)

प्रेम के प्रतीक वृक्षों के गीत यथा आँबो, बड़लो

गीत : आदर्श–गृहस्थ (आम्बो) : प्रायः ऐसे गीतों में स्त्री हृदय के भाव ही रहते हैं। एक सद्गृहस्थ स्त्री अपने परिवारजनों को किस द्रष्टि से देखती है–

मधुबन रो ए आम्बो मोरियो।
ओ तो पसरयो है सारी मारवाड़।
सहेल्याँ ए आम्बो मोरियो।
बहु रिमझिम महलाँ सूँ उतरी।
आतो कर सोळा सिणगार। सहेल्याँ ।।
सासू जी पूछ्यो ए बहू।
थारो गहणो म्हाँने पहर दिखाव ।। सहेल्याँ ।।
सासू गहणे नें काँई पूछो।
गहणो ओ म्हारो सो परिवार ।। सहेल्याँ ।।
म्हारा सुसरा जी गढाँ रा राजवी।
सासूजी म्हारा रतन भंडार ।। सहेल्याँ ।।
म्हारा जेठजी बाजूबंद बाँकड़ा।
जेठाणी म्हारी बाजूबंद री लूंब ।। सहेल्याँ ।।
म्हारो देवर चुड़लो दाँत रो।
देराणी म्हारे चुड़ले री मजीठ ।। सहेल्याँ...
म्हारो कँवरजी घर रो चाँदणो।
कुलबहू ए दिवले संजोता।। सहेल्याँ....
म्हारी धीय ज हाथ री मूँदड़ी।
जँवाई ए म्हारो चँपले रो फूल ।। सहेल्याँ....
म्हारी नणद कसूमल काँचळी।
नणदोई म्हारे गजमोत्याँ रो हार ।। सहेल्याँ....
म्हारो सायब सिंर रो सेवरो।
सायबाणी एम्हे तो सेजाँ रा सिणगार।। सहेल्यां
म्हे तो वार्‌या ए बहू जी थारा बोला ने।
लड़ायो म्हारो सो परिवार ।। सहेल्यां...
म्हे तो वार्‌या ओ सासूजी थाँरी कोख ने।
थे तो जाया अरजण–भींव। सहेल्याँ ।।[1]

अर्थ : परिवार–रूपी मधुवन के आम में बौर आया है। यह आम फैल कर सारे मारवाड़ में छा गया है। सखियों, आम में बौर आया है। इस प्रकार कहती हुई सोलह श्रृंगार सजकर बहू रुनझुन करती महलों से उतरी। सास ने कहा, बहू बलि जाऊँ तेरे सौंदर्य पर, मुझे अपना गहना दिखा तो सही। कुलीन बहू उत्तर देती है – सासूजी, मेरे गहने क्या देखोगी? मेरा सारा परिवार ही मेरा गहना है। मेरे ससुरजी गढ़पति हैं, सास जी रत्नों की भंडार है। जेठजी मेरे बाँके बाजूबंद हैं और जेठाणी बाजूबंद के मुँदेन। देवर मेरे हाथ का हाँथीदाँत का चूड़ा हैं और देवरानी उस चुड़ले पर चित्रित चित्रावली। मेरे कुँवर घर का उजियाला दीपक है और कुँवरानी उस दीपक की ज्योति। मेरी प्यारी पुत्री मेरी अंगुठी हैऔर जँवाई चंपक का फूल। ननद मेरी कसुंबी काँचली है और ननदोई गजमुक्ता का हार। मेरा स्वामी मेरे सिर का सेहरा है और मैं उनकी धर्म पत्नी हूँ, उनके दांपत्य–सुख का श्रृंगार। इस शील वचन पर सास मुग्ध हो कर कहती है – धन्य बहू तुम्हारे वचन धन्य हैं। तूने मेरे सारे परिवार को गौरवान्वित किया। बदले में विनयपूर्वक बहू कहती है – सासजी, धन्य हैं आप की कोख, जिसने अर्जुन, भीम जैसी सुयोग्य संतान पैदा की।

×××××

---

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 50-52

बड़ले का गीत

गीत : बड़ला कुणै ने लायो थारो बीज रे,
कुणै नैं सपूती बडलो छोबियो।
बड़ला बलराजा लायो थारो बीज
माता नै कुंता ओ बडलो छोबियो।
बड़ला छोबियो-छोबियो वार ए सुवार
चानणी चवदस ने बड़लो छोबियो।
बडला बाजिया-बाजिया सोवन थाल,
ए सोना री सुरियाँ सूँ नाला मोड़िया।
बड़ला बारह नै कोसों मे थारो गोड़।
चौबीस कोसों में डाला पानड़ा।
बडला जड़ थारी गई रे पियाल,
चोटी तो गढ़ रे कांगराँ।।
बड़ला काय सूँ बँधाऊँ थारी पाल,
काय सूँ सिंचाऊँ थारो गोड़।
बडला माखणिये बँधाऊँ थारी पाल,
दही नै दूधाऊँ बड़लो खींचियो।।
बड़ला आयो आयो राखड़ियो (रो) तहेवार,
कुण ने बाँधे ओ थारी राखड़ी।
बरला म्हाँरे है राठौड़ों री रीत,
जोसी बाँधे ओ म्हारे राखड़ी।
बाई ए थारे घर धीवड़ लियो रो बियाव
कुणै नै ओढ़ावै वाला चून्दडो।
वीरा ओ करुँला धरमिया रो बीर,
वोही नै ओढ़ावै वाला चून्दड़ी।।
वोहीनै परहावे हस्ती चूड़लो।
माजी जाया जाया पाँचो ही पूत,
एक ही नहीं जायी घर में धीव।।
माजी परणिया-परणिया पाँचो ही पूत,
कंवारो रेहगो ओ घर रो आँगणो।
जप्या करो (नी) धरमिया री बहन,
वोही नै परणावो घर रे आँगणे।।[1]

---

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग-2 : शिवसिंह चोयल, पृ. 54-57

अर्थ: श्रावण मास में रक्षाबंधन अथवा राखड़ी का पवित्र त्यौहार आता है। बहन अपने भाई के राखी बाँधती है। उपर्युक्त गीत में बड़ला वृक्ष के संबोधन कर कुंती और पांडव भीम का संवाद है। बड़ले से पूछा गया है कि तेरा बीज कौन लाया और किस सपूती ने तुझे बोया है? प्रत्युत्तर मिलता है बलि राजा तो बीज लाया और कुंती माता ने चानणी चवदस और सोमवार के दिन लगाया। बड़ले का आकार बारह कोसों में बतलाया। दूध-दही से सिंचाया। मकराने के संगमरमर पत्थर से पाल बंधवाई।

रक्षाबंधन के दिन बडले के नीचे बैठी हुई अबला कुम्हारी द्वारा भीम से पूछा गया है कि तेरे राखी कौन बाँधेगा? इस पर भीम कहता है - ब्राह्मण। अंत में भी अपनी माता कुंती से कहता है कि तूने पाँच पुत्रों को ही जन्म दिया है और उनके विवाह किए हैं। किंतु घर का आँगन कँवारा ही है। इस पर माता कुंती ने कहा कि पुत्र। धर्म की बहन बनाकर उसे अपने आँगन में ब्याहाओ (परणावो)।

×××××

मिरगानैणी

गीत : सूरज जिसो ए उजास मिरगानैणी राजा।
चाँदे जिसी ए वा धण निरमली जी म्हाँरा राज।
दूधाँ जिसो ए उफाण, घणी ए प्यारी जी राज।
दही ए सरीसी वा घण कठकठी म्हाँरा राज।
मिसरी जिसो ए मिठास मिरगानैणी जी राज।
लूँब सरीसी प्यारी चरचरी जी म्हाँरा राज।
सीस वण्यो ए नारेल मिरगानैणी जी राज।
चोटी सो कहिए वासगनाग की सी म्हाँरा राज।
नैण नींबू की जी फाड़, मिरगानैणी जी राज।
भँवारे भँवरो भँवे जी म्हाँरा राज।
नाक सूवा केरी चूँच मिरगानैणी जी राज।
अधराँ तो लाली अेछा रही जी म्हाँरा राज।
दाँत दाड़म का जी बीज मिरगानैणी जी राज।
जीभडल्याँ तो इमरत वसै जी म्हाँरा राज।
वेलण वेली जी बाँह मिरगानैणी जी राज।
मूँगफली सी घण री आँगळी जी म्हाँरा राज।
मगर वण्या मसतूल रिमगानैणी जी राज।
पसवाड़ा तो पासे ढालियार जी म्हाँरा राज।
पेट गवाँ की जी लोथ मिरगानैणी जी राज।
सूँडी तो कहिये रतन कचोलियाँ जी म्हाँरा राज।
जाँग केळै को जी थाँम मिरगानैणी जी राज।
पींडी तो कहिये रतनाळियाँ जी म्हाँरा राज।

पाँव पीपळ को जी पात मिरगानैणी जी राज।

अेडी तो कहिये सुरंग सुपारियां जी म्हाँरा राज।[1]

अर्थः मृगनयनी के शरीर की आभा सूर्य के प्रकाश जैसी है और चाँद की चाँदनी की तरह उसका निखरा हुआ शीतल उजास है। दूध के उफान की तरह उसके यौवन का उफान है और जमे हुए दही की तरह उसका शरीर मांसल और गठित है। (यह गठन और मांसलता, लावण और स्वास्थ्य के द्योतक हैं।) मृगनयनी की मधुरिमा मिश्री की मिठास जैसी है और लवंग के समान वह चरपरी है। मस्तक की बनावट नारीयल की सी है और वेणी वासुकिनाग जैसी है। सुंदरी के नेत्र नींबू की फाँक के सदृश हैं और भौंहें भँवरे जैसी। नाक सुग्गे की चोंच के समान है और ओठों पर लाली छाई हुई है। जीभ में अमृत बसता है और दाँत अनार के बीज जैसे हैं। उसकी भुजाएँ इतनी सुढार हैं मानो बेलन से बेली जा कर बनाई गई है, और ऊँगलियाँ मूँगफली जैसी हैं। मृगनयनी की पीठ मखतूल के समान कोमल है और पार्श्व मानो साँचे में ढाले हुए हैं। उदर की बनावट और कोमलता ऐसी है मानो गेहूँ के गुँधे हुए आटे का लौंदा हो। नाभि रत्नों की प्याली है। जंघा कदलीखंभ सी और पिंडलियाँ आभायुक्त हैं। पाँव ऐसे सुकुमार चंचल और चमकीले हैं जैसे पीपल के पात, और एडी सुपारी की तरह सुरंगी है।

लहरियो (लेरियो)

गीत : मारा चितड़ारा चोर मारा मनड़ा रा मोर

माने जैपुरीया रो लेरीयो ओढा दो ओ रसिया।

हिल मिल रंग माणो॥

अर्थः पत्नी पति देव से कहती है कि मेरे चित्त को चुराने वाले, मेरे मन के मयुर। सिरमोर। मुझे आप जयपुरिया लहरिया ओढ़ा दें और हिलमिल कर आनंद प्राप्त करें।

गीत : चन्दा वदनी नार आई बागां की बहार

थांने जैपुरिया रो लेरिया ओढ़ा दियां ए सजनी। हिल....

अर्थः पति उत्तर देता है कि हे चन्द्रवदनी सजनी। अब उपवनों में भी हार गई है। तुम्हें अवश्य जयपुरिया लहरिया ओढ़ा दूँगा। और फिर परिचय की शैली और बढ़ती माँगें...

गीतः थांको कांई छे जी नाम, थांको कांई छे जी गाँव।

माने हाथां री बंगड़ी गडादो ओ रसिया। हिल मिल रंग....

अर्थः श्रीमतीजी रसिक बिहारी जी से पूछती हैं कि हे रसियाजी आपका नाम क्या है? और निवास स्थान कहाँ है? मुझे हाथों में पहनने की बंगड़ी तो बनवा दो।

गीतः म्हां को सुघड़ जँवाई नाम थाँको रास ए मकान।

थांने हाथां री बंगड़ी गडादियां ए सजनी। हिलमिल।[2]

अर्थः रसियाजी उत्तर देते हैं कि हे सजनी। मेरा नाम जमाई है और मेरा निवास तेरे ससुराल में है। हे सजनी मैं तेरे लिए पहनने की बंगड़ी भी घड़ा दूँगा।

---

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 66-67
2. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ. 26-27

दांपत्य जीवन के गीत (वियोग श्रृंगार)

वियोग श्रृंगार में जो मार्मिकता होती है वह संयोग श्रृंगार में नहीं। साहित्य में इसी कारण वियोग श्रृंगार के चित्र अधिक मिलते हैं। यहाँ जो गीत प्रस्तुत है उसमें विरह वर्णन है। पति विदेश में है। उसके बिना सारा संसार शून्य, निष्प्रभ है। विरहणी रोकर गाती है-

गीत: तूं क्यों ए मेड़ी वैरण डगमगी, थारी लगी ए धरम की नींव।
अेक दिन साजन आप चिणावता।।
रावटी पुराणी भँवरजी हो गई जी।
हो जी कोई टपकण लाग्या जूण ।।
इब घर आवो, गोरी का सायबा जे।
पिलँग पुराणा भंवड़ जी हो गया जे ।।
हाँ जी कोई तड़कण लाग्या साल।
इब घर आवो सुंदर रा सायबा जे ।।
हिंगळू में जालो भँवरजी पड़ गया सैवळ।
इब घर आवो अंधियारे घर रा पावणा जे ।।
सावण आवण भँवर जी कह गया जे।
हाँ जी कोई बीत्या बारा मास ।।
इब घर आवो अंधेरे घर रा चानणा जे ।।
पींपल सुरै भँवर जी फूल ने जे ।।
हाँ जी कोई फल ने झुरै ए फरांस ।।
गोरी तो सुरै अपने स्यांम ने जे ।।
झुर झुर मारु जी मैं पिंजर हो गई जै।
हॉ जी कोई बिदरँग हो गयो वेस।
इब घर आव्या अँधेरे घर रा चानणा जे।[1]

अर्थ: एकांत में खड़ी मेरी ऊँची मेड़ी (महल) तू क्यों डगमगाई? तेरी तो शुभ मुहूर्त में नींव लगी है और स्वयं स्वामी ने खड़े रहकर तुझे चुनवाया है। (प्रेमी के स्नेह और ममता के ईंट गारे से इस विरहणी का पवित्र प्रेम भवन बना है। वह इसका हृदय मंदिर है जो विरहाग्नि में झुलस कर डगमगा रहा है) प्रिय, यह कोठरी पुरानी हो गई है और उसके छिद्रों से जल टपकने लगा है। अब तो आजा मेरे प्रिय। पलंग भी पुराना हो गया और उसका चौखट अब चटखने लगा है। सुंदर स्वामी, अब तो घर आ जा। मेरी सौभाग्य बिंदुली के 'हिंगलू' में जाला लग गया है और आँजने के काजल में सिवार जम गई है। मेरे अंधेरे घर के पाहुने, अब तो घर आ जा।

हे रसिक, सावन में लौटने का वचन दे गए थे, पर बारह मास बीत गए। मेरे अंधेरे घर के उजियारे, अब तो आ जा।

पीपल फूलों के लिए आजीवन रोता है और फरांस का पेड़ फलों के लिए। क्या मैं भी इन्हीं की तरह

---

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 61-62

निराश होकर रोती रहूँ। मेरे रस लोभी भौंरे। तेरे विरह में बिसूर-बिसूर कर मेरा पंजर जर्जर हो गया है। मेरा वेश विरंगा हो गया है। अब तो घर आ जा, मेरे अंधेरे घर के उजियारे।

×××××

लालर : एक प्रकार की राजस्थानी साड़ी जो लाल रंग की होती है, जिनमें सफेद-सफेद टिपकियाँ होती हैं और चमकीले गोल सितारे होते हैं जो राजस्थानी रमणी को प्रिय होती है।

गीतः लालर ले दो ओ नोखीला मारो जीव तरछे, (ओ लालर ले दो)
रखड़ी बाँधू तो मारे काळो डोरो आठी को,
ए जी बिंदली बिना मारो जीव तरछे (लालर ले दो)
साड़ी ओढ़ूं तो मारे मन नी भावे,
पीलिया बिना मारो मन तरछे (लालर ले दो)
नथड़ी पेरुं तो मारे दाय नहीं आवे,
अजी बेसर बिना मारो जीव तरछे। (लालर ले दो)
हँसली पेरुं ते मारे मन नी भावे।
एजी तमण्या बना मारो जीव तरछे। (लालर ले दो)[1]

अर्थः हे नखरीले पति। मुझे लालर ले दीजिए। उसके बिना मेरा जीव तरसता ही रहता है। यदि मैं मस्तक पर रखड़ी बाँधती हूँ तो मेरी आठी के काले धागे और लाल बिंदी के बिना भी जी तरसता है। यह साड़ी और ललाट के भूषण सौभाग्यवती स्त्रियों के लिए आवश्यक हैं। हे पति। मैं यदि साड़ी ओढ़ती हूँ तो मेरे मन भाती ही नहीं और पीलिये के बिना जी तरसता ही रहता है। यदि मैं नाक में नथ पहनूं तो वह मुझे पसंद नहीं आती। हे पति। यदि मैं गले में हाँस पहनूं तो वह भु मुझे अच्छा नहीं लगता और तमण्ये के बिना मेरा मन तरसता है। मुझे लालर (लाल साड़ी) मँगवा दीजिए।

×××××

पणिहारी का गीत

काळी ए कळायण ऊमटी, पणिहारी ए लो।	।	म्हारोड़ा बसै परदेस, वाला ओ।
मोटोड़ी छांट्या रो बरसै मेहवाला जो।	।	घड़ो तो पटक दे नी ताळ में ए पणिहारी ए लो।
भर नाडा भर नाडिया ए बणिहारी ए लो।	।	चालैनी ओठीड़े री लार, वाला जो।
भरियो भरियो समँद तलाव वा'ला जो।	।	वाळूँतोजाळूँथारीजीभलड़ी, क्लंजा ओठीड़ा ए लो।
किण जी खुणाया नाड़ा-नाड़िया पणिहारी ए लो	।	डसे तनें कालो नाग, वाला जो।
पिव जी खुणाया तळाव वाला जो।	।	घड़ो तो भर नैं पाछी वळी ए पणिहारी ए लो।
सात सहेल्याँ रे झूलरे ए पणिहारी ए लो।	।	आई आई फलसै री बार, वाला जो।
पाणीड़े नें चाली तलाव वाला ओ।	।	घड़ो तो पटक दूँ अभी चौक में म्हारा सासू जी।
घड़ो य न डूबै ताल में ए पणिहारी ए लो।	।	वेगेरो घड़ियो उतराव, वाला जो।
इंढोणी तिर तिर जाय, वाला जो।	।	किण थाँने सोंसो मारियो, ए म्हारा बहू जी ए लो

1. राजस्थानी लोकगीत, भाग-4, मोहनलाल व्यास शास्त्री, सांवलदान आशिया, पृ 116-118

सातूँ ए सहेल्याँ भर नीसरी ए पणिहारी ए लो। |
पणिहारी रही रे तळाव, वाला जो। |
बैंवते ओढ़ीड़े ने हेलो मारियो फलंजा |
घड़ियो उखणावतो जाय, वाला जो। |
ओराँ रे काजळ टीकियाँ ए पणिहारी ए लो। |
थारोड़ा दीजे है फीका नैण, वाला जो। |
ओराँ रे ओढण चूनड़ी ए पणिहारी ए लो। |
थारोड़ा मैलो सो बेस, वाला ओ। |
ओराँ रा पिवजी घर बसे रे लंजा ओठीडा ए लो। |
किण थाने दीवी है गाळ, वाला जो।
अेकओठीमनेइसोमिल्योएम्हारासासूजीएलो
पूछी म्हारे मनड़े री बात, वाला जो।
देवरजीसरीसोडीघोपातळोएम्हारासासूजीएलो।
नणदल बाई सा'रे उणिहार वाला जो।
थे तो बहूजी भोळा घणा ए म्हारा बहूजी ए लो
ओ तो थारोड़ो ही भरतार, वाला जो।[1]

अर्थ : पावस की काली घटा उमड़ आई है, और मोटी-मोटी बूँदों वाला मेह बरसने लगा है। ताल तलैयां भर गए हैं और समुद्र की तरह विशाल सरोवर भी भर गया है। ए पनिहारी, ये ताल तलैयां किसने खुदवाए हैं ? और किसने खुदवाया है यह विशाल तालाब? सात सहेलियों का झूलरा बनाकर पनिहारी तालाब से पानी भरने चली। तालाब लबालब भरा है, घड़ा डुबोया नहीं जाता और इँढोणी पानी भर तर तर जा रही है। इसलिए कि परदेसी प्रियतम की याद में पनिहारी अपना आपा भूल चुकी है। रास्ते में एक ऊँट के सवार (ओठी) को आवाज दी और घड़ा उठाने को कहा। किसे पता था कि यही ओठी परदेस से लौटता हुआ पनिहारिन का पति निकलेगा। ओठी ने भेदभरी बातें पूछीं - 'ए पनिहारी, औरों ने काजल बिंदी लगा रखी हैं, तेरे नेत्र फीके से क्यों हैं? औरों ने चूनड़ियाँ ओढ़ी हैं और तेरे मैले से वस्त्र?''

''औरों के स्वामी घर पर हैं। चतुर ओठी, मेरा पति विदेश गया है।'' इस पर ओठी ने ठीक ही तो कहा, परंतु पनिहारी इस व्यंग्यपूर्ण परिस्थिति का रहस्य कैसे समझती? ओठी ने कहा - 'घड़े को ताल में पटक दे और मेरे पीछे हो जा।'

'जला दूँ तेरी जीभ को ओठी, तुझे काला सर्प डसे, जो तू मेरे पतिव्रत पर कुद्रष्टि रखता है।''

पनिहारी वापस घर आई। सात्विक क्रोध से उसका मिजाज गर्म हो गया था। सास से जल्दी घड़ा उतारने को कहा। सास ने कुछ अनर्थ संभावना समझ बहू से पूछा - बहूरानी, किसने तुझा ताना दिया है - किसने गाली दी है? बहू ने कहा - 'मुझे आज तालाब पर एक ओठी मिला जिसने मेरे मन की बात पूछी। वह ओठी शकल से देवर और ननद बाई से मिलता था।'' सास ताड़ गई - 'भोली बहू, वह तो तेरा ही भरतार है।''

×××××

विविध पक्षियों (कुरजा, पपीहा, सूवटिया, कागलिया आदि) के नाम से गाये जाने वाले गीतों में विरह-विह्वल प्रेमिका की तड़प और संदेश-प्रेषण की अभिव्यक्ति हुई है। सुरंगे सांवण में लगने वाली वर्षा की झड़ी और पपीहे की पिव पिव शब्द को अबला विरहिणी कैसे सहन कर सकती है? वह पपीहे से अनुनय विनय करती है कि तू वहीं जाकर बोल जहाँ प्रिय रहते हैं। हो सकता है कि तेरी उद्दीपन वाणी को सुन उन्हें प्रिया की याद हो आए-

---

1. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 75-77

पपैया : गीत

पपईया तूं बोलरे जित म्हारै आलीजै भंवर रौ मुकांम।
सांवण आयौ सायबा वन में झिंगोरत मोर
कालिंगड़ो कू कू करै म्हारै करत कोयलड़ी सोर
पपईया तूं बोलरे जित म्हारै आलीजै भंवर रौ मुकांम।
सांवण आयौ सायबा बेलां झुर रही बाड़
चातक झुर रह्यौ मेघ ने पिव नै झुर रही नार।
पपईया तूं बोलरे जित म्हारै आलीजै भंवर रौ मुकांम।[1]

अर्थः विरहिणी पपैया से अनुरोध कर रही है कि तू वहीं जाकर बोल जहाँ मेरे प्रियतम का वास है / रहते हैं। उनसे कहना सावन का महीना आ गया, वन में मयूर बोलने लगे हैं। कालिंगड़ा भी कू कू करता है। उस पर कोयल भी शोर मचा रही है। पपैया तू वहीं जाकर बोल जहाँ मेरे प्रियतम रहते हैं। सावन महीने में मैं तुम्हारे बिना झुर रही हूँ जैसे चातक पक्षी वर्षा की राह आतुरता से देखता है वैसे ही प्रियतम के बिना प्रियतमा झुर रही है। पपैया तू वहीं जा बोल जहाँ मेरे प्रियतम रहते हैं।

×××××

राजस्थान में कार्य से संबंधित गीत भी मिलते हैं। इन लोकगीतों में ही लोक की वास्तविक स्थिति प्रकट हो पायी है। 'घरटी फेरते' समय गाए जाने वाले एक गीत में ऐसी स्थिति का चित्रण हुआ है जिसमें गीत की नायिका तो नींद लेना चाहती है पर सास के भय से उसे सवेरे जल्दी उठकर चक्की चलाना पड़ रही है -

चक्की पीसने का गीत

रामजी सणण सणण बोलै रात
घरटी री वेळा होयेगी जी राम
रामजी पीसूं पीसूं लीलोड़ी जंवार
पाड़ोसण पीसै बाजरौ जी राम
रामजी ऊनाळै री ठाडी ठाडी लौर
घरटी पै आवै नींदड़ी जी राम
रामजी सासूजी बालण जोग सभाव
मण भरियौ सूंपै पीसणौ जी राम॥[2]

अर्थः नायिका प्रातःकाल चक्की पीसते हुए गा रही है हे रामजी रात्रि सन सन होती हुई व्यतीत होती जा रही है और घरटी फेरने (चक्की पीसने) का समय हो गया है। हे राम जी मैं तो हरी-हरी ज्वार पीस रही हूँ और मेरी पड़ोसन बाजरा पीस रही है। हे रामजी गर्मियों (ऊनालो) की सुबह शीतल ठंडी हवा की लहर चल रही है और मुझे चक्की चलाते हुए मीठी नींद आ रही है पर सासूजी के स्वभाव से डरकर मैं मनभर सूंप पर पिसाई कर रही हूँ।

---

1 राजस्थानी लोकसाहित्य का सैद्धांतिक विवेचन : डॉ. सोहनदान चारण, पृ. 112,83

चरखा गीत

गीतः चाल रे चरखला, हाल रे चरखला
लाकू तेरो सोवणो, लाल गुलाबी माल
चरकू मरकूं फिरै घेरणी मधरो मधरो चाल ।।
चाल रे चरखला।
गुड्डी तेरी रॉंग रंगीली, तकली चक्करदार
चोखो वण्यो दमकड़ो तेरो, कूकड़िये री लार ।।
चाल रे चरखला।
कातणवाली छैल-छबीली, बैठी पीढ़ो ढाळ
महीं-महीं वा पूणीं कातै, लंबो काढे तार ।।
चाल रे चरखला।[1]

अर्थः ताकू (तकुवा), माल (मालाकार डोर), घेरणी (हत्था), गुड्डी, तकली, दमकड़ो, कूकड़ी ,पूणी, तार आदि विशेष शब्द हैं जो चरखे के यंत्र से संबंध रखते हैं। पर आज जमाने में यह शब्द को भी भूल रहे हैं। छैल छबीली कतिन की भावना इस विवरण में जान डाल देती है।

बालिकाओं के गीत

बालिकाएँ अपना मनोरंजन करने के लिए ऐसे अनेक गीत गाया करती हैं जिसका कोई अर्थ नहीं होता। केवल तुक मिलाने के लिए शब्दों का प्रयोग होता है। जैसे छोटी थाली में खाजा है। मेरा बाप दिल्ली का राजा है। (यहाँ राजा और खाजा केवल तुक मिलाने के लिए प्रयुक्त किया गया है।) जैसे-

गीतः थाल किये में खाजा।
म्हारो बाप दिली रो राजा।
राय राती झंबो।
पटियार राती झंबो।
मटकी में ठंडो पाणी।
म्हारी मा दिली री राणी।
म्हारे आंगण पड़ी पराई।
म्हारी मा करी पराई।[2]

बालक बालिकाओं के बचपन के खिलवाड़ निष्पाप होते हैं। बालक का बचपन ईश्वरीय अनमोल देन है। छोटी बहन घर पर है और बड़ी ससुराल में। उसे याद कर छोटी भोली बालिका मोर से कहती है-

गीत : मोरिया, तने किसड़े गढ़ रो मारग वालो लागे रे। धन मोरिया ।।
मने जोधाणे रो मारग वालो लागे रे, धन मोरिया ।।

1-2. राजस्थानी लोकगीत

मोरिया, तूँ तो बाई सा' रे बागाँ गहरो बोली रे। धन मोरिया ॥
बाई सा' तने ठंडो पाणी पासी रे। धन मोरिया।
मोरिया, तूँ बाई सा' री मेड्याँ मधरो बोली रे। धन मोरिया ॥
बाई सा' तने चूरमियो जीमासी रे। धन मोरिया।[1]

अर्थ: मोर, तुझे कौन से देश का मार्ग अच्छा लगता है?
बहन, मुझे जोधपुर का मार्ग भला लगता है।
प्यारे मोर, वहाँ तू मेरी बहन के बाग में जाकर गंभीर स्वर में बोलना, बहन तुझे शीतल जल पीलाएगी।
मोर, तू बहन के महल के पास जाकर मधुर स्वर में बोलना। बहन तुझे मीठा मीठा चूरमा खिलाएगी।
धन्य प्यारे मोर।

× × × × ×

बडी बहन ससुराल से घर आई। उसकी छोटी बहन उससे अनेक प्रकार के प्रश्न पूछती है। इस भोली छोटी चिड़िया को क्या पता ससुराल क्या होती है। बहन का प्रश्नोत्तर गीत-

गीतः काळी ए कोयलड़ी, तू वन में कींकर रहती ए।
काचा पाका आँबा खाती मेवासियाँ रस पीती ए।
थे ओ सोदरा बाई सा' सासरिये क्यूँ रहता ओ।
सास ननद रे सारे बारे झीणें, घूँघट रहता ओ।
थे ओ गवराँ बाई सा, सासरिये क्यूँ रहता ओ।
महलाँ बैठा मोती पोता वीरो सा'री बाटाँ जोता ओ।[2]

अर्थ: प्रश्न : ए काली कोयल, तू वन में किस प्रकार रहती थी?
उत्तरः कच्चे पक्के आम खाती और झरनों का शीतल जल पीती।
प्रश्नः बहन सुभद्रा, तू ससुराल में किस तरह रही?
उत्तरः सास ननद के अधीन लंबा घूँघट निकालकर।
प्रश्नः बहन गौरी, तू ससुराल में किस तरह रही?
उत्तरः महलों में बैठी मोती पिरोती और भाई की बाट जोहती, कि अब वह आवे और पीहर ले जाए।
सचमुच, पीहर लड़की के लिए सुखों का भंडार है।

× × × × ×

गीत : चाँद चढयो गिरनार, किरत्याँ ढळ रहियाँजी ढळ रहियाँ।
अब बाई घरे पधार, माऊजी मारेला जी मारेला।
बाबोसा देला गाल, बडोड़ा वीरा बरजेलाजी बरजेला।

1-2. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 42-43

मत दो म्हाँरी बाई ने गाळ, म्हाँरी बाई परदेसण जी परदेसण
आ आज उडे परभात, तडकै उड जासी जी उड जासी।
सावरिये रा दिनड़ा चार, जँवाईड़ो ले ज्यासी ले ज्यासी।[1]

अर्थ : भाई अपनी बहन से कहता है - चाँद आसमान में चढ़ आया है और कृतिकाएँ ढल रही हैं। रात बहुत हो गई। बहन, अब घर में चल, नहीं तो माताजी मारेंगी और पिताजी कड़े शब्द कहेंगे। नहीं, परंतु बड़ा भाई उनको रोकेगा और कहेगा - मेरी बाई को कड़े शब्द न कहो, यह परदेसिन है, आज अथवा कल तक चली जाएगी। सावन के चार दिन हैं - अर्थात् पीहर का निवास थोड़े ही दिन का है। आखिर जँवाई आएगा और वह इसे ले जाएगा।

× × × × ×

लड़की पिता से वर माँगती है-

गीतः बाई रा दादोजी चाल्या रथ जोड़, बाई नै रथ थाम लियो।
बाई ए मांगण होय सो मांग, ओ रथ म्हारो हांकण द्यो।
दादाजी, वर मांगूँ भगवान, देवर छोटो लिछमण जी।
दादाजी, सासू कोसल्या माय, सुसरो तो राजा दशरथ जी।[2]

अर्थः लड़की ब्याहने योग्य उमर की हो गई। उसके दादाजी उसके योग्य वर ढूँढने के लिए निकले। रथ तैयार खड़ा है। इतने में लड़की ने आकर रथ को रोक लिया। दादाजी ने कारण पूछा। बेटी, जो माँगना हो सो माँग कर ले ले, रथ को हाँकने दे। इस पर लाज छोड़ कर लड़की कहती है - आप वर ढूँढने जा रहे हैं, पर यह ध्यान रहे कि मेरा वर भगवान रामचंद्र जैसे गुण शील वाला हो। देवर लक्ष्मण जैसा हो, सास कौशल्या माता सी हो और ससुर राजा दशरथ सा।

× × × × ×

गणगौर के समय का गीत है। कुमारिकाएँ माता गौरी से वीर-वर याचती हैं-

गीत : मेड़ी बैठो मद पीवै ए, लीली केरो असवार।
खाँधी बाँधे पाघड़ी, मधरी चाले चाल।
कड़ मोड़े घोड़े चढ़ै, चाल निरखतो जाय।
ओ वर देई माता गवरल ए, म्हे थाँ ने पूजण आय।
चूलै केरो चाँदणो ए, हाँडी केरो हमीर।
नौ थाळाँ पीवै राबड़ो ए, सोला रोटी खाय।
बो वर टाळी माता गोरल ए, म्हे थाँ ने पूजण आय।[3]

कहीं कहीं इस गीत में ये पंक्तियाँ भी जुड़ी मिलती हैं-

लीली घोड़ी हाँसली, अलबेलो असवार।

1-2-3. राजस्थानी लोकगीत : स्व. श्री सूर्यकरण पारीक, पृ. 43-45-46

कड्याँ कटारी बाँकड़ी, सोरठडी तरवार।

अर्थः कुमारिका माता गौरी से याचना करते हुए कहती है मेरा वर वीर-पुरुष हो। जो महलों में बैठ कर मद (प्रेम मद) पीवे और बाहर नीली गोडी पर सवार हो नीकले। उसकी पगड़ी टेढ़ी बँधी हो और वह (मस्तानी) धीमी चाल से चले। घोड़े पर चढ़ कर वह अकड़ कर शान से जाय। हे माता गौरी, मैं तुझे पूजने आई हूँ, तु मुझे ऐसा वर दे।

साथ ही प्रार्थना करती है कि इस प्रकार का वर न मिले - जो चूल्हे का चाँद हो और हाँडी का अमीर हो, नौ थालियाँ भर कर राबड़ी खा जाय, तो भी जिसका पेट न भरे, सोलह रोटियाँ खाने पर भी जो न अधाय - ऐसे वर से बचाना।

बालिकाएँ होली के वक्त गाती हैं-

गीतः होली आई ए फूलाँ की झोली भर लाई।
खेलण दे केसरिया बाग में।
अे ईसरजी लाला खेले केसरिया बाग में, झिरमटियो क ले।
उनका हाथ में सोना का चिटिया, झिरमटियो क ले।
बां की जेब में अन्तर की सिसी, झिरमटियो क ले।
म्हार म्हारा म्हारा ईसरजी, झिरमटियो क ले।[1]

गीतः होली आई, ए सहेल्यां, मिल खेलां लूर, होली आयी ए।
कोई कोई ओढ़या झीणी झीणी चूनड़,
कोई कोई ओढया दिखड़ी रो चीर, होली आई ।
कोई कोई पहेरयां, पायलड़ी होली आई ए।
रिमझिम रिमझिम बिछिया बाजै,
ठनक ठनक बाजै पायलड़ी, होली आई ए।
होली....... लूर.... ए।[2]

अर्थात् : बालिका सखी से कहती है सखी! होली का त्यौहार आ गया है, आओ सहेलियों, संग मिलकर होली खेलें। किसी सखी ने झीनी चूनरिया ओढ़ रखी है तो किसी ने दक्षिणी चीर (वस्त्र) ओढ़ रखा है। होली आई है सखियों, संग मिल होली खेलें। किसी ने रुनझुन बिछिया पहन रखी है तो किसी ने पायल। बिछिया रुनझुन बजने लगी है और पायल ठनकने लगी हैं। आओ सखियों, संग मिलकर होली खेलें और आनंद मनाएँ।

× × × ×

1-2. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल

झूले का गीतः

झूलन चली राधे झुक आये बदरा, झुक आये बदरा, उमड़ आये बदरा।
काहे की डोर काहे की है पटली, काहे की डाली पर डाला हे झूलनवा।
रेशम की डोर चंदन की पटली है, आम्बे की डाली पर डाला है झूलनवा।
कौन सखि तेरे झूलन आई, कौन सखि तुझे दे रही झोटा।
ललिता सखि मेरे झूलन आई, विशाखा सभी मुझे दे रही झोटा।[1]

अर्थः सखि राधा झूला झूलने चली है और बादल झुक आए हैं, उमड़ पड़े हैं। सखियाँ पूछती हैं झूले की डोर किससे बनी है और पटली (बैठने वाला भाग) किसकी बनी है? और किसकी डाल पर झूला डाला गया है? तभी वह उत्तर देती है कि झूले की रेशम की डोर है, चंदन की पटली है और आम की डाली पर झूला डाला गया है। आगे सखियाँ पूछती हैं तेरे संग कौन सखियाँ झूलने आईं? और किसने तुझे झूला झुलाया? उत्तर में कहती है, ललिता मेरे साथ झूलने आई और विशाखा आदि सखियों ने मुझे झूला झुलाया।

×××××

चरखा गीत

चरखो हिरदै को चाव घण्यो। टेक.
काहे को तेरो बण्यो चरखलो, काहे को रे जडाव जडियो।
अगर चनण को मेरो बण्यो चरखलो, सोने को रे जडाव जडियो।
कै मासां को तेर बण्यो चरखलो, कै मासां को जडाव जडियो।
दस मासां को मेरो बण्यो चरखलो, नौ मासां को जडाव जडियो।
कुण सै सहर तेरो बण्ये चरखलो, कुण सै सहर जडाव जडियो।
दिली ए सहर मेरो बण्यो चरखलो, जैपुरिये में जडाव जडियो।[2]

अर्थः चरखे से हृदय को बहुत प्रेम है। सखियाँ पूछती हैं - तेरा चरखा किसका बना है? उसे किसने जड़ाया है? अगर चंदन के काष्ट से मेरा चरखा बना है और उसे सोने से जड़वाया है। कितने महीने में तेरा चरखा बना? और कितने महीने जड़ने में लगे? दस महीने में मेरा चरखा बना और नौ महीने जड़ने (सजाने) में लगे। कौन से शहर में चरखा बना? और कहाँ से जड़वाया? दिल्ली शहरमें मेरा चरखा बना और जयपुर से जड़वाया है।

× × × × ×

शिकार सम्बन्धी लोकगीत

शिकार संबंधी कुछ लोकगीत राजस्थान में बहुत प्रचलित हैं। उनमें से सुअर के संबंध में एक गीत इस प्रकार है-

गीतः सूअरिया ए चढ़ ऊँची जोवजै कांई करे ओ बेटा राव रा?
भूंडणडी ए अठे चढ़िया बेटा रावजी रा।
सुअरिया ए ऊँचो चढ़ जोवजै कांई... राव रा?..

1-2. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल

भूंडणी ए भाला रा झलका एडे चढ़िया,
भूंडणी तरवाराँ चमक्यां सेलड़ा,
ए जाय न छपाड़े थारा छेबरिया।
सुअरिया रे कठे तो छपाडूं म्हारा छेबरिया
भूंडणी ये खींचीया रे जाइजै, बढीने छपाडे थारा छेबरिया
सुअरिया रे खींचियां रा रे बेटा अनीता पटक पछाड़े मारा बाबरिया
सुअरिया ए ऊँचो चढ़ने नाल जै काँई करे ओ बेटा राव रा?
भूंडणी ए भाला झलकाता आया एड़ा चढ़िया बेटा राव रा।
ए जायन छपाड़े थारा छेबरिया
भूंडणडी ए राठोडाँ रै आवजे वठे छपाड़े थारा छेबरिया
सूअरिया रे राठोडाँ रा बेटा घणा रे अनीता,
पटक पछाड़े म्हारा छेबरिया।
सूअरिया रे ऊँचो..... रावरा?
भूंडणडी ए चढे चढ़िया बेटा राव़जी रा, पटक पछाड़े थारा छेबरिया।
सूअरिया रे कठै तो छपाडूँ म्हारा छेबरिया?
भूंडणडी ए भाटियाँ रे आवजे
भाटियाँ रे जायजे छपाडा थारा छेबरिया
भाटियाँ रा बेटा घणाँ रे सन्तोखी
ऊंडा ने ओवरा में राखै म्हारा छेबरिया।[1]

अर्थः सुअरिया। ऊँचा चडकर देखना। राव के बेटे क्या करते हैं? भूंडण ए। राव के बेटे चढ़ आये हैं। सूअरिया रे ऊँचा चढ़कर देखना, राव के बेटे क्या करते हैं? भूंडन ए, भालों की नौकें चमकती हैं, ऐसे चढ़े हैं। भूंडन ए तलवार और रौले चमकती हैं। तू जाकर अपने बच्चों को छिपा ले। सूअरिया रे, अपने बच्चों को कहाँ छिपाऊँ? भूंडन ए, खीचियों के जाना, उधर अपने बच्चों को छिपा देना। सूअरिया, खीचियों के बेटे अनीते हैं, मेरे बच्चों को पटक पछाड़ेंगे। सूअरिया रे, ऊँचा चढ़ कर देख, राव के बेटे क्या कर रहे हैं? भूंडन, भाले चमकाते आते हैं, राव के बेटे। तू जाकर अपने बच्चों को छिपा ले। भूंडन ए राठौडों के जाना, वहाँ अपने बच्चों को छिपाना। सूअरिया, राठौड़ों के बेटे बहुत अनीते हैं। मेरे बच्चों को पटक पछाड़ेंगे। सूअरिया रे, ऊँचा चडकर देख, राव के बेटे क्या करते हैं? भूंडन ए, रावजी के बेटे ऐसे चढ़े हैं कि तुम्हारे बच्चों को पटक पछाड़ेंगे। सूअरिया रे, अपने बच्चों को कहाँ छिपाऊँ? भूंडन ए, भाटियों के जाना। वहाँ बच्चे छिपाना। भाटियों के बेटे बहुत संतोष देने वाले हैं। भीतर के कमरे में मेरे बच्चों को रखेंगे।

× × × × ×

---

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 181-182

वनराज को संबोधित करते हुए कहा गया है कि या तो पहाड़ छोड़ दे, अन्यथा मारा जाएगा।

गीतः मगरो छोड दे रे वन रा राजा, मारियो जासी रे।
जंगल छोड़ दे रे वन रा राजा मारियो जासी रे।
शिकारी आसी रे मगरो छोड़ दे रे।
पातलिया प्रतापसी नितरी खबरां आवे रे
म्हारा राजा रे पधारो, मगरो छोड़ दे,
बन रा राजा मगरो छोड़ दे रे मारियो जासी रे।[1]

अर्थात्: वन के राजा पहाड़ छोड़ दे, नहीं तो मारा जाएगा। जंगल छोड़ दे वन के राजा। नहीं तो मारा जाएगा। शिकारी आएँगे, पहाड़ छोड़ दे। प्रतापसिंह के पास तेरे नित्य समाचार आते हैं – हमारे राजा जल्दी शिकार करने पधारें। वन के राजा पहाड़ छोड़ दे, नहीं तो मारा जाएगा।

× × × × ×

प्रभाती गीत

हरजस – ध्रुजी

अर ध्रुजी ध्यान धरो हिरदा में।
बाळपना भाई हरि हर बाळपना भाई।
सब देवन का देव कहीजै बैकुण्ठा भाई।
हरि ने सिमरो रे भाई राम ने सिमरे रे भाई।
श्री कृष्णजी ने सामां मिल गया कंस राज सांई।
अर एडी पकड़ और चोटी पकड़ी ठोड़ी ठरकाई।
राम ने सिमरो रे भाई हरि ने सिमरो रे भाई। सब......... भाई।
लख चौरासी भटकत भटकत मनखा देह पाई।
शिशुपाला जान चढ़ावे वरजे भोजाई।
रुकमण ने सांवरिया ले गया रथ में बैठाई। राम ने सिमरो.....
गंगा न्हाई गोमती न्हाया, और पुष्कर न्हाया।
वैतरणी नदी में पूंछु पकड़ तिरग्या। राम ने...
अरे मीरा बाई तो व्याकुळ होग्या सैण भगत का सांसा मेट्या,
आप बण ग्या भाई। राम ने...
तुलसीदास आस रघुवर की हरी चरणन में चित लगाई।
हाथ जोड़ मैं करुं बीनती हरि चरणन में शीश नवाई।
ग्यारस अमावस और अदितवार ध्रुजी गावै,
ज्यां का बैकुण्ठा में बास ज्यां का बेड़ा पार। राम ने सिमरो रे भाई...[2]

× × × × ×

1. राजस्थानी साहित्य का इतिहास : डॉ. पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, पृ. 181-182
2. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल

रंगीलो (राधाकृष्ण संबंधी)

आजा आजा ए अलबेली राधा भर ले जमना नीर।
थां सै प्रीत कौन करे जी थे चोटूना बाज।
जरा सी बुरकी डालता, जरा सी बंसी बजावता, मोह लिया संसार।
आजा........ नीर।
पैली तो गोप्यां ठगी थे, पाछै कुबजा नार।
अर मीरा ने सामण करी जी। अब थांका कुण करे इतबार।
लोग थांनै यों कहवै जी, ब्रज का माखण चोर।
पर नारयां संग ताकता अर आप चरावै ढोर।
सौगन खाओ तीर पर जी, बचन देओ भरपूर। आजा आजा.
जद मैं पल्लो छोड़ सूं नित उठ करुं कलेस।
गोप्यां संग रास रचाबो छोड़ दीज्यो।
चन्द्रसखी भज बालकृष्णजी, ले गयो कृष्ण मुरार।[1]

(अजमेर की एक महिला से प्राप्त)

× × × × ×

प्रभाती

कार्तिक का हरजस (शेखावटी बोली में)

ऊठो राणी रुकमण करो ए रेसोई।
म्हें क्यूं करा ए रसोई म्हारो अंग पसीजै।
थारो अंग पसीजै असनान करीज्यो।
सनान करां तो म्हांनै कानूड़ो सो दीखै।
कानूड़ो सो दीखै आड़ा पड़दा लगाद्यां।
झट से उठी राणी रुकमण करी ए रसोई।
हर का चौका दीन्या, भारी दीनी, कुंभ कळस भर लाई।[2]

अर्थ: प्रभात में गाया जानेवाला गीत है। जिसमें कहा गया है राणी रुकमणी प्रातः उठकर रसोई (भोजन) तैयार करो। तभी वह कहती है मैं रसोई क्यों तैयार करूँ? उससे मेरा शरीर पसीने से भीग जाता है। यदि तेरा अंग पीसने से भीगता है तो स्नान कर लेना। वह बोली स्नान करती हूँ तो कन्हैया देखता है। यदि कान्हा देखता है तो आड़ा परदा कर लो। इस पर राणी रुकमणी झट से उठी और रसोई बनाई। इसके आगे हर को निमंत्रण देकर जीमण बिठाया और पानी पीने के लिए कलश भर लाई।

× × × × ×

1. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल (इन्हें साहित्य संस्थान, उदयपुर से प्राप्त हुए।)

श्रीकृष्ण बाल लीला संबंधी गीत (नाग लीला)

सोवन चेटियो गेंद भरियो, किसन खेलण नीसरा।
जाय जमना में धूम मचाई, कूद पड़ी जी जमना मांय नै।
सूतो जी नाग जागै जी नागन, नागन ढालै वायरो।
कांई तू तो रे मारग भूलियो, कांई बैरी बिलमा लियो।
किसड़ी दिसां सों आयो रे लाला, किड़ी दिसां सों जाय।
कौनी के तो पुतर कहीजे, कांई तुम्हारो नाम ए।
अगुनी दिसा सों आयो ए नागन, पाताळों में आइयो।
राजा नन्दजी को पुतर कहीजे ए श्री केसन म्हारो नाम है।
थारा ए नाग से खेलूँ झरपटिया, जदी हमारो नाम है।
मात जसोदा दइडौ बिलौवे, ने तो करुं थारे नाग को।
विन्दारावान में डालो हिंडोलो, डोरी करूं थारे नाग की।[1]

× × × × ×

गीत – बाल गोपाल

गोपाल पालणै ढूले। टेक
काहे को तेरो बण्यो पालणो, काहे की लड़ लूमै।
अगर चनण को मेरो बण्यो पालणो, रेशम की लड़ लूमै।
कुण से सहर तेरो बण्यो पालणो, कुण से सहर में झूलै।
मथराजी में मेरो बण्यो पालणो, गढ़ गोकुल में झूलै।
के मासां को तेरो बण्यो पालणो, के मासां की लड़ लूमै।
नौ मासां को मेरो बण्यो पालणो, दस मासां की लड़ लूमै।[2]

× × × × ×

भजन (नरसिंह मेहता)

म्हारी हुंडी स्वीकारो महाराज रे, सांवलिया गिरधारी।
परभु एक तुम्हारो आधार रे, सांवलिया गिरधारी।
म्हारै दौलत जाज परवान रे, सांवलिया गिरधारी।
म्हारी हुंडी स्वीकारो महाराज रे, सांवलिया गिरधारी।
राणाजी से हठ करी बाई मीरा के सारे काज रे।
जेहर रा प्याला मोकला रे वालो जेट न जावन हार रे।
सांवलिया गिरधारी।[3]

× × × × ×

1-2-3. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल, पृ. 99,110,65

सतगुरु

इण तो संसार सागै नाग खड़्यो है।
पाहती जासो तो डस जावै म्हारा ग्यानी गुरुजी,
ओवासर जी ऊबा रीज्यो।
थांका चरण पकड़ती जाऊँ, थांका चोळो पकड़ती जाऊँजी।
इण तो संसार सागै ऊँडी कूई,
नीची झुकूँ तो गिर जाऊँ, ओ म्हारा सदा सहाई गुरुजी।[1]

(अजमेर की एक महिला से प्राप्त)

× × × × ×

मन राम भजन बिन मैलो। टेक.
एक डाळ दोय पंछी बैठ्या, कुण गुरु कुण चेलो।
गुरु की करणी गुरु भी जायगा, चेले की करणी चेलो।
एक डाळ से पान ज टूट्यो, लागै ना फेर दुहैलो।
ना जाण कित जाय पडैगो, लाग पून को रेलो।
यो संसार माया की नगरी, दो दिन को सो खेलो।
सोच समझ कर हर का गुण गालै, उत गुरु दे रह्यो हेलो।[2]

(शांति आश्रम, बिकानेर से प्राप्त)

× × × × ×

पौराणिक–कथा संबंधी

रामायण संबंधी गीत

स्वयंवर

छोटे छोटे चरण चरण विच कंवल,
आओ रामजी, स्वयंबर रचाओ, धनुष उठाओ,
सांवली सूरत म्हारे मन में बसी।
तोड़ जी धनुष करयो दोय टुकड़ा, आओ रामजी धनुष उठाओ।
ले वरमाला जानकी आई माला पहरावत रामजी हंस्या।
जे नर नारी जानकी ने संवरे, हा रामजी सदा ही सुहाग वे भोगे।
तुलसीदास आस रघुवर की, हरि के चरणों मे ध्यान लगावा।
सांवली सूरत म्हारे मन में बसै।
मोहनीसूरत म्हारे मन में बसै।[3]

(अजमेर की एक महिला से प्राप्त)

× × × × ×

1-2-3. राजस्थानी लोकगीत : डॉ स्वर्णलता अग्रवाल, पृ. 102,103,65

गीत – भरत मिलाप

उठ मिल ले भरत भैया हर आए, उठ मिल ले। टेक
भूरा भूरा हस्ती जरद अम्बारी, ऊपर चंवर ढुरत आए।
भुजा पसार मिल्या च्यारुं भाई, नैणां नीर ढुळक आए।
कहो जी भाई, थे बनखण्ड की बातां, कैसी कैसी विपत भुगत आए।
पान बिछाया भैया, बनफल खाया, ऐसी ऐसी विपत भुगत आए।
रावण मार अहिरावण मारयो, बांह पकड़ सीता लाए।
मात कोसल्या हर को करत आरती, तुलसीदास जस कथ गाए।[1]

× × × × ×

दशहरे का गीत

रावण मार राम घर आये, घर घर बटत बधाई जी।
पंडित पतड़ो बांच सुणा रे, म्हारो राम लिछमण कद आवे रे।
राम बिना म्हारी सूनी अयोध्या, लिछमण बिन ठुकराई।
सीता बिना म्हारी सूनी रसोई, कौन करे चतुराई जी।
पंडित पतड़ो बाँच सूणा रे, म्हारो राम लिछमण कद आवे रे।
माता कोसल्या करत आरती, जग मग ज्योति सवाई जी।[2]

× × × × ×

गीता (भावगत) संबंधी

छोटो सो अर्जन बीनवै सुनो बैकुंठा का नाथ।
मथरा में प्रभु जनमिया जी गोकुल चराई गाय।
चोर चोर माखन खायो जी जगत में बाजो शोर।
गीता धरम का उपकार गीता काया का कल्याण।
हाथ गीता कान कुण्डल गल तुल्छ्यां की माला।
छापा तिलक लगावतां म्हारा भगत का श्रृंगार।
अर्जुन समझो गीता सार पंडित पढ़ोजी गीता सार।
काळी दै मैं कूदिया, प्रभु नाथ्यो काळो नाग।
फण फण निरत करावतां नागण ने अमर सुहाग।
ब्रज में इन्दर कोपियो बरस्यो मूसळधार।
नख पे गिरवर धारियो जी सारी ब्रज ने लियो उबार।
एक समय बन में गया प्रभु बन में पाया भोग।
भाव देखा भीलनी का खाया झूठा बोर।
भगत थांकै कारणो अवतार धारया चौबीस।

1-2. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल, पृ. 65-66

आकार नै साकार नै म्हारा भगत का आधीन।
जे कोई गीता गावसी होसी सदा बैकुण्ठा का वास।
कन्या गावै घर वर पावै, परणी गावै पुत्र खिलावै।
बूढ़ी गावै गंगा न्हावै, सुण्या सदा सुख पावै।[1]

× × × × ×

प्रहलाद

प्रहलाद भज्यो राम भज्यो गोविन्दा।
हिरणाकुस खाई मार राधे गोविन्दा।
नहिं भजो तो खासो मार राधे गोविन्दा।
भजो दो भवसागर तर जाई, वीर विभीषण भजियो राम,
रावण के लाग्या बाण। राधे..
वै भजन बड़ा बलवान, वे भवसागर तिर जाय। राधे.
करमा बाई भज्यो राम, दावडिया को परदो तान। राधे.
मीराबाई भज्यो राम, राणोजी खाई मार। रादे.
वै भजन बड़ो उपकार, अरुंधती भज्यो राम। राधे.
सेवा में चीर बढ़ाय। राधे.
भीलणी भज्यो राम, वै जूंठ्या बोर खाय। राधे.
लिछमण कै लाग्यो बाण, हनुमत भज्यो राम। राधे.
लंका में जीत कराय। राधे गोविन्दा।[2]

× × × × ×

गीत – नरसी का माहेरा

भरदे माहेरो सांवरिया नानी बाई को। टेक.
और सगां ने म्हेल मालिया, नरसी भगत ने है टूटेड़ी टपरी।
और सगां ने हीगलू ढोलिया, नरसी भगत ने टूटेड़ी मचली।
और सगां ने साल दुसाला, नरसी भगत ने है फाटेड़ी गुदड़ी।
और सगां ने दूध पतासा, नरसी भगत ने है सूकेड़ी टुकड़ी।[3]

× × × × ×

गीत – भरथरी

करे लीला को दिया किसने दिया जोग।
जोगी मत हाओ बाली बस में।
सुन चम्पा बेना रस्ता बता दे अमर कोट का।
राजा भरथरी तेरा मामा अमर हो गया नामूं।[4]

1-2-3-4. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल, पृ. 100, 102, 113, 114

सिद्ध पुरुषों के गीत

गूगोजी (गोगाजी)

गोगो सूत्यो बड़ तळै, सूत्यो रे सुख भर नींद,
वारी म्हारा गोगा भल रहिवो।
माय जगावै गोगोजी की उठ उठ ओ म्हारा गोगा लाल।
मोदा पड्या बिलोबण रीती रे थारी जाय छछियार।
सूत्यो गोगो ओदक्यो टूट्या रे चारुं साल। वारी म्हारा...
ल्याओ ल्याओ पांचू कापडो, ल्याओ ल्याओ रे म्हारा पांच हत्यार।
हरजन मारयो वड़ तलै, सरजन रे सरवरिया री पाळ।
मारया रे मासी रा लाल।[1]

(बीकानेर की मूलीबाई से प्राप्त)

× × × × ×

रामदेवजी

कोठे तो बाजा ओ अजमलजी रा धावा बाजिया,
बारी जाऊँ कोठे तो धुरा छै निसाण।
आज अजमलजी रो छावो कलन धो कस्या ए,
रुणीचे तो बाजा ओ अजमलजी रा धावा बाजिया।[2]

× × × × ×

पाबूजी

ए पाबूजी राठोड़ां ने केसर छोड़ी जी ओ,
सूंदेही तोलेगाओ,
ए सुरग पधारया जी रे बै तो ओ,
छतरपती जी ओ, कुमलागो ए।
ए खांडो तो जीत्यो रे खीचीड़ी रो ओ,
दिंदवाला तो जी ओ,
ए जुगड़ो जीत्या छै आप तो धणी तो ओ,
बे तो जी रे पाबुजी ओ। कुमलागो ए।[3]

× × × × ×

तेजाजी

गाज्यो गाज्यो जेठ अषाढ, लगतोई बूठो सावण भादलो।
धरती रो मांडण मेहो, आभै री मांडण चमकै बीजली।
छतरी रो मांडण छाजो, कूवै रो मांडण मरवो केवड़ो।

1-2-3. राजस्थानी लोकगीत : डॉ. स्वर्णलता अग्रवाल, पृ. 87, 89, 115

गौरी रो मांडण धरण्यो सायबो।
सूतो सुखबर नींद कंवर तेजाजी, थारा साथीडा बीजै कंकड़ बाजरो।
झूठी झूठ मत बोलो ए झरणी माता , म्हारा साथीड़ा हींडै रंगू रे पालणे।
कुण भातो भरै ए झिरणी माता, कुण लावै बळदां री नीरणी।
भावज भात भरै रे कंवर तेजाजी, बेनड़ लावै बळदां री नीरणी।
कठै भात उतारूं कंवर तेजाजी, कठै उतारूं बैला री नीरणी।
खेजड़ हेठे भात उतारो भोजाई म्हारी, घोरां तो उतारो बैलां री निरणी।[1]

× × × × ×

भभूतो सिध

हाथ मगेरन गेडियो, भभूता सिद्ध रेवड़ियो चरावण जाय।
रेवड़ छोडयो ताल में, भभूता सिद्ध धोरां लियो विसराम।
सूतै ने पैणो पी पायो, लागी लागी कालूडे री फेंट (काला नाग)।
उठो रे साथीड़ा कर लो चानणो, भभूते नै डसग्यो काळो नाग।
बाबोजी उडीकै कोटरयां, भभूता सिद्ध माऊजी रसोयां मांय।
सजा बाई उड़ीकै सासरे, भभूता सिद्ध गोरी धाए महलां रे मांय।
भाय सपूती बरजियो, भभूता सिद्ध वार बुधवार मत जाय।[2]

× × × × ×

दानवीर जगदेव पँवार

बारहवीं शताब्दी में सिद्धराज जयसिंह सोलंकी अनहिलवाड़ पाटण में राज्य करता था। इसके यहाँ जगदेव पँवार नाम का एक बड़ा स्वामिभक्त वीर क्षत्रिय नौकर था जिसका नाम आदर्श त्यागियों में प्रसिद्ध है। स्वयं जयसिंह सोलंकी से स्पर्धा हो जाने पर इसने अपने से अपना मस्तक काटकर चामुंडी का उपासिका - कंकाली को दे दिया था। इसी त्याग-वीरता का बखान एक गीत में किया गया है-

